www.epaper.azadsipahi.com
* ओड़िशा संस्करण
30 सितंबर, 2022
आश्विन, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
शुक्रवार, वर्ष 07, अंक 340
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

SURJABASHA

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI
No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION
2023-24
NURSERY to IX[th]
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301




## 36वें राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ, बोले पीएम मोदी

# जुड़ेगा इंडिया.. जीतेगा इंडिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद में 36वें राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ किया। देश में सात साल बाद राष्ट्रीय खेलों का आयोजन हो रहा है और 36वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन समारोह अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुआ। इस समारोह में पीएम मोदी ने स्वर्णिम गुजरात यूनिवर्सिटी का वर्चुअल लॉन्च भी किया। यह यूनिवर्सिटी 100 करोड़ से ज्यादा की लागत से बनी है। पीएम मोदी ने इस कार्यक्रम में जुड़ेगा इंडिया.. जीतेगा इंडिया का नारा दिया। गुजरात को पहली बार राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी मिली है। गुजरात के छह शहरों अहमदाबाद, गांधीनगर, सूरत, वडोदरा, राजकोट और भावनगर में अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह खेल की दुनिया में देश के सुनहरे भविष्य का आगाज है। उन्होंने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा स्टेडियम, इतना युवा देश और देश का सबसे बड़ा खेल उत्सव। जब आयोजन इतना अद्भुत और अद्वितीय हो, तो उसकी ऊर्जा ऐसी ही असाधारण होगी। आपकी एक चमक आगाज है खेल की दुनिया में आने वाले सुनहरे भविष्य के लिए। नेशनल गेम्स का यह प्लेटफॉर्म एक नया लॉन्चिंग पैड का काम करेगा। सभी खिलाड़ियों को मेरी तरफ से बहुत-बहुत शुभकामनाएं। मैं यहां के लोगों की भी सराहना करता हूं, जिन्होंने बहुत कम समय में नेशनल गेम्स का आयोजन किया। कल अहमदाबाद में जिस तरह का शानदार, भव्य ड्रोन शो हुआ, वो देखकर तो हर कोई अचंभित है, गर्व से भरा हुआ है। टेक्नोलॉजी का ऐसा सधा हुआ इस्तेमाल, ड्रोन की तरह ही गुजरात को, भारत को नई ऊंचाई पर ले जायेगा।

पीएम ने कहा कि सरदार पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में फुटबाल, हॉकी, बास्केटबॉल, कबड्डी, बॉक्सिंग और लॉन टेनिस जैसे अनेकों खेलों की सुविधा एक साथ उपलब्ध है। ये एक तरह से पूरे देश के लिए एक मॉडल है। खेल के मैदान में खिलाड़ियों की जीत, उनका दमदार प्रदर्शन, अन्य क्षेत्रों में देश की जीत का भी रास्ता बनाता है। स्पोर्ट्स की सॉफ्ट पावर, देश की पहचान को, देश की छवि को कई गुना ज्यादा बेहतर बना देती है। इस समय नवरात्रि का पावन अवसर भी चल रहा है। गुजरात में मां दुर्गा की उपासना से लेकर गरबा तक, यहां की अपनी अलग ही पहचान है। जो खिलाड़ी दूसरे राज्यों से आए हैं, उनसे मैं कहूंगा कि खेल के साथ ही यहां नवरात्रि आयोजन का भी आनंद जरूर लीजिए।

पीएम मोदी ने कहा कि सक्सेस स्टार्ट्स विथ एक्शन। आपने जिस क्षण शुरुआत कर दी, उसी क्षण सफलता की शुरुआत भी हो गयी। आप लड़खड़ा सकते हैं, गिर सकते हैं और परेशान हो सकते हैं, लेकिन अगर आपने लड़ने का जज्बा नहीं छोड़ा तो सफलता एक-एक कदम करके आपकी तरफ आ रही है। आठ साल पहले भारत के खिलाड़ी 20-25 खेलों को खेलने ही जाते थे। अब भारत के खिलाड़ी करीब 40 अलग-अलग खेलों में हिस्सा लेने जाते हैं।

## सीएम ने दी मदरसा-संस्कृत स्कूल के शिक्षकों को सौगात

# 180 अराजकीय मदरसा और 11 संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों को मिलेगी पेंशन

- कैबिनेट से 30 प्रस्तावों को मिली मंजूरी
- रांची-पुरुलिया फोरलेन सड़क बनेगी
- लोहरदगा, खूंटी, सरायकेला खरसांवा में बनेगा क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल
- जमशेदपुर में अंतरराज्यीय बस टर्मिनल का होगा निर्माण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मदरसा और संस्कृत स्कूलों के शिक्षकों को सौगत दी है। अब इन्हें भी पेंशन का लाभ मिलेगा। कैबिनेट ने राज्य में संचालित 180 अराजकीय प्रस्वीकृत मदरसों एवं 11 अराजकीय प्रस्वीकृत संस्कृत विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों को पेंशन/उपादान तथा नवीन अंशदायी पेंशन योजना की स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गरुवार को हुई बैठक में इसके अलावा रांची-पुरुलिया सड़क को फोर लेन बनाने, लोहरदगा, खूंटी सरायकेला-खरसांवा में क्रिटिकल केयर अस्पताल के निर्माण, जमशेदपुर में अंतरराज्यीय बस टर्मिनल के निर्माण समेत 30 प्रस्तावों को कैबिनेट से मंजूरी दी गयी।

**रांची में फोर लेन सड़क :** रांची पुरुलिया सड़क फोरलेन होगी। इस पर राज्य सरकार 181.73 करोड़ रुपये खर्च करेगी। यह सड़क काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है। रांची को सीधे पश्चिम बंगाल से जोड़ती है। इसी तरह बरियातू के बड़गाई लेम बोड़ेगया रोड के 4 लेन के लिए 111.35 करोड़ की योजना की मंजूरी दी गयी। नगड़ी ब्लॉक के मुरमा मौजा में कुष्ठ रोगियों के लिए 256 आवास बनाने की मंजूरी दी गयी इसमें 33.25 करोड़ की लागत आयेगी। जमशेदपुर में 70 करोड़ 40 लाख की लागत से अंतरराज्यीय बस पड़ाव का निर्माण कराया जायेगा। इस बस पड़ाव का संचालन पीपीपी मोड में होगा। झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट समिति का गठन किया गया, दुमका में इसका प्रशिक्षण संस्थान होगा।

**तीन जिलों में हेल्थ सेंटर :** कैबिनेट ने लोहरदगा, सरायकेला-खरसावां और खूंटी जिले में 100 बेड का क्रिटिकल केयर हेल्थ सेंटर का भवन निर्माण कराया जायेगा। भवन निर्माण के बाद हेल्थ सेंटर में सुविधाएं और बेहतर हो जायेंगी। कैबिनेट की बैठक में चतरा जिले की बचरा नगर पंचायत के विघटन की स्वीकृति दी गयी है। इसी तरह सरकार ने झारखंड औद्योगिक पार्क एवं लॉजिस्टिक नीति के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। उधर, चतरा जिला अंतर्गत नवगठित बचरा नगर पंचायत के विघटन की स्वीकृति दी गयी

### कैबिनेट के अन्य फैसले



उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड, रांची (उच्च शिक्षा निदेशालय) में वित्त पदाधिकारी एवं अंकेक्षण पदाधिकारी के अतिरिक्त पद सृजन की स्वीकृति।
जल संसाधन विभाग के अंतर्गत पुनरीक्षित पुनर्वास नीति, 2012 के अवधि विस्तार की मंजूरी।
सिविल सर्जनों तथा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्राचार्य एवं अधीक्षक के उपयोग हेतु बाह्य स्रोत के माध्यम से वाहन रखते हुए इस्तेमाल करने की मंजूरी।
झारखंड कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा (डिप्लोमा/ तकनीकी एवं अन्य विशिष्ट योग्यता स्तर) संचालन (संशोधन) नियमावली, 2021 में आवश्यक संशोधन की स्वीकृति।
रामगढ़ में नवगठित कुटुंब न्यायालय हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश स्तर के 01 प्रधान न्यायाधीश के पद के सृजन की मंजूरी।
हजारीबाग जिलान्तर्गत बरही अनुमंडलीय न्यायालय हेतु 04 न्यायिक पदाधिकारियों के पदों के सृजन की मंजूरी।
झारखंड औद्योगिक पार्क एवं लॉजिस्टिक नीति-2022 के प्रस्ताव एवं प्रारूप की स्वीकृति।
झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड को श्रेणी 2 के तहत बालू घाट के संचालन के लिए 16 अगस्त 2022 से तीन वर्ष के लिए अवधि विस्तार की स्वीकृति।

## पटना के बिहटा में अवैध बालू के खेल में गुंडों का प्रदर्शन

# बालू माफिया के दो गुटों में फायरिंग, 5 की मौत, 9 लोग घायल

- मौके से डेढ़ सौ कारतूस के खोखे मिले
- मृतकों के शव छुपाने की कोशिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**आरा (भोजपुर)।** पटना और भोजपुर जिले के बॉर्डर पर बिहटा में गुरुवार को सोन नदी से अवैध तरीके से बालू निकालने को लेकर माफिया के दो गुटों में सैकड़ों राउंड फायरिंग हुई। इस गोलीबारी में 5 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 9 लोग घायल हुए हैं। फिलहाल एक शव मिला है, बाकी शवों की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि बालू पर वर्चस्व को लेकर बालू माफिया के गुट बिहटा के अमनाबाद गांव में आपस में भिड़ गये। बात बढ़ती गयी और दोनों पक्षों में फायरिंग शुरू हो गयी। घटना के बाद माफिया गुटों ने सभी शवों को छुपाने की भी कोशिश की। दोनों जिलों की पुलिस मौके पर जांच कर रही है। मौके से डेढ़ सौ से ज्यादा कारतूस के खोखे मिले हैं।

सुबह करीब 10 बजे के आसपास दोनों पक्षों के बीच सैकड़ों राउंड देसी और विदेशी हथियारों से फायरिंग की गयी। भोजपुर के एसपी संजय कुमार सिंह ने कहा कि गोलीबारी की सूचना मिली है। भोजपुर जिले पुलिस की तीन टीम बॉर्डर पर कैंप कर रही है। भोजपुर जिले के एक व्यक्ति को गोली लगने की सूचना है। आगे की जांच की जा रही है। इस गोलीबारी में भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के रामपुर प्रतापपुर गांव के अभय कुमार सिंह के 25 साल के बेटे विमलेश कुमार की मौत मौत हुई है। बाकी चार शव नहीं मिले हैं। ये चारों मृतक पटना जिले के बताए जा रहे हैं। एजेंसी ने पटना पुलिस के हवाले से 4 लोगों की मौत और 9 के घायल होने की पुष्टि की है। फायरिंग में मारे गए भोजपुर जिले के विमलेश के परिजन ने बताया कि वह मजदूरी करता है। उसके पास फोन आया कि बेटी हुई है। इसके बाद वो अपने घर आ रहा था। इसी बीच कुछ हथियारबंद लोगों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।

# अशोक गहलोत कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव नहीं लड़ेंगे

- गहलोत ने माफीनामा लिखा, कहा जो हुआ, उससे आहत हूं
- सीएम का फैसला सोनिया गांधी लेंगी

आजाद सिपाही संवाददाता


**नयी दिल्ली।** राज्यस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सोनिया गांधी की बैठक खत्म हो गई है। करीब डेढ़ घंटे की मुलाकात के बाद गहलोत ने साफ कर दिया कि वे कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष के साथ बैठकर मैंने बात की है। मैंने हमेशा वफादार सिपाही के रूप में काम किया है। विधायक दल की बैठक के दिन हुई घटना ने सबको हिलाकर रख दिया। ऐसा लगा जैसे कि मैं मुख्यमंत्री बना रहना चाहता हूं, इसलिए मैंने उनसे माफी मांगी है। गहलोत ने गुरुवार को सोनिया से मुलाकात के बाद मीडिया से बता कर रहे थे।

गहलोत ने कहा कि हमारे यहां हमेशा से परंपरा रही है कि हम आलाकमान के लिए एक लाइन का प्रस्ताव पास करते हैं। मुख्यमंत्री होने के बावजूद मैं यह एक लाइन का प्रस्ताव पास नहीं करवा पाया, इस बात का दुख रहेगा। इस घटना ने देश के अंदर कई तरह के मैसेज दे दिये।

गहलोत जब सोनिया से मिलने जा रहे थे तो उनके हाथ में कुछ कागज थे। उसमें हाथ से लिखा हुआ माफीनामा था। यह कैमरे में कैद हो गया। इसमें हाथ से कुछ पॉइंट्स लिखे हुए थे। जिसमें सबसे ऊपर था 'जो कुछ हुआ उसका दुख है, इससे मैं बहुत आहत हूं।'

इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष और राजस्थान सीएम विवाद के बीच दिग्विजय सिंह ने गुरुवार को कहा कि वे अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे। दिग्विजय दिल्ली में कांग्रेस दफ्तर पहुंचे। उन्होंने कहा कि मैं यहां नामांकन फॉर्म लेने आया हूं और कल नामांकन करूंगा।

### पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी लड़ेंगे कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का चुनाव, आज करेंगे नामांकन



**मेदिनीनगर।** पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए नामांकन दाखिल करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए उन्होंने गुरुवार को नामांकन पत्र लिया है, शुक्रवार को एक बजे वह कांग्रेस के दिल्ली स्थित कार्यालय में नामांकन दाखिल करेंगे। केएन त्रिपाठी फिलहाल दिल्ली में हैं, उन्होंने इस बात की पुष्टि की है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए उन्होंने नामांकन पत्र लिया है। कृष्णानंद त्रिपाठी उर्फ केएन त्रिपाठी डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं। राजनीति में आने से पहले वे एयरफोर्स में थे, 2005 में कांग्रेस के टिकट पर पहली बार डालटनगंज सीट पर चुनाव लड़े, हालांकि उन्हें इंदर सिंह नामधारी के हाथों हार का सामना करना पड़ा। 2009 में फिर डालटनगंज सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतरे और जीते। विधायक बनने के बाद वे राज्य सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री बने। 2014 के विधानसभा चुनाव में केएन त्रिपाठी जेवीएम प्रत्याशी आलोक चौरसिया से 5000 मतों से हार गये। डालटनगंज के रेडमा काशी नगर मोहल्ला के रहने वाले केएन त्रिपाठी किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनका जन्म 3 अप्रैल 1972 को अपने ननिहाल बिश्रामपुर के तोलरा गांव में हुआ।

# मुकेश अंबानी को मिली जेड प्लस सिक्योरिटी

## सुरक्षा : आइबी की रिपोर्ट के बाद गृह मंत्रालय ने लिया फैसला

- पहले मिलती थी जेड कैटेगरी की सुरक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उद्योगपति मुकेश अंबानी की सिक्योरिटी बढ़ा दी है। उन्हें अब जेड प्लस कैटेगरी की सिक्योरिटी दी है। सिक्योरिटी पर खर्च का भुगतान मुकेश अंबानी करेंगे। इससे पहले उन्हें जेड कैटेगरी की सिक्योरिटी मिली हुई थी। जानकारी के मुताबिक आइबी की सिफारिश पर गृह मंत्रालय ने यह फैसला लिया है। मुकेश अंबानी की सिक्योरिटी ऐसे समय में बढ़ाई गयी है, जब पिछले साल उनके घर एंटीलिया के बाहर एक संदिग्ध कार मिली थी, जिसमें जिलेटिन की 20 छड़ें पायी गयी थीं। इसके अलावा उन्हें धमकी भरे कॉल भी मिलते रहे हैं। जानकारी के मुताबिक कई दिनों से अंबानी की सिक्योरिटी बढ़ाने को लेकर केंद्र सरकार विचार कर रही थी।

### 58 कमांडो करेंगे मुकेश अंबानी की सिक्योरिटी

सीआरपीएफ के करीब 58 कमांडो मुकेश अंबानी और उनके परिवार की सिक्योरिटी में 24 घंटे तैनात रहेंगे। ये जवान जर्मन में बनी हेकलर एंड कोच एमपी5 सब-मशीन गन समेत कई आधुनिक हथियारों से लैस रहते हैं। इस गन से एक मिनट में 800 राउंड गोलियां दागी जा सकती हैं। बता दें कि जेड प्लस सिक्योरिटी भारत में वीवीआइपी की सबसे हाई लेवल की सुरक्षा के लिए 6 सेंट्रल सिक्योरिटी लेवल है। पहले से ही उनकी सिक्योरिटी में राउंड द क्लॉक ट्रेंड 6 ड्राइवर होते हैं। अंबानी के काफिले में करीब 8 गाड़ियां शामिल रहती हैं। जिनमें मर्सिडीज, बीएमडब्ल्यू और रेंज रोवर जैसी महंगी गाड़ियां शामिल हैं, जिनकी कीमत करीब 16 करोड़ रुपये है।

### कैसी होती है अंबानी की सिक्योरिटी

अंबानी की सिक्योरिटी में शामिल हर जवान मार्शल आर्ट और निहत्थे युद्ध कौशल में माहिर होता है। अंबानी की सिक्योरिटी में तैनात सीआरपीएफ कमांडो फोर्स में हथियारबंद गाड्र्स, साथ में चलने वाले गाड्र्स, ड्राइवर, पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिस और तलाशी लेने वाली टीम शामिल है। ये कमांडो दो शिफ्ट में काम करते हैं। ये सीआरपीएफ के एक इंस्पेक्टर लेवल अधिकारी के सुपरविजन में काम करते हैं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+ | Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel | Subscribe NOW | No. 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 47,300 रु./10 ग्राम
चांदी 59,000 रु./प्रति किलो



# समरथ को नहिं दोष गोसाईं, ग्रैंड ओल्ड पार्टी का नया अध्याय

## इस नीति से बड़ा नुकसान होनेवाला है कांग्रेस पार्टी को : भारत जोड़ो के बीच राजस्थान जोड़ने जाना होगा आलाकमान को

आजाद सिपाही विशेष

देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस एक ऐसी दुविधा में फंस गयी है, जिससे पार पाना उसके लिए असंभव सा दिख रहा है। राजस्थान में जारी सियासी संकट के बीच कांग्रेस आलाकमान लगातार ऐसी-ऐसी गलतियां करता जा रहा है, जिसकी बड़ी कीमत पूरी पार्टी को चुकानी पड़ सकती है। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि इस विपरीत परिस्थिति को पार्टी का कोई वरिष्ठ नेता समझ नहीं पा रहा है या फिर समझ कर भी चुप है। यह दुविधा कांग्रेस नेतृत्व के लिए अशोक गहलोत और सचिन पायलट ने पैदा की है। कोई शोर मचा कर तो कोई खामोश रह कर। कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के बीच गहलोत ने पार्टी आलाकमान को जिस तरह की चुनौती दी, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती, लेकिन गहलोत को क्लीन चिट दे दी गयी। आइवाश के लिए उनके तीन समर्थकों को नोटिस थमा दिया गया। पार्टी आलाकमान के इस रवैये ने सचिन पायलट सरीखे युवा नेताओं को कहीं गहरे तक चोट पहुंचायी है, लेकिन वह खामोश हैं। भला उनके पास और कोई चारा भी नहीं है। कांग्रेस के युवा नेताओं का कहना है कि पार्टी आलाकमान ने समरथ को नहिं दोष गोसाईं, अर्थात जो समर्थ है, उसमें कोई दोष नहीं होता की नीति अपना कर एक और गलती की है। यह सभी जानते हैं कि आज कांग्रेस की नैया के दो खेवनहार हैं, अशोक गहलोत और कमलनाथ। इन दोनों के खिलाफ किसी एक्शन का मतलब पार्टी को मंझधार में डालना और यह बात पार्टी आलाकमान को और इन दोनों नेताओं को भी अच्छी तरह से पता है। ऐसे में कांग्रेस के भीतर चल रहे सत्ता संघर्ष को पार्टी आलाकमान किस तरह खत्म करता है, यह देखनेवाली बात होगी। सोनिया गांधी ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि अशोक गहलोत उनके सामने ही पासा फेंकने लग जायेंगे। लेकिन सोनिया भी कोई कच्ची खिलाड़ी नहीं हैं। जिस तरह से सोनिया गांधी ने इस पूरे प्रकरण पर रियेक्ट किया है, इससे तो यही लगता है कि अशोक गहलोत को किसी न किसी रूप में इसका खामियाजा भुगतना होगा। फिलहाल अशोक गहलोत अध्यक्ष पद की रेस से बाहर कर दिये गये हैं। नया मोर्चा संभाला है दिग्विजय सिंह ने। अध्यक्ष पद का फॉर्म लेने भी पार्टी मुख्यालय गये थे। वह भी गांधी परिवार की विश्वसनीय कड़ी हैं। उधर पार्टी अध्यक्ष के चुनाव का दिन भी करीब आ रहा है। कांग्रेस के अध्यक्ष पद का चुनाव किसी पोलिटिकल ड्रामे से कम नजर नहीं आ रहा है। अजीब सी दुविधा खड़ी हो गयी है पार्टी आलाकमान के सामने। शायद इसीलिए गांधी परिवार का ही कोई सदस्य इस पद पर लगातार आसीन रहा। न राहुल गांधी अध्यक्ष पद से किनारा करते, न पार्टी के सामने यह दुविधा खड़ी होती। कांग्रेस की इसी दुविधा की स्थिति का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी और आजादी के बाद से लेकर करीब साढ़े छह दशक तक देश के राजनीतिक क्षितिज पर एकछत्र राज करनेवाली कांग्रेस का अंदरूनी कलह खत्म होता नजर नहीं आ रहा है। अशोक गहलोत की वजह से राजस्थान कांग्रेस दो धड़ों में बंट गयी है। एक गुट अशोक गहलोत के साथ है, वहीं दूसरा गुट सचिन पायलट के साथ है। इस सत्ता संघर्ष का सबसे बुरा असर स्वाभाविक रूप से पूरी पार्टी पर पड़ रहा है और कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व पूरी तरह दुविधा में है कि इस संकट को कैसे सुलझाया जाये। पार्टी के दो पर्यवेक्षकों ने राजस्थान में गहलोत खेमे के विधायकों द्वारा की गयी बगावत को गंभीरता से तो लिया, लेकिन अपनी रिपोर्ट में उन्होंने गहलोत को क्लीन चिट देकर साबित कर दिया कि पार्टी आलाकमान अब प्रभावहीन ही नहीं, कमजोर भी हो चुका है। चेहरा बचाने के लिए गहलोत के तीन समर्थकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, लेकिन सवाल यही उठ रहा है कि असली खिलाड़ी को क्यों छोड़ दिया गया है। इससे कांग्रेस में यही उक्ति चरितार्थ हो रही है कि समरथ को नहिं दोष गोसाईं।

राजस्थान का सियासी संकट ही कांग्रेस की ताबूत में अंतिम कील साबित हो सकता है। राजस्थान को लेकर कांग्रेस आलाकमान ने लगातार गलतियां की हैं और अब भी करता जा रहा है। सबसे दुखद यह है कि पार्टी के किसी नेता को इस बात की तनिक भी चिंता नहीं है कि इन गलतियों की कितनी बड़ी कीमत पार्टी को चुकानी पड़ सकती है। वास्तव में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बीच कांग्रेस पार्टी में अध्यक्ष पद पर चुनाव को लेकर ऐसा बखेड़ा खड़ा हुआ कि राजस्थान में पार्टी की सरकार पर ही खतरा मंडरा गया। अशोक गहलोत और सचिन पायलट की पुरानी अदावत ऐसे वक्त अपने चरम पर जा पहुंची, जब लग रहा था कि पार्टी को नया अध्यक्ष मिलने के बाद कार्यकर्ताओं में जान फूंकने के लिए कुछ बड़े और गंभीर कदम उठाये जाने वाले हैं, लेकिन कांग्रेस आलाकमान की अनदेखी, दूरदर्शिता की कमी और समय पर निर्णय न लेने की पुरानी आदत ने पूरा खेल खराब कर दिया है।




### कांग्रेस आलाकमान की गलतियां

राजस्थान में आज जो स्थिति पैदा हुई है, उसकी पटकथा अशोक गहलोत या सचिन पायलट ने नहीं, बल्कि खुद कांग्रेस आलाकमान ने ही लिखी है। कांग्रेस आलाकमान की उन पांच गलतियों के बारे में जानना दिलचस्प है, जिन्होंने सचिन पायलट और अशोक गहलोत, दोनों को बागी बनने पर मजबूर कर दिया।

यह बात सभी जानते हैं कि 2018 के राजस्थान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत में पार्टी नेता सचिन पायलट की बड़ी भूमिका थी। माना गया था कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जायेगा, लेकिन कुर्सी अशोक गहलोत के हिस्से में चली गयी। कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व की पहली गलती यह रही कि उसने भविष्य के बारे में फैसला नहीं लिया और फौरी तौर पर समस्या का समाधान किया।

आलाकमान की दूसरी गलती यह रही कि गांधी परिवार ने अशोक गहलोत के साथ सचिन पायलट को भी राज्य में ही रखा, यानी एक म्यान में दो तलवारों को रखने के कारण स्थिति कभी शांत नहीं हुई। सचिन पायलट को उप मुख्यमंत्री बनाया गया। कांग्रेस नेतृत्व को चाहिए था कि सचिन पायलट को पार्टी का कोई बड़ा पद देकर राष्ट्रीय राजनीति में उतार देता। आखिर दो साल बाद यानी 2020 में पायलट और कुछ विधायकों ने बगावत कर दी। इसके बाद गहलोत ने अपने विधायकों की बाड़ेबंदी की और अपनी सरकार बचा ले गये। इतना ही नहीं, उनके कहने पर ही कांग्रेस आलाकमान ने पायलट को मिलने के लिए समय नहीं दिया और 14 जुलाई 2020 को डिप्टी सीएम और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के पद से उन्हें बर्खास्त कर दिया गया। लेकिन तलवारें खिंची रहीं। आखिर अगस्त 2020 के दूसरे हफ्ते में प्रियंका गांधी ने सचिन पायलट से मुलाकात की और उनकी कुछ शर्तें मान कर उन्हें मनाने में कामयाब हो गयीं। इस दौरान सोनिया या राहुल कभी सामने नहीं आये। इससे पार्टी में दरार चौड़ी होती गयी।

तीसरी गलती यह रही कि गांधी परिवार को पार्टी की जितनी अंदरूनी खबर होनी चाहिए थी, वह नहीं रही। 2020 में पायलट की बगावत के समय पार्टी को भनक तक नहीं लगी थी और अब गहलोत गुट के 80 से ज्यादा विधायकों ने जब विद्रोह कर दिया, तब गांधी परिवार को मामला पता चला। इस बगावत के एक दिन पहले तक गहलोत गांधी परिवार के सबसे भरोसेमंद व्यक्ति थे। उन्हें अध्यक्ष पद पर बिठाने की सभी तैयारियां कर ली गयी थीं।

चौथी गलती यह है कि कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के लिए गहलोत जब सीएम पद छोड़ने के लिए मान गये थे, तो शीर्ष नेतृत्व ने कुर्सी पायलट को सौंपने के लिए जल्दबाजी दिखायी। यह काम कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के बाद किया जा सकता था। तब शायद पार्टी में इस कदर विद्रोह न पनपता।

पांचवीं गलती राहुल गांधी ने सार्वजनिक तौर पर 'एक व्यक्ति एक पद' वाली बात सख्त लहजे में कह कर की। एक व्यक्ति एक पद' की बात तो कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव के बाद भी की जा सकती थी। जाहिर है कि गांधी परिवार की इन गलतियों ने सचिन पायलट और अशोक गहलोत, दोनों को बागी बना दिया।

अब आलाकमान ने गहलोत को क्लीन चिट देकर सबसे बड़ी गलती की है। पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षकों, मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन ने सोनिया गांधी को सौंपी अपनी रिपोर्ट में बगावत के लिए पार्टी के तीन विधायकों को जिम्मेदार बताया है, जबकि गहलोत को निर्दोष करार दिया है। इस रिपोर्ट ने कांग्रेस की विश्वसनीयता पर ही करारा चोट की है। गहलोत को निर्दोष करार देना किसी के गले नहीं उतर रहा। दूसरे इस रिपोर्ट से पायलट खेमा नाराज हो गया है। ऐसे में साफ है कि अगर सचिन पायलट की शीर्ष नेतृत्व से नाराजगी और बढ़ती है, तो ऐसा हो सकता है कि हाल मध्यप्रदेश जैसा हो।

मध्यप्रदेश में इसी वजह से कमलनाथ सरकार गिरी थी। ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने विधायकों को लेकर भाजपा में शामिल हो गये थे। अगर सचिन पायलट अपने खेमे के विधायकों को लेकर कांग्रेस से अपनी राहें अलग कर लें, तो स्थितियां बदल जायेंगी। चुनाव से सालभर पहले ही कांग्रेस की सरकार राजस्थान में गिर जायेगी और यह इस ग्रैंड ओल्ड पार्टी के लिए सबसे बुरा होगा।

ऊपर-ऊपर जो दिखे, लेकिन सच यही है कि राजस्थान का द ग्रेट पोलिटिकल ड्रामा अभी बाकी है। पोलिटिकल पंडितों ने कुछ सवाल उठाये हैं जैसे गहलोत ही मुख्यमंत्री क्यों रहेंगे? सचिन पायलट का दावा क्यों मजबूत है? अब राजस्थान का मुख्यमंत्री कोई भी हो, इतना तो तय है कि इस पोलिटिकल ड्रामा का क्लाइमेक्स भी जल्द आनेवाला है, क्योंकि राजस्थान में अगले साल विधानसभा चुनाव भी होनेवाला है। यह भी तय है कि राजस्थान के सीएम के भाग्य का फैसला अब सोनिया गांधी ही करेंगी। इतनी अनुशासनहीनता के बाद भी अगर अशोक गहलोत को राजस्थान का सीएम बनाये रखा जायेगा, तो इससे यही संदेश जायेगा कि कांग्रेस आलाकमान में कठोर कदम उठाने का साहस नहीं है, वहीं सचिन पायलट भी अपने भविष्य को लेकर सोचने को बाध्य होंगे और अगर अशोक गहलोत को सीएम पद से हटा दिया जाता है, तो हो सकता है वह कोई नया पैंतरा चलें। यह इसलिए कि कांग्रेस में कुछ नेता ऐसे हैं, जो बिना कुर्सी के रह ही नहीं सकते। अशोग गहलोत भी उनमें से एक हैं। अपने साथ-साथ अशोक गहलोत अपने बेटे के भविष्य को लेकर भी सजग हैं। वह अच्छी तरह जानते हैं कि अगर सचिन पायलट राजस्थान के सीएम बन गये, तो उनके बेटे का राजनीतिक भाग्य लॉक हो जायेगा।

---

**जल, जंगल, जमीन और रोजगार बचाओ संघर्ष के संकल्प दिवस के रूप में मनायी गयी कॉमरेड की 13वीं बरसी**

# कॉमरेड इबनुल हसन बसरु के राजनीतिक जीवन संघर्ष से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए

- वह आजीवन गरीब गुरबों और वंचित वर्ग के अधिकार की लड़ाई लड़ते रहे : विनोद सिंह
- सरकार की रोजगार विरोधी नीतियों ने लोगों का जीवन तबाह कर दिया: राजकुमार
- बारिश के बावजूद कंदाजोर के आंबेडकर मैदान में जनसभा
- पूर्व मुखिया समेत भाजपा छोड़ कई कार्यकर्ता माले में शामिल



सुधीर सिन्हा

**जमुआ (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले नेता कामरेड इबनुल हसन बसरु की तेरहवीं बरसी को गुरुवार को जमुआ के कंदाजोर में जल, जंगल, जमीन और रोजगार बचाओ संघर्ष के संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर भाकपा माले सहित भीम आर्मी तथा रविदास समाज के सैकड़ों लोगों ने एकजुट होकर जहां कॉमरेड बसरू को श्रद्धांजलि दी, वहीं वंचित वर्ग पर हो रहे हमले के खिलाफ आवाज बुलंद कर संघर्ष का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम पार्टी कार्यालय जमुआ में कॉमरेड बसरू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर माले के सैकड़ों नेता-कार्यकर्ता बारिश के बावजूद वहां से मार्च लेकर कंदाजोर अंबेडकर मैदान पहुंचे और संकल्प सभा की। सभा की अध्यक्षता भाकपा माले के प्रखंड सचिव रीतलाल वर्मा, संचालन आरवाइए नेता असगर अली तथा धन्यवाद ज्ञापन माले नेता उस्मान अंसारी ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाकपा माले विधायक विनोद सिंह ने कहा कि हमें कॉमरेड बसरु के राजनीतिक जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए। वह आजीवन गरीब, गुरबों और वंचित वर्ग के लिए उनके अधिकार की लड़ाई लड़ते रहे। उन्होंने कभी भी लाल झंडे की विचारधारा और नीतियों के साथ कोई समझौता नहीं किया। आज मजदूर-किसान वर्ग पर चौतरफा हमले बढ़े हैं, सरकार की नीतियां जनता के खिलाफ हैं। ऐसी परिस्थिति में हमें जनता के हक-अधिकारों को लेकर संघर्ष आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए।

वहीं, अपने संबोधन में पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि, जमुआ सहित पूरे इलाके में भू-माफियाओं और दबंगों का वर्चस्व बढ़ा है। सरकार की रोजगार विरोधी नीतियों ने लोगों का जीवन तबाह कर दिया है। गरीब-गुरबों का रोजगार छीना जा रहा है। इसलिए हमें कॉमरेड बसरू के बताये रास्ते पर चलकर जनता के हक-अधिकारों को लेने का संघर्ष तेज करना होगा। उन्होंने कहा कि जमुआ अंबेडकर मैदान को हड़पने की साजिश नहीं चलने दी जायेगी। जो भी लोग बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम पर रखे गये इस मैदान को हड़पने की साजिश में शामिल हैं, वे सचेत हो जायें, नहीं तो जनता उन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी।

कार्यक्रम को जमुआ विधानसभा के भाकपा माले नेता अशोक पासवान, गांडेय विधानसभा के नेता राजेश यादव, मनोवर हसन बंटी, विजय पांडेय, ललन यादव, सत्यनारायण दास, ओम प्रकाश महतो, उज्ज्वल कुमार रावण आदि ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से माले के जिला सचिव पूरन महतो, सीताराम सिंह, राजेश सिन्हा, कौशल्या दास, मीना दास, किशोरी अग्रवाल, उप प्रमुख रब्बुल हसन रब्बानी, सुनील दास, मोहन दास, रंजीत यादव, लालजीत दास, बलदेव दास, सकलदेव यादव, अखिलेश राज, मो राजा, रामेश्वर ठाकुर, ऐनुल अंसारी, यूसुफ मलिक, राजेश दास समेत अन्य मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुखिया सदानंद यादव, अनादि यादव, कामदेव राणा सहित सहित कई अन्य लोगों ने भाजपा छोड़ भाकपा माले का दामन थामा। पार्टी में शामिल होने वालों का माले विधायक तथा पूर्व विधायक ने लाल झंडा देकर स्वागत किया।

---

# बड़कागांव के पूर्व थानेदार, स्पेशल ब्रांच के अफसर और पुलिस निरीक्षक के खिलाफ कोर्ट ने लिया संज्ञान

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के बड़कागांव थाना में दर्ज कांड संख्या 135/16 एक बार फिर चर्चा में है। तत्कालीन कार्यपालक दंडाधिकारी कुमुद झा के आवेदन को बदल कर अन्य लोगों को अभियुक्त बना दिया गया था। तत्कालीन थाना प्रभारी रामदयाल मुंडा द्वारा एफआइआर दर्ज करने के बाद मंटू सोनी ने इस मामले में परिवादवाद दायर किया था, जिस पर सुनवाई के बाद ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट शिवानी शर्मा की कोर्ट ने पुलिस अधिकारियों को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए संज्ञान लिया है। संज्ञान लेने के साथ हजारीबाग कोर्ट ने तत्कालीन थानेदार (वर्तमान मधुपुर इंस्पेक्टर रामदयाल मुंडा, तत्कालीन थानेदार अकील अहमद वर्तमान में स्पेशल ब्रांच मुख्यालय इंस्पेक्टर, तत्कालीन कार्यपालक दंडाधिकारी वर्तमान गढ़वा प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद झा, तत्कालीन इंस्पेक्टर अखिलेश सिंह (अब सेवानिवृत्त), एनटीपीसी के तत्कालीन जीएम टी गोपाल कृष्ण पर धारा 166, 166 ए, 167 218 और 220 में संज्ञान लेते हुए समन जारी करने का आदेश दिया है।

**रामदयाल मुंडा ने पद का दुरुपयोग किया :** अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार, पवन यादव, रंजन कुमार ने कोर्ट को बताया कि परिवादवाद में दर्ज सभी आरोपी अधिकारी स्वयं अपने अपराध को अपने बयानों, केस रिकॉर्ड में उपलब्ध साक्ष्यों और कोर्ट गवाही में स्वीकरोक्ति बयानों से स्पष्ट कर चुके हैं। सूचक मंटू सोनी ने कोर्ट को बताया कि परिवादवाद संख्या 2252/15 के मामले में एफआइआर करने के कोर्ट के आदेश को पेंडिंग रखते हुए रामदयाल मुंडा ने पद का दुरूपयोग कर आपराधिक साजिश कर कार्यपालक दंडाधिकारी कुमुद झा के हस्तलिखित आवेदन को बदल कर मंटू सोनी के अलावे 29 अन्य लोगों को अभियुक्त बना दिया।

**लिखित आवेदन को बदल कर टाइप करवा कर एफआइआर किया :** जिसकी पुष्टि खुद रामदयाल मुंडा ने केस डायरी के पैराग्राफ एक में कुमुद झा द्वारा हस्तलिखित आवेदन प्राप्त होने की बात लिख कर साबित किया है। वहीं कुमुद झा ने कोर्ट में अपने बयान में पुष्टि करते हुए कहा था कि उनके लिखित आवेदन को बदल कर थानेदार ने अपने मुंशी से टाइप करवा कर एफआइआर किया था। एफआइआर और कोर्ट में कुमुद झा का अलग-अलग सिग्नेचर है।

**सिग्नेचर और डेट की लिखावट में भी फर्क :** एफआइआर कॉपी में सिग्नेचर और डेट लिखावट कोर्ट में किये सिग्नेचर और डेट लिखावट में फर्क स्पष्ट नजर आ रहा है। इस प्रकरण में मंटू सोनी ने हजारीबाग सदर सीजीएम ऋचा श्रीवास्तव की अदालत में परिवादवाद संख्या 1644/22 दायर किया था, जिसके बाद परिवादवाद ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट शिवानी शर्मा की कोर्ट में ट्रांसफर किया गया। इसमें तत्कालीन कार्यपालक दंडाधिकारी कुमुद झा, थानेदार रामदयाल मुंडा, अकील अहमद, इंस्पेक्टर अखिलेश सिंह, एनटीपीसी के जीएम टी गोपाल कृष्णा सहित अन्य को आरोपी बनाया गया है।

**दंडाधिकारी कुमुद झा के आवेदन को बदल कर जोड़ दिया था अन्य लोगों का नाम :** परिवादवाद में कहा गया है कि बड़कागांव के तत्कालीन थानेदार रामदयाल मुंडा ने तत्कालीन कार्यपालक दंडाधिकारी कुमुद कुमार झा द्वारा थाना में दिए आवेदन को बदल कर थाना के मुंशी से मंटू सोनी और अन्य अभियुक्तों के नाम लिखवा कर कुमुद झा से हस्ताक्षर करवा लिया था। कुमुद झा ने कांड संख्या 135/16 में ट्रायल के दौरान कोर्ट में दी गवाही में स्वीकार किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा थाना में दिये आवेदन में दो लोगों का नाम था। थाना प्रभारी ने मेरे आवेदन को हटा कर मुंशी से अन्य लोगों का नाम लिखवा कर हस्ताक्षर करवा लिया था। हजारीबाग सिविल कोर्ट की मजिस्ट्रेट शिवानी शर्मा की कोर्ट ने सूचक और गवाहों को सुनने के बाद कॉग्निजेंस बहस में अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार, पवन यादव को सुनने के बाद रामदयाल मुंडा, अकील अहमद, अखिलेश सिंह, कुमुद झा और एनटीपीसी के जीएम टी गोपाल कृष्ण के खिलाफ संज्ञान लिया है।

---

# बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के 70 छात्र एजुकेशनल टूर पर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के रांची कृषि महाविद्यालय के सत्र 2019-20 के 70 छात्र एजुकेशनल टूर पर नार्थ इंडिया के लिए रवाना हुए हैं। ये सभी कृषि स्नातक के छात्र हैं। यात्रा में जाने से पहले कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने छात्रों को कृषि संस्थानों की छोटी-बड़ी जानकारी, अभिनव तकनीकी और पहल को नियमित कलमबद्ध करने की सलाह दी। मौके पर मौजूद डीन एग्रीकल्चर डॉ एसके पाल ने छात्रों के एजुकेशनल टूर पर खुशी जाहिर की और कुलपति का आभार जताया। 70 छात्रों के दल में 47 छात्राएं और 23 छात्र शामिल हैं, जिन्हें कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ अरुण तिवारी एवं डॉ शीला बारला मार्गदर्शन करेंगे। यह दल देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में इंडियन एग्रीकल्चरल रिसर्च इंस्टीट्यूट (आइएआरआइ) नयी दिल्ली, पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना, केंद्रीय मृदा एवं जल अनुसंधान संस्थान देहरादून, फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट देहरादून और जीबी पंत यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल टेक्नोलॉजी पंतनगर आदि का भ्रमण करेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.0 °c | 23.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.38 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.40 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 30 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# उषा मार्टिन की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज इडी अदालत में मुकदमे का सामना करना होगा

**लौह अयस्क के अवैध निर्यात और बिक्री का मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने उषा मार्टिन लिमिटेड की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के बाद विशेष (सीबीआइ) अदालत द्वारा शुरू की गयी आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने का आग्रह किया गया था। यह मामला कंपनी द्वारा लौह अयस्क के अवैध निर्यात और बिक्री से संबंधित है। न्यायमूर्ति एमआर शाह और न्यायमूर्ति कृष्णा मुरारी की पीठ ने 28 सितंबर को दिये फैसले में कहा कि आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने के लिए कोई मामला नहीं बनता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि झारखंड हाइकोर्ट द्वारा सीआरपीसी की धारा 482 के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने से इनकार करने का आदेश उचित है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता (यूएमएल) की ओर से जो कुछ भी प्रस्तुत किया गया है, वे सभी बचाव पक्ष के तर्क हैं, जिन पर विचार करने और परीक्षण के समय निपटाये जाने की आवश्यकता है।

**क्या है मामला**

यह मामला उषा मार्टिन लिमिटेड द्वारा लौह अयस्क के अवैध निर्यात और बिक्री तथा मनी लांड्रिंग से संबंधित है। सीबीआइ ने इस सिलसिले में 2016 में प्राथमिकी दर्ज की थी। प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में 2019 में उषा मार्टिन की करीब 190 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया था। इडी ने शिकायत का मामला दर्ज करते हुए कहा कि कंपनी ने पश्चिमी सिंहभूम के घाटकुरी गांव में स्थित खनन पट्टा विजय लौह अयस्क खदान के अनुदान के लिए अपने आवेदन में प्रस्तुत कैप्टिव खनन के अपने उपक्रम का उल्लंघन किया है और इस तरह के उपक्रम के बावजूद लौह अयस्क बेचा और निर्यात किया है। इस मामले में इडी की विशेष अदालत ने 20 मई, 2021 को नोटिस जारी किया था। इस आदेश के खिलाफ उषा मार्टिन ने हाइकोर्ट में अपील की थी, लेकिन वहां भी इसे खारिज कर दिया गया। इसके बाद कंपनी सुप्रीम कोर्ट गयी थी।

### बाबूलाल मरांडी का सरकार पर हमला

# नेशनल गेम्स में भाग लेने गये झारखंड के खिलाड़ियों के पास किट का संकट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुजरात में 36वें नेशनल गेम्स में भाग लेने गये झारखंड के कई खिलाड़ियों के पास खेल किट के संकट की खबर सामने आयी है। पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने इसे लेकर राज्य सरकार (झारखंड) पर जोरदार हमला बोला है। सोशल मीडिया के जरिये भड़ास उतारते कहा है कि राज्य का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को जूते तक नसीब नहीं हैं। झारखंड सरकार के उदासीन रवैये ने एक बार फिर राज्य को शर्मसार किया है।

अहमदाबाद में शुरू हो रहे नेशनल गेम्स में राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे खिलाड़ियों को ब्लेजर और जूते तक नहीं दिये गये हैं। खिलाड़ियों को किट के लिए मात्र 5 हजार रुपये ही दिये हैं। इसकी तुलना में बिहार, ओड़िशा, महाराष्ट्र जैसे राज्यों ने अपने खिलाड़ियों को 15-20 हजार रुपये दिये हैं। राज्य के 220 खिलाड़ी ओपनिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री के सामने बिना ब्लेजर और जूते के मार्च पास्ट करेंगे, तो राज्य की कैसी छवि बनेगी?



**36 राज्यों की टीम दिखायेगी हुनर**

गौरतलब है कि अहमदाबाद सहित गुजरात के दूसरे कई शहरों में राष्ट्रीय खेल शुरू हो रहे हैं। 2015 के बाद पहली बार देश में राष्ट्रीय खेल का आयोजन हो रहा है। 10 अक्तूबर तक चलनेवाले इस खेल में 36 खेलों में 36 राज्यों (8 केंद्र शासित) की टीमें खेलेंगी। 7000 एथलीट इसमें अपना हुनर दिखायेंगे। झारखंड के भी 220 खिलाड़ी इनमें शामिल हैं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — महत्वपूर्ण काम पूरा होगा। आर्थिक समस्याओं का समाधान। व्यापार वृद्धि।
- **वृष** — संकल्पित काम पूरे होंगे। भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी। उद्योग-धंधे में सफलता।
- **मिथुन** — काम पूरे होंगे। निर्माण कार्य में प्रगति। धनलाभ। व्यवसाय का आरंभ हो सकता है।
- **कर्क** — नये लोगों से संपर्क। शुभ समाचार मिलेगा। सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।
- **सिंह** — सामयिक-सामाजिक विकास। शत्रुओं पर विजय मिलेगी। मानसिक शक्तियों में वृद्धि।
- **कन्या** — धनागम के अवसर बढ़ेंगे। अवसरों का फायदा उठावें। मांगलिक कार्य होगा।
- **तुला** — आर्थिक परेशानी दूर होगी। सेहत में सुधार होगा। नये वाहन खरीदने का संयोग।
- **वृश्चिक** — नवीन व्यापारिक योजना सफल। आर्थिक लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति होगी।
- **धनु** — विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास। बिगड़े कार्य बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा।
- **मकर** — कार्य सिद्ध होंगे। वाहन सुख। यात्रा सुखद। धन लाभ के। संतान की उन्नति से उत्साह।
- **कुंभ** — अव्यवस्थित दिनचर्या। खर्च अधिक होगा। नवीन समस्या आ सकता है, परंतु आप सुलझा लेंगे।
- **मीन** — अधिक व्यय होगा। मानसिक चिंता बढ़ेगी। दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी।

### वर्ल्ड हार्ट डे पर रिम्स में मैराथन दौड़

# हृदय रोगों से बचने के लिए खान-पान पर ध्यान देना होगा : स्वास्थ्य मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** वर्ल्ड हार्ट डे पर गुरुवार को रिम्स में मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ, ताकि लोग अपने हार्ट के प्रति अलर्ट हो जाएं। डॉक्टरों ने कहा कि हार्ट अटैक आज के दौर में मृत्यु का सबसे बड़ा कारण बन चुका है। इसलिए यह दिन हृदय की बीमारी के जोखिम को कम करने के उपायों को जागरूक करने का है। मैराथन में लगभग 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मैराथन दौड़ को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने हरी झंडी दिखा कर राजेन्द्र पार्क से रवाना किया। उन्होंने कहा कि हृदय रोगों से बचने के लिए हमें अपने खान-पान पर ध्यान देना होगा। क्योंकि, हार्ट अटैक से सबसे ज्यादा मौतें हो रहीं है। स्वास्थ्य मंत्री ने नियमित व्यायाम करने पर जोर दिया। मौके पर कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ प्रकाश कुमार ने कहा कि आज तनाव भरा माहौल और जीवनशैली हार्ट डिजीज का एक बड़ा कारण है जो युवाओं को प्रभावित कर रहा है। इसलिए सभी जागरूक होना होगा और अपने दिल का ख्याल रखना होगा। सीटीवीएस डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ विनीत महाजन ने कहा कि दिल को स्वस्थ रखने के लिए लोगों को तम्बाकू, धूम्रपान एवं नशीले पदार्थों से दूर रहना चाहिए। इस मौके पर डॉ विवेक कश्यप प्रभारी निदेशक, सुपरिटेंडेंट डॉ हीरेन्द्र बिरुआ, डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ शैलेश त्रिपाठी समेत अन्य डॉक्टर मौजूद थे।

# अक्टूबर में 21 दिनों तक बैंकों में रहेगी छुट्टी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सितंबर 2022 के बाद आ रहा है छुट्टियों का महीना यानी अक्तूबर। अक्तूबर माह में दशहरा, दीपावली, छठ, करवा चौथ, भाई दूज, चित्रगुप्त पूजा समेत सभी त्योहार पड़ रहे हैं। इसकी वजह से बैंकों में 21 दिनों तक अलग-अलग छुट्टियां रहेंगी। बता दें, बैंक कर्मियों की छुट्टियां रिजर्व बैंक के द्वारा जारी आदेश के अनुसार ही रहती हैं। 8 अक्टूबर और 22 अक्टूबर को दूसरे और चौथे शनिवार की वजह से बैंक बंद रहेंगे, वहीं, 2, 9, 16, 23 और 30 अक्टूबर को रविवार की वजह से बैंक कर्मियों का साप्ताहिक अवकाश रहेगा। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार इस बार अक्टूबर के महीने में दुर्गा पूजा, गांधी जयंती, दिवाली की वजह से बैंककर्मियों को लंबी-लंबी छुट्टियां मिलेंगी। झारखंड, बंगाल, ओड़िशा, त्रिपुरा, सिक्किम जैसे राज्यों में बैंक अक्टूबर के महीने में लगातार चार दिन बंद रहेंगे।

# 135 कनीय अभियंताओं को मिलेगा प्रमोशन, 56 की डिग्री हुई अमान्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पथ निर्माण विभाग संवर्ग के 135 कनीय अभियंताओं को सहायक अभियंता के पद पर प्रोन्नति मिलेगी। पथ निर्माण विभाग ने इसकी कवायद शुरू कर दी है। पथ निर्माण विभाग ने इसके लिए अंतिम वरीयता सूची भी जारी की है और अभियंताओं से आपत्ति मांगी है। विभाग ने दरअसल सभी योग्य कनीय अभियंताओं की सूची मांगी थी, जिसका प्रमोशन बाकी है। ऐसे में 191 आवेदन विभाग को प्राप्त हुए। अधिकारियों ने इसकी समीक्षा की तो यह पाया कि इनमें 56 ऐसे कनीय अभियंताओं ने भी अपना आवेदन प्रमोशन के लिए दिया है, जिनकी डिग्री की मान्यता विभाग ने 2013 में ही विभिन्न अधिसूचनाओं से अमान्य कर दिया था। ऐसे में इन 56 अभियंताओं के नाम प्रमोशन लिस्ट से बाहर कर दिया गया। वहीं, शेष 135 जेई को प्रमोशन देने का निर्णय लिया गया है, जल्द ही सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पथ निर्माण विभाग के अभियंता प्रमुख की अध्यक्षता में बैठक कर प्रोन्नति पर अंतिम निर्णय लिया जायेगा।

# आइएएस वंदना दादेल के खिलाफ सीबीआइ जांच और विभागीय कार्रवाई पर झारखंड हाइकोर्ट ने लगायी रोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई करते हुए आयडा में नियमों का उल्लंघन कर जमीन आवंटित करने से संबंधित मामले में उद्योग विभाग और कैबिनेट की प्रधान सचिव वंदना दादेल के खिलाफ सीबीआइ जांच के आदेश पर रोक लगा दी है। गुरुवार को मामले को हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मेंशन किया गया, जिसके बाद हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।

सुनवाई में कोर्ट ने एकल पीठ के सीबीआइ जांच के आदेश पर रोक लगा दी। इससे पूर्व हाइकोर्ट की एकल पीठ ने इस संबंध में दायर एक याचिका की सुनवाई करते हुए सीबीआइ जांच का आदेश दिया था।

हाइकोर्ट की एकल पीठ ने इस मामले में आदेश दिया था कि आदित्यपुर औद्योगिक विकास प्राधिकार (आयडा) में नियमों का उल्लंघन कर जमीन आवंटित करने और कई संस्थानों के लिए जमीन की व्यावसायिक दर तय करने की जांच सीबीआइ करेगी। एकल पीठ के इस आदेश को खंडपीठ में चुनौती दी गयी थी। इस मामले में आयडा की तत्कालीन अध्यक्ष और उद्योग और कैबिनेट विभाग की वर्तमान प्रधान सचिव वंदना दादेल को संलिप्त मानते हुए उनके खिलाफ भी सीबीआइ को जांच का आदेश दिया था। एकल पीठ ने राज्य के मुख्य सचिव से कहा था कि दादेल ने अदालत को गुमराह किया है और तथ्यों को छिपाया है, इस कारण वह भी इसकी जांच करें और तथ्य मिलने पर आदेश मिलने के 15 दिनों के अंदर कार्रवाई करें। बता दे कि हाईकोर्ट की एकल पीठ ने बेबको मोटर्स ने अर्जी पर सुनवाई करते हुए मामले की सीबीआइ जांच का आदेश दिया था।

# मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स तक के छह लेन रोड निर्माण में गड़बड़ी मामले में पूर्व कार्यपालक अभियंता दंडित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेशनल हाइवे 33 से मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स होटवार तक छह लेन रोड के काम में गड़बड़ी के आरोप में फंसे तत्कालीन कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल रांची वर्तमान में मुख्य अभियंता के पद पर अधिसूचित सिंगराय टूटी को दिये गये दंड में सुधार किया गया है। सरकार ने 2011 में दिए गये दंड को संशोधित कर राहत दिया है।



पथ निर्माण विभाग ने 2011 में उन्हें वेतनमान के प्रथम प्रकम पर पदानवत करते हुए उनके निलंबन के रूप में बितायी गयी अवधि के लिए जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त और कोई राशि नहीं देने का फैसला लिया है। लेकिन अब इसे परिमार्जित करते हुए पूर्व में दिए गये दंड की तिथि से दो वार्षिक वेतन वृद्धि का संचयात्मक प्रभाव से रोकने का फैसला लिया है। साथ ही निलंबन के रूप में बिताये गये अवधि के लिए जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त और कोई राशि नहीं देने का निर्णय लिया है। खराब गुणवत्ता से बनने के कारण यह सड़क उस वक्त पूरी तरह से फेल कर गयी थी, डीपीआर के अनुरूप काम नहीं किया गया, जिसके कारण हर जगह गढ़ढे निकल आये सरकार ने करोड़ों की लागत से बने इस सड़क के तुरंत खराब होने को गंभीरता से लिया था और इस मामले में तत्त्कालीन कार्यपालक अभियंता सिंगराय टूटी सहित सहायक अभियंता इंदूभूषण सिह, कनीय अभियंता दिनेश महतो, अमर कुमार सिन्हा को दोषी मानते हुए दंडित किया गया था। पूरे मामले पर सिंगराय टूटी ने हाइकोर्ट चले गये।

इसी बीच रांची उपायुक्त भी ने भी सदर थाना प्राथमिकी दर्ज कराया, जिसके बाद अपर न्यायायुक्त द्वारा एक मामले में उन्हें बरी किया गया। इसके बाद हाइकोर्ट ने भी पूरा पक्ष सचिव के समक्ष रखने को कहा। हालांकि, अपने पक्ष में उन्होंने कोई नयी बात नहीं रखी और सिर्फ हाइकोर्ट के निर्णय पर भरोसा जताया। ऐसे में राज्य सरकार ने यह स्पष्ट कहा कि इस गड़बड़ी में उन्हें पूरी तरह से मुक्त नहीं किया जा सकता है,क्यों कि इसी मामले में अन्य इंजीनियरों को दंडित किया गया। ऐसे में उन्हें दिए गये दंड को परिमार्जित किया गया है। इस संबंध पथ निर्माण सचिव सुनील कुमार के हस्ताक्षर से आदेश जारी कर दिया गया है।

### रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की बैठक

# संगठन का विस्तार जल्द करें : सुबोधकांत सहाय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की बैठक प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष सुरेश बैठा ने की। बैठक में रांची जिला के सभी प्रखंड के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रतिनिधि को सम्मानित कर भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। जिला संयोजक संजय लाल पासवान की ओर से सभी प्रखंड अध्यक्षों को समय सीमा के भीतर कार्य करने का निर्देश दिया गया है तथा अपनी कमेटी बनाने तथा यात्रा का विस्तृत रूट चार्ट का निर्माण कर जिला कंट्रोल रूम को अवगत कराने को कहा गया है। मौके पर भारत जोड़ो यात्रा के प्रदेश संयोजक पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि संगठन का विस्तार एवं संगठन का सशक्तिकरण जल्द से जल्द प्रखंड अध्यक्ष करें तथा मंडल स्तरीय, पंचायत एवं बूथ स्तरीय कमिटी का गठन शीघ्र करें। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने के लिए अच्छे से ईमानदारी पूर्वक कार्य करें। कार्यक्रम पांच महीने चलने वाला है।

### छात्राओं को रोजाना गोद में बैठा कर अश्लील वीडियो दिखाता था शिक्षक

# महिलाओं ने शिक्षक को पकड़ जूते चप्पल की माला पहना कर घुमाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नोवामुंडी।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिला के बड़ाजामदा ओपी स्थित खास जामदा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय की छात्राओं को गोद में बैठा कर मोबाइल पर अश्लील वीडियो एक शिक्षक दिखाता था। इस बात की जानकारी होने पर ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा। खासकर महिलाओं ने अपना आपा खोया। आरोपित गुरुजी प्रेम कुमार को बस्ती जामदा आजीविका महिला ग्राम संगठन समेत बड़ाजामदा की दर्जनों महिलाओं ने शिक्षक से मारपीट कर और उसे जूता-चप्पल की माला पहनाया सरेआम घुमाया। शिक्षक के चेहरे पर कालिख पोत कर जामदा बस्ती में घुमाने के बाद महिलाएं उसे पैदल बड़ाजामदा बाजार होते हुए बड़ाजामदा ओपी पुलिस को सौंपा।



जामदा बस्ती और महिला संगठन अध्यक्ष मीनाक्षी देवी और सचिव प्रिया देवी ने बताया कि शिक्षक प्रेम कुमार पिछले कुछ दिनों से स्कूल में पढ़नेवाली छात्राओं को जबरदस्ती अपनी गोद में बैठा कर मोबाइल पर अश्लील वीडियो दिखाता था। छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें करता था। शौच करने जाने पर वह छात्राओं के शौचालय में जबरन प्रवेश करता था। छात्राओं के विरोध करने पर वह कोई न कोई बहाना बना कर उनके साथ मारपीट करता है। जब घटना की शिकायत छात्राओं ने अपने परिजनों से की, तो बस्ती की महिलाएं काफी नाराज हुईं। खास जामदा बस्ती की आक्रोशित महिलाएं गुरुवार को स्कूल घुमाते हुए बड़ाजामदा पहुंचीं। शिक्षक के साथ मारपीट करते हुए जूता-चप्पल की माला पहना उसे जामदा बस्ती से लेकर बड़ाजामदा तक घुमाते हुए लाया। महिलाएं और पीड़ित छात्राओं ने शिक्षक प्रेम कुमार पोद्दार को उचित सजा देने के लिए उपायुक्त के नाम पत्र भी सौंप चुके हैं, जो महिला संगठन द्वारा लिखा गया है। इसमें अध्यक्ष मीनाक्षी देवी, सचिव प्रिया देवी के अलावा कमला कुई, आरती सोरेन, ज्योति सुरेन, सुष्मिता देवी, सुखमती, आरती आदि दर्जनों महिलाओं का नाम है। फिलहाल बड़ाजामदा थाने में शिक्षक की पूछताछ की जा रही है।

# लालू के वार्ड में अब पूजा सिंघल, खिड़की के बाहर झांकती नजर आयीं

### माइग्रेन, सीने में संक्रमण और पैर में दर्द जैसी समस्याओं से जूझ रही हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीने में दर्द और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल को रिम्स में भर्ती कराया गया है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के रिम्स से निकलने के बाद एक बार फिर रिम्स के पेइंग वार्ड की चर्चा तेज होने लगी है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को जिस कमरे में रखा गया था, वहीं कमरा अ-11 अब पूजा सिंघल को दिया गया है।

पूजा सिंघल चार महीने से जेल में बंद हैं। उन्होंने कई बार जमानत के लिए याचिका दायर की, लेकिन अब तक उन्हें जमानत नहीं मिल सकी है। हाइकोर्ट ने पूजा सिंघल की जमानत पर सुनवाई दुर्गा पूजा तक के लिए टाल दी है। दुर्गा पूजा की छुट्टियों के बाद एक बार फिर इस मामले में सुनवाई होगी।

पूजा सिंघल पहले से कमजोर और बीमार नजर आने लगी हैं। अपनी जमानत याचिका में भी उन्होंने खराब सेहत का हवाला दिया है। उन्हें रिम्स के कार्डियोलॉजी विभाग में इलाज के लिए लाया गया। कार्डियोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ प्रकाश कुमार की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है।



**डॉक्टर कर रहे हैं जांच, कई रिपोर्ट का इंतजार**

रिम्स के जनसंपर्क अधिकारी डॉ राजीव रंजन ने बताया कि जांच में हार्ट से संबंधित कोई समस्या नहीं पायी गयी है। सीने में संक्रमण की समस्या है। हार्ट की जांच के लिए ट्रॉप टी टेस्ट के लिए सैंपल लिया गया है। जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। उन्हें माइग्रेन की भी समस्या है। न्यूरोलॉजी विभाग के डॉक्टर भी इसे लेकर टेस्ट कर रहे हैं। उनके पैर में भी दर्द है ।

**पूजा सिंघल के खिलाफ कब क्या हुआ**

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूजा सिंघल के खिलाफ 11 मई को इडी ने प्राथमिकी दर्ज की थी। इसके बाद इडी ने उन्हें गिरफ्तार किया,। गिरफ्तारी के बाद उन्हें पूछताछ के लिए 14 दिनों की रिमांड पर भेजा गया था। 25 मई को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था। तब से पूजा सिंघल जेल में बंद हैं।

# आइएएस-आइपीएस अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजने का आग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्र ने राज्यों से आग्रह किया है कि ज्यादा आइएएस और आइपीएस अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजें। केंद्रीय कार्मिक राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने राज्य सरकारों से अक्षम और भ्रष्ट कर्मचारियों को बाहर निकालने में सहयोग मांगा है। पिछले दिनों राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रधान सचिवों के वार्षिक सम्मेलन में ये बातें केंद्रीय कार्मिक राज्यमंत्री ने कहीं। इस सम्मेलन को सामान्य प्रशासन और प्रशासनिक सुधारों से संबंधित कार्यों पर विचार-विमर्श करने के लिए आयोजित किया गया था। संबोधन में केंद्रीय कार्मिक राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि एक अखिल भारतीय सेवा अधिकारी राज्य और केंद्र दोनों के भीतर सरकार का एक महत्वपूर्ण इंटरफेस है। उन्होंने कहा कि देश में अखिल भारतीय सेवाओं के कैडर प्रबंधन के लिए पहले से ही एक ढांचा है और इसके मुताबिक काम करने की जरूरत है। इस संबंध में एक विशेष पहलू केंद्र में अखिल भारतीय सेवा अधिकारियों की तैनाती भी है। उन्होंने कहा कि अधिकांश राज्य अपने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति रिजर्व (सीडीआर) दायित्वों को भी पूरा नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में सेवा के लिए राज्यों द्वारा प्रायोजित अधिकारियों की संख्या बहुत कम है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति हमारे देश में संघीय ढांचे का हिस्सा है। मंत्री ने कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग को सूचित करते हुए उनके पास लंबित ऐसी सभी समीक्षाओं को शीघ्रता से पूरा करने में राज्य सरकारों के सहयोग का अनुरोध किया।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 30 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com
05

# अमन श्रीवास्तव का शार्प शूटर शिवेंद्र उर्फ शिव शर्मा चढ़ा एटीएस और रामगढ़ पुलिस के हत्थे

## आधा दर्जन से अधिक हत्या, लूट और रंगदारी मामले का था वांछित अपराधी



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड और बिहार राज्य में आतंक के रूप में प्रसिद्ध अमन श्रीवास्तव गिरोह का मुख्य शार्प शूटर कुमार शिवेंद्र उर्फ शिव शर्मा उर्फ राजू शर्मा आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उसको पकड़ने के लिए झारखंड राज्य की एटीएस की टीम और रामगढ़ पुलिस की टीम ने कड़ी मशक्कत की। शिवेंद्र उर्फ शिव शर्मा अमन श्रीवास्तव गिरोह का सक्रिय शूटर है। इस बात की जानकारी गुरुवार की शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रामगढ़ एसपी पियूष पांडे ने दी। उन्होंने बताया कि शिवेंद्र उर्फ शिव शर्मा पटना में छुपकर काफी दिनों से रह रहा था। एटीएस की टीम और रामगढ़ पुलिस को जब इसकी भनक लगी तो संयुक्त रूप से छापेमारी शुरू की गई और पटना में उसे दबोचा गया।

### कुमार शिवेंद्र उर्फ शिव शर्मा का आपराधिक इतिहास

मांडू थाना के वेस्ट बोकारो ओपी थाना कांड संख्या 263/21, पतरातू थाना कांड संख्या 35/21, लालपुर थाना कांड संख्या 363/16, घोसी थाना कांड संख्या 229/16, रांची कोतवाली थाना कांड संख्या 34/18, पतरातू थाना कांड संख्या 240/15, रामगढ़ थाना कांड संख्या 105/14, बासल थाना कांड संख्या 26/15, बैंक मोड़ थाना कांड संख्या 1169/15 आदि मामले दर्ज है।

**टीम में ये थे शामिल**

टीम में एसडीपीओ किशोर कुमार रजक मांडू पुलिस निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता सब इंस्पेक्टर नवीन कुमार आरक्षी अनीश खान, कार्तिक करमाली, एटीएस रांची झारखंड की टीम शामिल थी।

### 9 कांडों में शिवेंद्र ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की

एसपी ने बताया कि पूछताछ के बाद जब उसे रामगढ़ लाया गया तो उसने यहां आकर 9 कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। शिवेंद्र उर्फ शिव शर्मा बिहार राज्य के बेगूसराय जिला अंतर्गत मंझौली ओपी के चीरिया बरियारपुर का रहने वाला है। जिसे विस्तृत पूछताछ के लिए मांडू लाया गया था।

### लेवी के लिए वेस्ट बोकारो के बेस कैंप में बम से किया था हमला

शिवेंद्र उर्फ शिव शर्मा उर्फ राजू शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह अमन श्रीवास्तव गैंग का मुख्य शूटर है। वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में काम कर रही कंपनियों के बेस कैंप पर उसने बम से भी हमला किया था, उसका मुख्य उद्देश्य था कि वह ठेकेदारों से लेवी वसूल सके। इस मामले में बेस्ट बोकारो थाना कांड संख्या 263/21 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### कई दर्दनाक वारदातों को अंजाम दे चुका है शिवेंद्र

रामगढ़ एसपी ने बताया कि शिव शर्मा के पास से तीन मोबाइल और एक एटीएम बरामद किया गया है। शिव का एक बड़ा आपराधिक इतिहास रहा है। वह मांडू, पतरातु, रांची के लालपुर, घोसी, कोतवाली थाना, धनबाद के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र में भी कई वारदातों को अंजाम दे चुका है। उसने जितने भी अपराध किए हैं वह सभी अपराध रंगदारी वसूलने के लिए किए गए थे। अपने गैंग का वर्चस्व बढ़ाने के लिए उसने सुशील श्रीवास्तव की हत्या में शामिल राजा सिंह की हत्या गया में गला काटकर कर दिया था। इसके अलावा बेगूसराय में पांडे गिरोह के सदस्य रहे दिलीप गुप्ता की भी उसने हत्या की थी। पलामू जिले के पांकी में भी जीतू गुप्ता की उसमें हत्या कर दी थी। जीतू गुप्ता का संबंध भी पांडे गिरोह से रहा था। रामगढ़ में पांडे गिरोह और श्रीवास्तव गिरोह का अपना एक वर्चस्व पहले से कायम था। उन दोनों को नुकसान पहुंचा कर अपने गैंग को बढ़ा चढ़ाकर पेश करने की योजना शिव शर्मा ने बनाई थी।

## दो दारोगा सस्पेंड, मांडू थाना के नये प्रभारी बने अनंत कुमार सिंह

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** एसपी पीयूष पांडेय ने दो दरोगा को सस्पेंड कर दिया है। यह आदेश गुरुवार को जारी किया गया है। दोनों पर गंभीर आरोप है। दोनों अधिकारियों पर कार्यवाई से अन्य पुलिस पदाधिकारियों में भय है। अब वे अपने ड्यूटी में सजग दिख रहे है।

**क्या है मामला :** इधर रामगढ़ एसपी पीयूष पांडेय ने गुरुवार को रामगढ़ थाना पदस्थापित प्रभात कुमार को आजसू नेता धर्मेंद्र साव भोपाली के साथ बदसलूकी करने के मामले में सस्पेंड किया है। जबकि मांडू थाना प्रभारी नवीन कुमार को कोयला तस्करी रोकने में असफल होने पर उन्हें सस्पेंड किया है। इधर नवीन कुमार के जगह मांडू थाना का नया प्रभारी अनंत कुमार सिंह को बनाया है।

## वज्रपात से एक दर्जन मवेशियों की मौत



**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र में गुरुवार को तेज बारिश के साथ वज्रपात की घटना हुई। जिसमें अलग अलग गांव के किसानों के एक दर्जन से भी अधिक मवेशियों की मौत हुई है। पहली घटना क्षेत्र के सरगडीह गांव की है। यहां अनिल महतो टोला बांधडीह का एक मवेशी, इसी गांव निवासी दूसरे टोला में उमेश महतो के दो गाय एवं एक बैल, गर्जन महतो का एक बैल बज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई। इसके अलावे रकुवा गांव में भी बज्रपात की घटना से कृष्ण महतो के एक गाय, मदन महतो का एक बैल की मौत हुई है। घटना की जानकारी के बाद सरगडीह मुखिया प्रभास प्रताप सिंह एवं रकुवा मुखिया पिंकी देवी ने पीड़ित परिवारों से मिलकर हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया है।

## बिशु महासचिव व कार्यकारी अध्यक्ष बने प्रफुल पटेल

**गोला (आजाद सिपाही)।** कमता स्थित चंद्र प्रकाश चौधरी इंटर कॉलेज में गुरुवार को आजसू छात्र संघ की एक बैठक आहूत की गई। जिसके बतौर मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय प्रभारी राजेश कुमार महतो उपस्थित हुए। बैठक में आजसू छात्र संघ प्रखण्ड कमिटी का विस्तार किया गया। जिसमें सर्वसमिति से बिशु रजवार को महासचिव, प्रफुल पटेल को कार्यकारी अध्यक्ष,अरुण दांगी को कोषाध्यक्ष,सचिव सुमित कालिंदी, सतिश करमाली सह सचिव, शाशि रजवार मिडिया प्रभारी, नितिश कुशवाहा उपाध्यक्ष, विनय कुमार गौतम महतो को मनोनित किया गया।मौके पर अनुराग भारद्वाज, सुबिन तिवारी, कुंदन कुशवाहा, नीतीश कुमार, रवींद्र कुमार, राहुल सिंह, केशव कुमार, अजय कुमार, आदि मौजूद थे ।

## गोला प्रखंड मुख्यालय के सभागार में दुर्गा पूजा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**गोला (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा को लेकर गुरूवार को गोला स्थित प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख गीता देवी, बीडीओ संतोष कुमार, सीओ उदय कुमार, गोला अंचल के पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार व गोला थाना प्रभारी सिद्धांत मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बीडीओ संतोष कुमार ने सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने, महिला-पुरूष के लिए अलग-अलग प्रवेश व निकासी द्वार बनाने, लगातार माइकिंग की व्यवस्था करने, आग से बचाव हेतु समुचित व्यवस्था करने की बात कही। बीडीओ ने कहा कि पूजा पंडालों में वॉलेंटियर्स पूरी सक्रियता के साथ तैनात रहेंगे और कमिटी के लोग खोया-पाया स्टॉल लगाना सुनिश्चित करेंगे। 10 बजे रात तक ही भक्ति गीत बजाने की छूट रहेगी। भक्ति गीत के अलावे किसी प्रकार के अन्य गीत बजाने पर पूजा कमिटी पर सख्त कार्रवाई होगी। वहीं पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार ने कहा कि इस बार दुर्गा पूजा पुराने रूप में काफी हर्सोल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसमें काफी भीड़भाड़ होने की पूरी संभावना है। ऐसे में सभी से अनुरोध है कि दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाएं। किसी प्रकार की अप्रिय घटना की जानकारी मिलते ही फौरन पुलिस को सूचित करें। पुलिस की पूरी टीम मजिस्ट्रेट के साथ आपलोगों के साथ रहेगी। बैठक में पार्षद रेखा कुमारी, सरस्वती देवी, उपप्रमुख विजय ओझा, प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष रामविनय महतो, कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष कमाल शहजादा, प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी, समाजसेवी सुनील कुशवाहा, रणधीर बसरिया, विनोद कुमार, उपमुखिया रीना देवी, पूर्व पार्षद गोविंद मुंडा, आजसू नेता अशोक कुमार महतो, प्रबोध चटर्जी, दीनू गोस्वामी, महेश महतो, सुरेश रजक, झामुमो नेता आलम अंसारी, भाजपा नेता संतोष तिवारी, बबलू साव, जितेंद्र साहू, एहशानुल हक, योधन महतो, भाकपा नेता घनेनाथ चौधरी, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के सनत कुमार सिन्हा, कपिल प्रसाद अग्रवाल, उत्तम कुशवाहा, रचिया महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव व विधायक अंबा प्रसाद का भुरकुंडा में हुआ स्वागत



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव के जेल से रिहा होने के बाद से कांग्रेसियों में हर्ष का माहौल है। कांग्रेस कार्यकर्ता जगह-जगह पटाके जलाकर जश्न मनाते हुए योगेंद्र साव का स्वागत करने में जुटे हैं। इसी क्रम में गुरूवार को भी मतकमा चैक भुरकुंडा में कांग्रेसियों ने पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव और विधायक अम्बा प्रसाद का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। साथ ही कांग्रेस जिन्दाबाद, योगेंद्र साव जिन्दाबाद, पूर्व विधायक निर्मला देवी व विधायक अंबा प्रसाद जिन्दाबाद के नारे लगाते दिखे। साथ ही एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इसके बाद पुनः पैदल मार्च बिरसा चैक से शुरू हुआ, जो जनता टॉकीज, भुरकुंडा बादि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए भुरकुंडा थाना चैक पहुंचा। इस दौरान जगह-जगह पर योगेंद्र साव व अम्बा प्रसाद का लोगों ने स्वागत किया। स्वागत के दौरान पूर्व मंत्री योगेंद्र साव कांग्रेसी नेता राजू पांडेय के घर पहुंच उनकी माता फूलझरी देवी व भाई यूगल किशोर पांडेय से आशीर्वाद भी लिया। स्वागत करने वालो में चमन लाल, राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जंयत तुरी, विनोद साव, सुजीत पटेल, कृष्णा सिंह, डब्लू सिंह, चंदन साव, खुशबू देवी, रमाकांत दुबे, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, सुधीर साव सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## दुर्गा पूजा को ले भुरकुंडा ओपी व बासल थाना में शांति समिति की हुई बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा को लेकर भुरकुंडा ओपी व बासल थाना में गुरूवार को शांति समिति की बैठक हुई। भुरकुंडा थाना में आयोजित बैठक की अध्यक्षता पतरातू इंस्पेक्टर रोहित कुमार महतो ने की। बैठक में एकता व भाईचारगी के साथ दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय हुआ। मौके पर भुरकुंडा ओपी प्रभारी बलवंत दुबे ने कहा कि पूजा पंडालो में धार्मिक गाने ही बजने चाहिए और रात्रि 10 बजे के बाद डीजे नहीं बजेगी। पूजा समितियों से पूजा पंडालो में सीसीटीवी कैमरा लगाने, अग्निशमक यंत्र रखने, वोलेंटियर का पहचान-पत्र, नाम व नंबर देने की बात कही। बैठक के दौरान लोगों ने पुलिस-प्रशासन से तेज वाहन पर नियंत्रण के लिए पूजा पंडालो व आसपास क्षेत्रों में वेरीकेटिंग करने, पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने, शाम 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक पूजा-पंडालो के पास वाहनो के प्रवेश पर रोक लगाने, पूजा पंडालों के आसपास साफ-सफाई रखने, शोसल मीडिया पर अफवाहों से बचने, दशमी के दिन ही मां की प्रतिमा विसर्जित करने, रावण दहण में सावधानी बरतने की बात कही गई। कहा गया कि पुलिस-प्रशासन लोगों के सहयोग से सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखेगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता सहित अन्य निर्देशों का पालन करने वाले पूजा समितियों को सम्मानित किया जायेगा। मौके पर इंस्पेक्टर रोहित कुमार महतो, भुरकुंडा ओपी प्रभारी बलवंत दुबे, राजदीप कुमार, सामंत दास, राम प्रवेश शर्मा, मुखिया अजय पासवान, मुखिया ब्यास पांडये, चमन लाल, जगतार सिंह, योगेश दांगी, प्रदीप मांझी, संजय मिश्रा, अर्जुन सिंह, संजय शर्मा, संजय यादव, विनोद कुमार, शंकर सिंह, प्रभात कुमार, संतन सिंह, मन्नु दास, बलजीत सिंह, संतोष यादव, डब्लू सिंह, मुकेश राउत, डब्लू पांडेय, राजू पांडेय, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, जयश्री महतो, बैजनाथ कुमार, हरिहर साव, उदय सिंह, अमित कुमार, मनोज सिंह, रविन्द्र पासवान, सुभाष करमाली सहित कई लोग मौजूद थे। इधर बासल थाना में आयोजित शांति समिति की अध्यक्षता थाना प्रभारी सैनिक समड ने की। बैठक में एकता व भाईचारगी के साथ दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय हुआ। मौके पर एएसआई नरेंद्र प्रसाद, बलकुदरा मुखिया विजय मुंडा, हरिहरपुर मुखिया गीता देवी, राजेंद्र ठाकुर, नंदलाल महतो, डोमन महतो, अमर यादव, नंदकिशोर मुंडा, कृष्णा प्रसाद, अनिल यादव, तहारत अंसारी, प्रकाश महतो, सत्यम करमाली सहित कई लोग मौजूद थे।

## बीएमएस सदस्यों की आम्रपाली में बैठक

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** भारतीय मजदूर संघ , सीसीएल सीकेएस के बैनर तले गुरुवार को मगध-अम्रापाली क्षेत्र एम-एस,ए-सी में प्रभु महतो के अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 17 नवंबर 2022 को दिल्ली जन्तर-मंतर में निजीकरण,निगमीकरण के विरोध में होने वाली एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में शामिल होने के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा किया गया।साथ साथ दोनी क्षेत्रों के कर्मचारियों से जुड़े समस्याओं पर चर्चा किया गया।इस मौके पर केंद्रीय सदस्य मुकेश कुमार,क्षेत्रीय सचिव नीरज सिंह,अध्यक्ष शिव कुमार सिंह, अम्रापाली के उपाध्यक्ष पवन कुमार, कार्यसमिति सदस्य राम कृष्ण यादव, सदस्यों में अवध कुमार, महेंद्र, अभिषेक, लक्ष्मण,दलीप,पिंकू, अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### किसान मित्रों का तीन दिवसीय उपवास सह धरना प्रदर्शन संपन्न

## बिना अन्न जल के बैठे हैं, बावजूद मंत्री ने बात तक नहीं की: सत्यानंद दुबे



**चतरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड कृषक मित्र महासंघ के बैनर तले जिले के कृषक मित्र श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता के चतरा आवास पर उपवास रख कर तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। प्रर्दशन में कृषक मित्रों ने हेमंत सोरेन मुदार्बाद, बादल पत्रलेख मुदार्बाद, झारखंड सरकार हाय हाय, हेमंत सरकार होश में आओ,हमारी मांगे पुरी करो, कृषक मित्रों का मानदेय लागू करो का नारा लगाया।गुरुवार को धरना के अंतिम दिन प्रदेश महासचिव सुभाष सिंह शामिल हो कर कृषक मित्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बारह वर्षों से आज तक सरकार के सभी निदेर्शों का मानते आ रहे हैं अब सरकार का कोई बात नहीं सुनेंगे जब तक सरकार हमारी मांगे नहीं मानती है। झारखंड के अभी तक की सरकारें निरकुंश साबित हुई है पूर्वर्ती और वर्तमान सरकार ने सिर्फ झूठा आश्वाशन दे दे कर राज्य के मूल वासी कृषक मित्रों को ठगते आ रही है अब पानी सर से ऊपर हो चला है समय आ गया है आर पार की लड़ाई लड़ने की। आगामी आन्दोलन रांची मोरहाबादी मैदान में होगा। हम तब तक लड़ेंगे जब तक सरकार हमारी मांगों को स्वीकार नहीं करती है। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे जिला अध्यक्ष सत्यानंद दुबे ने कहा कि तीन दिन से बिना अन्न जल ग्रहण किए मंत्री के चतरा आवास पर बैठे हैं बाउजुद मंत्री ने कृषक मित्रों से बात तक करना मुनासिब नहीं समझा जिससे जिले के कृषक मित्रों में मंत्री के प्रति आक्रोश बढ़ा है। समय आने पर मंत्री को जवाब मिलेगा। मौके पर रामस्वरूप यादव, रवींद्र सिंह, अखलेश सिंह, राजकुमार राणा, कृष्णा दांगी, पिंटू सिंह, आनंद सिंह, बिनोद सिंह, निर्मल सिंह, सतीष दास, राजेश दास, दिलीप सिंह, धर्मेन्द्र चौरसिया, भीम दांगी, सुरेंद्र साव, दशरथ यादव, दिलीप यादव, कुंदा मनोज यादव, अजय राणा, संजीव कुमार, बालदेव प्रसाद, मोहन साहू, बिनोद पांडे, समेत सैकड़ों कृषक मित्र मौजुद थे।

## दो सौ वर्षों से अधिक है इटखोरी टाल दुर्गा पूजा का इतिहास

अजय चौरसिया

**चतरा (आजाद सिपाही)।** इटखोरी प्रखंड में करीब आधा दर्जन स्थलों में दुर्गा पूजा प्रतिमा स्थापित कर मनायी जाती है। पूर्व में प्रखंड में एक मात्र इटखोरी टाल दुर्गा पूजा होती थी। दुर्गा पूजा गढ़ के राजा डेगनारायण सिंह ने दो सौ वर्ष पूर्व शुरूआत की थी। आज प्रखंड के टाल, इटखोरी चौक पीतीज, परसौनी, परोका व करनी में दुर्गा पूजा मनायी जाती है। इटखोरी टाल दुर्गा पूजा में प्रखंड भर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुँचकर पूजा अर्चना करते थे। पूर्व में टाल दुर्गा पूजा में राजा के द्वारा भैंसा की बलि चढ़ाई जाती थी। राजा के निधन के बाद भुआ की बलि चढ़ाई जाती है। आज भी परंपरा कायम है। दुर्गा पूजा के कलश स्थापित में राजा के गढ़ से मिट्टी लाने की। पुजारी रंजन पांडेय के द्वारा राजा के गढ़ से मिट्टी लेकर वापस एक पैर पर मंडप पहुंचकर मिट्टी को कलश स्थापित की जाती है। यह बात राजा के पोता मिथलेश सिंह ने बतायी। राजा गढ़ में अवशेष बचे है। दुर्गा पूजा में ड्रामा, थियेटर, सर्कस समेत कई मनोरंजन के साथ पूजा मनाई जाती थी। पश्चात बाद में पर्दे पर रामायण, महाभारत और अब आर्केष्ट्रा, भक्ति जागरण दिखाई जाती है। पूर्व में मेला देखवे बढ़ी संख्या में गांव के लोग बैलगाड़ी, साइकिल समेत साधन से पहुंचते थे। दुर्गा पूजा जाने के लिए टेढ़ी मेढ़ी रास्तो को पार कर टाल पहुंचते थे। टाल दुर्गा पूजा में चतरा के कारीगर विनोद प्रजापति 15 वर्षों से प्रतिमा बना रहे है। अब तो चारो और पीसीसी सड़क बन गयी है। पहले पूजा में कलश स्थापना से ही लोगों में मेला देखने की उमंग रहती थी। अब प्रखंड में पीतीज, करनी, परोका, परसौनी, इटखोरी चौक, ढोड़ी मंधनियाँ और मयूरहंड में दुर्गा से मनाई जाती है।

**ये तीनो पुजारियों ने नवरात्रा पाठ में लगे है**

शिवकुमार पांडेय, रंजन पांडेय व दिलीप पांडेय के द्वारा दुर्गा पंडप में नवरात्रा पाठ में लगे है। मुखिया युगेश्वर दांगी समेत कई सदस्य पंडप में पाठ रख मंत्रोचारण में लगे है।

**दुर्गा पूजा कमिटी का इस प्रकार हुआ विस्तार**

दुर्गा पूजा के अध्यक्ष तापेश्वर गिरी, सचिव नरेश राम, कोशाध्यक्ष प्रवीण सोनी, उपाध्यक्ष अरविंद गिरी को बनाया गया।

**कार्यकारिणी सदस्यों की सूची**

राजन गिरी, मुकेश पांडेय, राजू गिरी, पप्पू ठाकुर, परिवर्तन गिरी, ललन गिरी, अमित गिरी समेत सदस्यों ने दिन रात मेहनत कर पूजा को सफल बनाने ने लगे है।

## सौंदा 'डी' में मवेशियों की दवा का हुआ वितरण



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सौंदा 'डी' पंचायत भवन में गुरुवार को विशेष पशु चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें गाय, भैंस, बकरी और सूकर का इलाज और निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। इस दौरान गायों में फैल रही लंप्सी स्कीन की बिमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाते हुए मवेशी की देखभाल और इलाज के बावत जानकारी दी गई। शिवर को सफल बनाने में मुख्य रूप से पतरातू प्रखंड के अधिकारी डॉ. अशोक कुमार, डॉक्टर जवाहर सिंह, सहयोगी प्रेमचंद सिंह, मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, उप मुखिया संजय भारती सहित अन्य ने योगदान दिया।

## दुर्गापूजा को लेकर कुजू ओपी परिसर में बैठक



**कुजू (आजाद सिपाही)।** शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा पर्व मनाने को लेकर कुजू ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद ने की। बैठक में मुख्य रूप से मांडू अंचल निरीक्षक सुरेश कुमार वर्णवाल मौजूद रहे। बैठक में ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद व सीआई सुरेश वर्णवाल ने मौजूद पूजा कमिटियों के सदस्यो से क्षेत्रवार पूजा पंडाल व कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी ली। वही, पूजा समिति सदस्यों को कई आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए पूजा को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की बात कही। साथ ही, असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए पंडाल परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाने पर बल दिया। वहीं, समिति सदस्यों व जनप्रतिनिधियों ने भी पूजा शांतिपूर्वक मनाने का भरोसा दिलाया। मौके पर ओपी प्रभारी ने कहा कि पूजा को देखते हुए जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। साथ ही, उन्होंने पूजा समितियों को मंदिर में आरती व विजयी दशमी के दिन रावण दहन में भीड़ को नियंत्रण के लिए पुलिस के साथ समिति के लोगों को भी सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मंदिर में भड़काव गीत न बजाने का निर्देश दिया। वही, किसी भी प्रकार की अफवाह पर लोग ध्यान न देंगे। किसी भी प्रकार की सूचना अगर मिलती है तो तत्काल पुलिस प्रशासन को इसकी जानकारी दें। मौके पर मांडू सीआई सुरेश कुमार वर्णवाल, ओपी के पुअनि कुमुद बागे, सअनि हीरालाल मुंडू, सअनि साबिर हुसैन, अमर सिंह, प्रेम प्रसाद, अर्जुन मेहता, इंदर गुप्ता, अरविंद कुमार, शिबु प्रसाद, धर्मराज राम, क्यूम खान, अशोक कुमार, जयकुमार ओझा, जीतेंद्र गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, अंशु गुप्ता,रतन प्रसाद साहू, शंभू लाल ठाकुर, लखन प्रसाद, हेमनी देवी, तपेश्वर महतो, इंद्रमोहन शर्मा, संतोष मेहता, कासिम, कुलदीप कुमार, रामकुमार, मोहसिन खान, अमित कुमार केशरी, मुबारक हुसैन, जगदीश महतो, रमेश ठाकुर, राजेश प्रसाद, मिथलेश मेहता, विजय पासवान, निर्मल करमाली, मो नफीस आलम, अशोक कुमार, मो अफजल, मो अली हुसैन, अजमत हुसैन, लाली बेदिया, फुलेश्वर महतो, विश्वामित्र महतो आदि मौजूद रहे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय बालकुदरा में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पीवीयूएन लिमिटेड द्वारा गुरूवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय बालकुदरा में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा मन को पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में जागरूक करना था। इस दौरान पारस्परिक सत्र का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राएं उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के शीर्ष छह अंक प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों की भी प्रशंसा और प्रोत्साहन के भाव से पुरस्कृत किया गया। मौके पर स्कूल प्रशासन ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों में नये उर्जा का संचार भरता है। साथ ही बच्चों में बौद्धिक क्षमता का भी विकास होता है। कहा गया कि वन्यजीव संरक्षण पौधों और जानवरों की प्रजातियों और उनके आवासों की रक्षा करने की प्रथा है। विश्व के पारिस्थितिक तंत्र के हिस्से के रूप में, वन्यजीव प्रकृति की प्रक्रियाओं को संतुलन और स्थिरता प्रदान करते हैं। वन्यजीव संरक्षण का लक्ष्य इन प्रजातियों के अस्तित्व को सुनिश्चित करना और लोगों को अन्य प्रजातियों के साथ स्थायी रूप से रहने के लिए शिक्षित करना है। वन्यजीव संरक्षण के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से आयोजित यह प्रतियोगिता बच्चों में नये उर्जा का संचार भरेगा। बताया गया कि कार्यक्रम पीवीयूएन के अभियान चलो स्कूल चले का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य बच्चों को स्कूल वापस लाना, उनकी शिक्षा सुनिश्चित करना और स्कूल छोड़ने की दर को और कम करना है।

## तस्करों की आर्थिक आय पर पुलिसिया प्रहार, अवैध अंग्रेजी शराब लदा पिकअप जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

**▶▶ लगातार छापेमारी व अवैध शराब जप्त के बाद तस्करों की टूटी कमर, भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जप्त**

अजय चौरसिया



**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा में अवैध शराब तस्करों के विरुद्ध एक बार फिर पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जिले के हंटरगंज थाना पुलिस ने अवैध शराब लदा पिकअप वाहन जब्त कर तस्करों के आर्थिक श्रोत पर कड़ा प्रहार किया है। बिहार-झारखंड सीमा पर स्थित हंटरगंज-कौलेश्वरी मुख्य पथ पर स्थित कटैया जंगल के समीप से वाहन चेकिंग अभियान के दौरान नीरज कुमार नामक एक तस्कर को दबोचा गया है। गिरफ्तार तस्कर का तार अंतर्राज्यीय गिरोह के शराब माफियाओं से जुड़ा है। एससीपीओ ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तस्कर चतरा से तस्करी के लिये अवैध अंग्रेजी शराब का खेप बिहार ले जा रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ही कौलेश्वरी की ओर से आ रहे शराब लदे पिकअप गाड़ी को जप्त किया गया। जप्त गाड़ी से 20 कार्टून में बंद 750, 375 और 180' का 708 बोतल गोल्डन जुबली व्हिस्की जप्त किया गया है। वहीं मौके से पिकअप गाड़ी को स्काट कर रहे तस्करों के हीरो पैशन प्रो बाइक और एक मोबाइल को भी जप्त किया गया है। हालांकि इस दौरान बाईक सवार तस्कर पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे। एसडीपीओ ने बताया कि जप्त शराब रांची से चतरा लाया गया था। यहां से बिहार में तस्करी के लिये भेजा जा रहा था। लगातार पुलिस के छापेमारी से तस्करों की कमर टूटी।

## रामगढ़ विधानसभा में महिलाओं के सहयोग से आजसू परचम लहरायेगी : रेखा देवी



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अध्यक्ष महिला मोर्चा रामगढ़आजसू पार्टी के महिला मोर्चा के द्वारा रामगढ़ प्रखंड के बारलॉन्ग पंचायत समिति की महिलाआजसू मोर्चा कमेटी का गठन किया गया ! इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में महिला मोर्चा रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष रेखा देवी उपस्थित हुई ! महिला संगठन को विस्तार करते हुए पार्टी द्वारा कई महिला पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष कंचन देवी, सचिव रीना देवी, कार्यकारी अध्यक्ष सोना मति देवी, कोषाध्यक्ष सुषमा देवी को सर्व समिति से बैठक मैं निर्णय लेकर बनाया गया ! मौके पर नवनियुक्त महिला मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि पार्टी ने जिस भरोसे से हमें यह पद की जिम्मेवारी दी गई है हम लोग भरोसा दिलाते हैं कि आने वाले समय में रामगढ़ विधानसभा में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के बताए हुए मार्ग पर चलकर हमें रामगढ़ विधानसभा में अपना परचम लगाना है और महिलाओं को संगठित एवं मजबूत कर रामगढ़ विधानसभा की समाजसेवी सुनीता चौधरी को भारी मतों से जिताने के लिए हम लोग संकल्प लेते हैं !

# सतर्क रहे सरकार

एक सप्ताह के अंदर दो दौर की देशव्यापी छापेमारी सहित 240 से ज्यादा सदस्यों की गिरफ्तारी के बाद केंद्र सरकार ने पॉप्युलर फ्रंट ऑफ इंडिया और उसके आठ सहायक संगठनों को पांच साल के लिए बैन कर दिया है। सरकार का दावा है कि इन संगठनों का स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी), जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और आइएसआइएस जैसे संगठनों से जुड़ाव रहा है और ये प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से हिंसा और आतंकी घटनाओं में शामिल रहे हैं। हालांकि ये संगठन आरोपों से इनकार करते हैं और बैन किए गए इन नौ संगठनों में से एक कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया (सीएफआइ) ने फैसले को अदालत में चुनौती देने की बात भी कही है। बहरहाल, इस बैन से जुड़े कुछ अहम पहलू हैं, जिन पर विचार करना जरूरी है। पीएफआइ खुद को एक सामाजिक, सांस्कृतिक संगठन कहता है। अपने आनुषंगिक संगठनों के जरिए वह ऐसे बहुत सारे सामाजिक कार्यों को अंजाम देता है, जिन्हें सामान्य लोग नेक काम के रूप में देखते हैं। ऐसे में स्वाभाविक है कि संगठन के प्रभाव क्षेत्र में रहने वाली आबादी का एक बड़ा हिस्सा उस पर लगे आरोपों को सहज ही स्वीकार न कर पाये। हालांकि यह बात समझी जा सकती है कि इन संगठनों के खिलाफ चल रहे ज्यादातर मामले जांच प्रक्रिया के अधीन हैं, इसलिए जांच एजेंसियों के पास जो सबूत होंगे भी, वे सारे के सारे सार्वजनिक नहीं किये जा सकते। इससे जांच प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। फिर भी यह ध्यान में रखना जरूरी है कि अगर आम लोगों के बीच इस संगठन के प्रति सहानुभूति की भावना किसी भी वजह से बनी रह गयी, तो उससे बैन लगाने का मकसद प्रभावित होगा। इसी से जुड़ा एक पहलू यह है कि चूंकि इन संगठनों पर खास समुदाय के लोगों में कट्टरता फैलाने और अन्य धर्मों से जुड़े लोगों के खिलाफ नफरत की भावना भड़काने का आरोप है, इसलिए यह और जरूरी हो जाता है कि सरकार या सत्ता पक्ष से जुड़े अन्य संगठन इस मामले में खास तौर पर पाक-साफ नजर आयें। अगर इन संगठनों पर किसी भी रूप में धार्मिक पक्षपात करने या किसी धर्म विशेष के प्रति नफरत फैलाने की मुहिम से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप में जुड़े होने के आरोप लगेंगे तो सरकार की ऐसी कार्रवाइयों का असर कम होगा। अतीत में धर्म संसद जैसी घटनाएं हो चुकी हैं, इसलिए और ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। तीसरी और आखिरी बात यह है कि अब तक ये संगठन खुले रूप में चल रहे थे तो इन पर नजर रखना आसान था। बैन होने के बाद बहुत संभव है कि इनसे जुड़े कुछ तत्व गोपनीय रूप से राष्ट्रविरोधी या आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करें। वैसे भी अनुभव बताता है कि बैन करने मात्र से किसी संगठन का प्रभाव हमेशा के लिए खत्म नहीं हो जाता। जाहिर है, सरकार को आगे और ज्यादा सतर्कता से कदम बढ़ाने होंगे।

**अतीत में धर्म संसद जैसी घटनाएं हो चुकी हैं, इसलिए और ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। तीसरी और आखिरी बात यह है कि अब तक ये संगठन खुले रूप में चल रहे थे तो इन पर नजर रखना आसान था।**

अभिमत

आजाद सिपाही

**नरेंद्र मोदी के रूप में देश को एक ऐसा सशक्त व निर्णायक प्रधानमंत्री मिला है, जिसने दशकों से अपने अधिकारों से वंचित करोड़ों गरीबों को विकास की मुख्यधारा से जोड़कर ना सिर्फ उन्हें समाज में गरिमामय जीवन दिया बल्कि अपने अथक परिश्रम से विश्व भर को बता दिया कि प्रजा पक्षीय नेतृत्व कैसा होता है। 2014 में पहली बार देश की बागडोर थामने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता है।**

# विश्व के नायक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



**आदित्य साहू**



भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर से महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा' का आयोजन कर रही है। सेवा कार्यों के माध्यम से कार्यकर्ता समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़ कर समस्याओं का समाधान करेंगे। हर बार की तरह इस बार भी दो हफ्तों का कार्यक्रम पूरे देश भर में चलेगा। नरेंद्र मोदी के रूप में देश को एक ऐसा सशक्त व निर्णायक प्रधानमंत्री मिला है, जिसने दशकों से अपने अधिकारों से वंचित करोड़ों गरीबों को विकास की मुख्यधारा से जोड़कर ना सिर्फ उन्हें समाज में गरिमामय जीवन दिया बल्कि अपने अथक परिश्रम से विश्व भर को बता दिया कि प्रजा पक्षीय नेतृत्व कैसा होता है।

2014 में पहली बार देश की बागडोर थामने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता है। प्रधानमंत्री के रूप में देश की सत्ता पर विराजित होते हुए 8 साल बाद आज भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता देश और दुनिया में बढ़ती ही जा रही है। प्रधानमंत्री में नायकत्व की झलक अगर देश की करोड़ों जनता देखती है तो इसके पीछे उनके बड़े फैसले एवं नीतियां हैं।

**दुनिया के 98 देशों को कोरोना वैक्सीनेशन की 17.5 0 करोड़ डोज भेजने के साथ और भी कई तरह के मानवीय कामकर भारत विश्व गुरु बन कर उभरा।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सर्जिकल और एयर स्ट्राइक के जरिए भारतीय सेना का पराक्रम को देश ने देखा। वन नेशन वन टैक्स के लिए जीएसटी, सवर्ण आरक्षण, अनुच्छेद 370 को खत्म कर आतंकवाद पर नकेल कसने, तीन तलाक पर पाबंदी और नागरिकता संशोधन कानून भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति शक्ति को दर्शाता है।

विगत 8 साल में अच्छे दिन से लेकर आत्मनिर्भर भारत तक का सफर तय हुआ और उससे पूरी दुनिया में भारत को एक अलग पहचान मिली ।विश्व के सबसे बड़े कोरोना वैक्सिनेशन अभियान ने पूरी दुनिया में मोदी जी के कामों का लोहा माना ।कोरोना महामारी के दोनों काल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 'अंत्योदय योजना 'को साकार करते हुए देश के 80 करोड़ जनता के लिए प्रति व्यक्ति 5 किलो अनाज का इंतजाम किया।

सरकार ने निर्णय लिया कि सरकारी योजनाओं को सीधा लाभ लाभार्थियों तक पहुंचाया जाये, इसकी उन्होंने गारंटी की। शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं को केंद्र कर विभिन्न तरह की योजनाएं लायी गयी। जन धन योजना, उज्जवला योजना, पीएम आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं ने देश के एक बड़े वर्ग को बहुत बड़ी भेंट दी है।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, स्टैंड अप इंडिया ने नए भारत के निर्माण में तो मील का पत्थर साबित हुआ है।

कोरोना काल के दोनों लहरों का सामना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को संतुलित रखा ।कृषि के क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को अपनाकर कृषि में क्रांतिकारी और ऐतिहासिक बदलाव करने की कोशिश जारी है। कई दशकों से चली आ रही किसान विरोधी बाजार नीति को बदलकर बाजार समितियों का आधुनिकीकरण करने के साथ-साथ बाजार समितियों के किसान विरोधी नियम और कायदों को निरस्त करने का साहसिक निर्णय लिया। सभी किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य मिले और यह मूल्य हर साल बढ़ाया जाए ,इसकी गारंटी की गयी।

पर्यावरण के क्षेत्र में दुनिया के महान लोगों ने पर्यावरण के लिए भारत द्वारा किए जा रहे काम के लिए भारतीय नेतृत्व की सराहना की। राज्यों के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत ने मोदी जी के नेतृत्व क्षमता को और भी मजबूत किया।

दुनिया के 98 देशों को कोरोना वैक्सीनेशन की 17.5 0 करोड़ डोज भेजने के साथ और भी कई तरह के मानवीय कामकर भारत विश्व गुरु बन कर उभरा। 8 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और निर्णयों ने देश के हर वर्ग, हर धर्म ,हर संप्रदाय के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं में मोदी है तो मुमकिन है कि उम्मीद जगी है।

पूरी दुनिया में पहली घटना है, जो रेखांकित करने वाली बात है कि भारत में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ युद्ध चल रहा है ।दशकों से जो 'भ्रष्टाचार का घुन' देश को अंदर ही अंदर खाए जा रहा था, उस भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक लड़ाई की घोषणा प्रधानमंत्री ने लाल किले से की है।

विश्व में मोदी जी की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अमेरिका दौरे के समय न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार के फ्रंट पेज पर प्रधानमंत्री मोदी जी की फोटो छपी थी ,जिसमें लिखा गया था कि दुनिया के सबसे चहेते और सबसे ताकतवर नेता हमें आशीर्वाद देने आए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रयोग धर्मी और लीक से हटकर लगातार काम करने वाले विलक्षण नेता है। प्रधानमंत्री मोदी का नाम एक ऐसे नेता के रूप में प्रमुखता से लिया जाएगा ,जो स्वतंत्र भारत में मन की बात कार्यक्रम के द्वारा लोगों के साथ सीधा संवाद करते हैं ।

मोदी जी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की नींव डालकर भारतीय संस्कृति, पहचान और राष्ट्रवादी मूल्य को स्थापित किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक सामाजिक सांस्कृतिक और आर्थिक क्रांति की तरफ बढ़ तेजी से बढ़ रहा है।

पड़ोसी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखते हुए नरेंद्र मोदी ने अमेरिका जैसी महाशक्ति के साथ-साथ यूरोपीय देशों के साथ भी घनिष्ठ संबंध बनाये रखा हैं, जो उनके नेतृत्व क्षमता को ही दर्शाता है।

कोरोना महामारी के बाद पूरा विश्व मंदी के दौर से गुजर रहा है। यूरोप, अमेरिका ,चीन जैसी महाशक्तियां तथा अन्य विकसित देशों की भी स्थिति इस मंदी में नाजुक दौर से गुजर रहा है। हमारे पड़ोसी देश जैसे श्रीलंका, बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, भूटान आदि देशों की आर्थिक स्थिति अति गंभीर स्थिति में पहुंच चुका है। जहां महंगाई चरम पर है, लोगों के लिए भोजन मिलना दुष्कर बन गया है। ऐसी स्थिति में इन परिस्थितियों का मुकाबला करते हुए भारत ने आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाये रखा। जिसका प्रमाण है कि वैश्विक आंकड़ा भी भारत के आर्थिक मजबूती को दर्शा रहा है। हाल में आजादी के अमृत महोत्सव पर भारत ब्रिटेन को पछाड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत जर्मनी को पछाड़कर वाहन बाजार में विश्व का सबसे बड़ा बाजार बन गया है ।और देखा जाय तो इस तरह भारत विकासशील देश से विकसित राष्ट्र बनने की ओर तेजी से अग्रसर है।

देश के हित के लिए समय से आगे सोचने और समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास के प्रति समर्पित, दूरदर्शी, निर्णायक नेतृत्व और अथक परिश्रम के प्रतीक विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं- जिनका मूलमंत्र : सबका साथ- सबका विकास- सबका विश्वास और सब का प्रयास है। भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश कमेटी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 'सेवा पखवाड़ा 'कार्यक्रम के माध्यम से पूरे राज्य भर में सेवा कार्य चलाएगी और एक-एक कार्यकर्ता इस अभियान को सफल करने में अपना पूरा योगदान देंगे।

**(लेखक : भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद हैं।)**

# पीएफआइ पर प्रतिबंध वरदान या अभिशाप



**मंसूर खान**

जब से सरकार ने पीएफआइ पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है बहुत सारे लोग मुख्य रूप पीएफआइ से सहानुभूति रखने वाले इस कदम पर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। कुछ एक ने तो इसे मुस्लिम समुदाय के खिलाफ सोची समझी भेदभाव करार दिया, तो कुछ ने तो इसे क्रांति आवाज पर रोक बताया। इस कदम पर किसी निर्णय पर पहुंचने से पहले यह आवश्यक है कि प्रतिबंधित संगठन की गतिविधि एवं कार्यप्रणाली का अवलोकन किया जाये। आतंकी विचारधारा को समर्थन देने वाला पीएफआइ लोकतंत्र और मजहबी निरपेक्षता को दूषित करता है और मानता है कि भारतीय संविधान इस्लाम के मूल सिद्धांतों से विपरीत है। पीएफआइ ने हमेशा से बल दिया है कि एक सच्चा मुसलमान भारतीय संविधान में कभी भी आस्था या निष्ठा नहीं रख सकता है। यह इस्लानम के प्रचार-प्रसार के लिए बल प्रयोग को सही ठहराता है। मुसलमानों को मौलिक रूप से प्रेरित करता है और भारतीय उपमहाद्वीप के देशी सद्भावपूर्ण इस्लम को एक कट्टरपंथी संस्कीरण में बदलने का प्रयास करता है। अलकायदा ने स्थिति बयां करते हुए कहा था कि इस्लामिक राज्य बनाने में भारतीय धर्मनिरपेक्ष एक मूलभूत बाधा है जो कि पीएफआइ की विचारधारा को ध्वनित करता है। जकात के नाम पर पीएफआइ प्रत्येतक वर्ष करोड़ों रुपया इकट्ठा करता है। सीधे-साधे मुसलमान इस आशा पर पीएफआइ को जकात देते हैं कि उनके पैसे जरूरतमंदों की भलाई पर खर्च होगा, जबकि उनमें से कुछ को ही पता है कि हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय ने यह स्पष्ट किया कि दान में दिये हुए पैसे शाहीन बाग मुख्यालय में बिना कोई लेखा-जोखा के पाये गये। जांच में यह भी पता चला कि पैसे को एंटी सीएए कार्यक्रम के दौरान पूरे देश में बांटा गया था। कुरान के आयत 9:60 में अल्लाह ने स्पष्ट रूप से कहा है कि दान केवल जरूरतमंदों और निराश्रितों बंदियों को मुक्त करने, कर्जदारों के लिए, अल्लाह के कारणों के लिए इस्तेमाल होगा। सीमित ज्ञान के साथ कोई भी नौसिखिया आज आसानी से यह समझ सकता है कि पीएफआइ इनमें से किसी भी श्रेणी में नहीं आता।

पीएफआइ के पास एक वरिष्ठ संवर्ग है, जो कि इन घटना में संलिप्त रहने वाले कार्यकर्ताओं को आकस्मिक अवस्था में दुश्मन पर हमला करवाना, उन्हें हथियार, रहने का स्थान, पैसा आदि मुहैया कराता है। ऐसे ही एक वरिष्ठ कार्यकर्ता का नाम सादिक है, जो कि पीएफआइ द्वारा मैंगलोर में 2008 में आयोजित परेड का ध्वजवाहक था, उसने बताया कि उनके आदमी ने लालकृष्ण आडवाणी की सुरक्षा में मुस्तैद एनएसजी कमांडों की हत्या की। पीएफआइ जो कि अपने आप को साफ-सुथरा संगठन बताता है, खाड़ी देशों में काम करने वाले भारतीय मुसलमानों से करोड़ों में धन इकट्ठा करता है और हवाला के माध्यम से इसे भारत भेजता है। पकड़ में आने से बचने के लिए पैसे को एक बार में 10 लाख से अधिक नहीं रखा जाता था। इसमें कोई भी आश्चर्य नहीं है कि पीएफआइ कार्यकर्ता सादिक हत्या करवाने के लिए गुर्गे की भर्ती करता था। पीएफआइ कहता है कि शहादत की चाहत है ईमान वालों की विशेषता। परंतु पीएफआइ के अधिकारियों से पूछना चाहिए कि शहादत को साबित करे। क्या यह जरूरी है कि एक शिक्षक का हाथ काटना जरूरी था। गैर मुस्लिम की जघन्य हत्या या आतंकी कृत्य में लिप्त होना इत्यीदि। तुर्क लेखक हारून याहिया (अदनान ओख्तार) ने एक बार कहा था कि इस्लाम मजहब कभी भी आतंकवाद का मुकाबला नहीं कर सकता। इसके विपरीत (निर्दोष लोगों की हत्या) इस्लाम में आतंक एक महान पाप है। इन कृत्यों को रोकने और दुनिया में शांति और न्याद्ध लाने के लिए मुसलमान जिम्मेदार है। तथ्यों को आधार बना कर किसी संगठन को प्रतिबंधित करना सरकार की जिम्मेदारी है। यह तथ्य पर आधारित है या नहीं, इसका फैसला अदालत करेगी। परंतु मानव जाति के नाते हमें इस फैसले का समर्थन करना चाहिए, जिससे पीएफआइ जैसे चरमपंथी संगठन को समाज में घृणा फैलाने से रोका जा सके और भारत को रहने के लिए एक सुंदर जगह बनाया जा सके।

**(लेखक : सूफी इस्लामिक बोर्ड के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने एनपीए खाता आरोग्यम अस्पताल जमशेदपुर से संबंधित संपत्ति की ई-नीलामी की



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** डी आर टी राँची के वसूली अधिकारी कन्हैया कुमार द्वारा वसूली प्रमाण पत्र के निष्पादन के तहत एक कार्रवाई के रूप में बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ एनपीए खाता आरोग्यम अस्पताल, जमशेदपुर से संबंधित संपत्ति को सफलतापूर्वक ई निलामी के तहत बेचा गया। गुरुवार को संपत्ति को कन्हैया कुमार, आरओ, डीआरटी के सहयोग से डीआरटी द्वारा सफलतापूर्वक बेचा गया है। बिक्री की आय डीआरएम गौतम पॉल की उपस्थिति में मुख्य प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा रोसार्ब राँची आलोक कुमार को सौंप दी गई। गिरवी रखी गई संपत्ति की बिक्री से डिफॉल्टरों को कड़ा संदेश जाएगा। चेक सौंपने के दौरान डीआरटी रांची से बिजय कुमार, पी महाली, वसूली प्रभारी बैंक ऑफ बड़ौदा के ए के मिश्रा, बैंक ऑफ बड़ौदा के नोडल अधिकारी उत्तम सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा उपस्थित रहे। बैंक ऑफ बड़ौदा रांची क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार ने कन्हैया कुमार को उनके समर्थन के लिए बधाई दी।

### बारिश से गरीब आदिवासी परिवार का मिट्टी का घर ध्वस्त

**सामाजिक सेवा संघ प्रतिनिधिमंडल ने आपदा राहत कोष से मुआवजा की मांग की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधान सभा अंतर्गत मध्य गधड़ा पंचायत के रहने वाले आदिवासी परिवार के गजना टुडू का मिट्टी का घर बारिश के दौरान गिरने से परिवार की स्थिति दयनीय हो गया है। जानकारी मिलने पर सामाजिक सेवा संघ से अध्यक्ष राजेश सामंत मौके पर पहुंचकर गरीब आदिवासी परिवार की वस्तु स्थिति से अवगत हुए। गुरुवार को सामाजिक सेवा संघ के एक प्रतिनिधि मंडल सीओ के नाम एक आवेदन सौंप कर बीपीएल आदिवासी परिवार के लिए मुआवजा की मांग की। मौके पर सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष राजेश सामंत ने बताया परसुडीह थाना अंतर्गत मध्य गधडा पंचायत के रहने वाले आदिवासी परिवार का मिट्टी का घर विगत दिनों सितंबर माह में रुक-रुक कर भारी बारिश में गिर गया। गरीब आदिवासी बीपीएल परिवार घर बनाने में असमर्थ है। ठेकेदार के पास मजदूरी कर किसी तरह अपना रोजी-रोटी चला रहा है। घर गिरने से आर्थिक स्थिति के कारण परिवार के लोग किसी तरह रात्रि बिता रहे हैं। कभी भी बारिस में अधूरा टूटा घर गिरकर दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना है। समाजिक सेवा संघ आपदा राहत कोष के तहत उचित मुआवजा देने की मांग करता है ताकि गरीब बीपीएल आदिवासी परिवार का घर बन सके। मौके पर सीओ ने जल्द ही इसकी जांच करवा कर मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधिमंडल में सामाजिक सेवा संघ अध्यक्ष राजेश सामंत, अमित दास, छोटे सरदार राजेश मुंडा, हरप्रीत सिंह, लक्ष्मी बारदा के आलावे अन्य मौजूद रहे।

### नेक्सा शोरूम में क्रिकेटर सौरभ तिवारी ने ग्रैंड विटारा कार लांच की

**ग्रैंड विटारा कार कम लागत से ज्यादा माइलेज देने वाली मजबूत कार है, बुकिंग के तीन से चार माह बाद डिलीवरी किया जाएगा : एमडी किशन पारीक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**जमशेदपुर।** साकची कालीमाटी रोड स्थित नेक्सा शोरूम में मारुति के ग्रैंड विटारा कार का लॉन्चिंग समारोह का आयोजन किया गया। लॉन्चिंग के दौरान मुख्य अतिथि क्रिकेटर सौरव तिवारी शामिल हुए। इसके आलावे सम्मानित अथितियों में चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय आनंद मनका, डॉक्टर एन के दास सहित कई शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। नेक्सा के एमडी किशन पारीक व सीईओ प्रियांजली ने सभी अतिथियों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। नेक्सा शोरूम में नयी कार ग्रैंड विटारा का उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि सौरभ तिवारी व एमडी किशन पारीक के द्वारा संयुक्त रूप से अनावरण किया गया। इस अवसर पर नेक्सा शोरूम में केक काटकर खुशियां मनायी गयीं।

मौके पर नक्शा के एमडी किशन पारीक ने बताया कि साकची कालीमाटी नेक्सा शोरूम में जमशेदपुर की जनता के लिए नवरात्रि के उपलक्ष्य में ग्रैंड विटारा कार का लॉन्चिंग क्रिकेटर सौरभ तिवारी के द्वारा किया गया। ग्रैंड विटारा कार कम लागत से ज्यादा माइलेज देने वाली मजबूत कार है। बाजार में अन्य कारों से सबसे ज्यादा 27.97 किलोमीटर तक का माइलेज वाली कार है। बुकिंग के तीन से चार माह बाद डिलीवरी किया जाएगा। कार में लंबा सन ग्रुप है जो किसी अन्य कार में नहीं है। मारुति ग्रैंड विटारा की कीमत 10.45 लाख से शुरू होकर 19.65 लाख तक है। ग्रैंड विटारा 15 वेरीएंट्स में उपलब्ध है। ग्रैंड विटारा का बेस मॉडल सिग्मा है। टॉप वेरिएंट मारुति ग्रैंड विटारा अल्फा प्लस हाइब्रिड सीवीटी डीटी की कीमत 19.65 लाख है।

सीईओ प्रियांजली ने कहा पेप्को मोटर्स के 50 वर्ष पूरे होने के दिन साकची कालीमाटी रोड स्थित नेक्सा शोरूम में मारुति के ग्रैंड विटारा कार का लॉन्चिंग समारोह का आयोजन किया गया। इसके लिए हम लोगों में खुशी है। क्रिकेटर सौरभ तिवारी के द्वारा कार कार लॉन्चिंग किया गया। इलेक्ट्रिक व डीजल से चलने वाली ग्रैंड विटारा काफी मजबूत कार है। कार का आउटलुक बहुत ही बेहतर है। उन्होंने कहा उद्घाटन के पूर्व कई गाड़ी बुकिंग हो चुकी है।

लॉन्चिंग के दौरान जमशेदपुर के कई गणमान्य लोग उपस्थित होकर कार के संबंध में जानकारी ली।

महत्वपूर्ण न्यूज

## राजकीय सम्मान के साथ हुआ मृतक बीएसएफ जवान का अंतिम संस्कार



**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बलियारी गांव निवासी पूर्व शिक्षक राम नाथ दुबे के पुत्र व बीएसएफ के जवान 52 वर्षीय संजीव कुमार दुबे की मृत्यु 27 सितम्बर को हो गयी। वे पिछले दो महीना से पीलिया रोग से पीड़ित थे। पूरे राजकीय सम्मान के साथ मृतक जवान का अंतिम संस्कार सोन नदी के तट पर गुरुवार को किया गया। मृतक के बड़े पुत्र वरुण दुबे ने मुखाग्नि दी। हजारीबाग से आयी बीएसएफ जवानों की एक टुकड़ी अंतिम संस्कार में शामिल हुई। जिसने राइफल से 21 फायर कर मृतक जवान को सलामी दी। जवानों ने मृतक के पुत्र को तिरंगा प्रदान किया। उक्त तिरेंगे में लपेट कर मृतक के शव का अंतिम संस्कार किया गया। उक्त मार्मिक पल के अवसर पर सबों की आंखे नम हो गयीं। मृतक बीएसएफ के जवान संजीव कुमार दुबे आसाम में गुवाहाटी के कूच विहार में पिछले तीन वर्ष से पोस्टेड थे। वे 1991 में बीएसएफ जवान के रूप में योगदान किये थे। संजीव के दो पुत्र व एक पुत्री हैं। अभी तक किसी की शादी नहीं हुई है। मृतक का एक छोटा भाई जो दिल्ली में सीए थे उनकी भी मृत्यु कोरोना काल में हो गयी थी। अंतिम संस्कार के समय कई जनप्रतिनिधि सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## नगर पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने तीन योजनाओं का किया शिलान्यास



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर एक एवं तीन में गुरुवार को 64 लाख रुपये की लागत से बनने वाले तीन योजनाओं पीसीसी पथ, आरसीसी नाली एवं पटिया का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास नपं अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी एवं उपाध्यक्ष लता देवी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। इस मौके पर नपं अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी ने कहा कि आज जोखू खान के घर से मैनुद्दीन खान के घर तक पीसीसी पथ, मंजूर खान के घर से साहब खान के घर तक आरसीसी नाली पटिया निर्माण एवं डाकघर से पनबहवा नाला तक आरसीसी नाली पटिया निर्माण का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि नपं क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से किया जा रहा है। सभी वार्ड में पीसीसी पथ, आरसीसी नाली एवं पटिया निर्माण कराया जा रहा है। जिसका लाभ वार्डवासियों को मिल रहा है। नपं अध्यक्ष ने कहा कि दस दिनों के भीतर नगर पंचायत क्षेत्र में हर घर नल जल योजना के अंतर्गत जल मीनार का अधिष्ठापन किया जायेगा। जिससे वार्डों में प्रत्येक जल मीनार से 30 से 40 घरों में पाईप लाईन से शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जायेगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर गलत बयानबाजी करने वाले लोगों को आड़े हाथों लेते हुये कहा कि जिन लोगों को विकास नजर नहीं आ रहा है वे लोग पावर वाला चश्मा लगाकर वार्डों में जाकर देखें सब पता चल जायेगा कि विकास हो रहा है या नहीं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, वार्ड पार्षद नसरुल्ला खां, रंजन कुमार छोटू, जेई उदय शंकर, सुमित कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## 12 गोवंशीय पशुओं के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस ने गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर अरंगी रेलवे स्टेशन के पास से तस्करी के लिए ले जाये जा रहे 12 गोवंशीय पशुओं के साथ दो पशु तस्करों को पकड़ कर जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिबंधित पशुओं को तस्करी के लिए अरंगी रेलवे स्टेशन के तरफ से गढ़वा की ओर ले जाया जा रहा था, जिसकी सूचना थाना प्रभारी नीतीश कुमार को मिली। सूचना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए दो पशु तस्करों को एक दर्जन पशुओं के साथ पकड़ कर थाना लाया गया तथा उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी। पकड़े गए तस्कर बिशुनपुरा थाना क्षेत्र के प्रतिहारी गांव निवासी कुर्बान अंसारी पिता जारत अंसारी तथा नगर उंटारी थाना क्षेत्र के चेचारिया गांव के किताबूद्दीन खान पिता बकलू खान शामिल हैं। दोनों के खिलाफ झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दोनों पशु तस्करों को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है तथा बरामद पशुओं को मेराल थाना क्षेत्र के ग्रामीणों को जिमेंनामा पर सौंप दिया गया है।

विवाद : विधायक भानु ने पूजा कमेटी को भूमि विवाद शीघ्र सुलझाने का दिया आश्वासन, कहा

# भूमि विवाद के लिए देवी-देवताओं का पूजा-पाठ छोड़ना उचित नहीं है

टाइगर क्लब के सदस्यों एवं ग्रामीणों के साथ पंडाल एवं मंदिर में स्वयं पूजा कर नवरात्र की पूजा शुरू करायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**धुरकी।** धुरकी प्रखंड के टाटीदीरी गांव के युवा टाइगर क्लब व ग्रामीणों के द्वारा दुर्गा पूजा के दौरान रामलीला मंच ड्रामा के लिए दान की गई भूमि से कब्जा हटाने के विवाद को गहराने के बाद बुधवार को क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही टाटीदीरी पहुंचे और विवादित भूमि से कब्जा हटाने के लिए आक्रोशित पूजा कमेटी के अध्यक्ष व सदस्य से बातचीत कर नाराज कमेटी के सदस्य व ग्रामीणों को उक्त भूमि का मामला शीघ्र रफा-दफा करने के आश्वासन के बाद कमेटी के लोग व ग्रामीण विधायक की बातों को मान गये। इसके बाद पूजा समिति के सदस्य व ग्रामीणों के साथ विधायक ने नवरात्र के तीसरे दिन सीओ, थाना प्रभारी, पूजा कमेटी के अध्यक्ष, सदस्य व ग्रामीणों के साथ पूजा पाठ की।

इधर इससे पूर्व झामुमो युवा नेता ताहिर अंसारी, जदयू के रविप्रकाश, डीएसपी प्रमोद कुमार केसरी, सीओ अरूण कुमार सिंह व थाना प्रभारी सदानंद कुमार के द्वारा आक्रोशित पूजा कमेटी व ग्रामीणों को पूजा पाठ करने के लिए तीन घंटे तक अथक प्रयास करते हुए समझाने के बाद भी उक्त कमेटी के लोग व ग्रामीण अपनी मांग को मनवाने के लिए अड़े हुए थे। वहीं डीएसपी, सीओ व थाना प्रभारी के द्वारा आग्रहपूर्वक समझाने और शीघ्र विवादित भूमि का मामला रफा-दफा करने के लिए कहा गया लेकिन इसके बाद भी पूजा कमेटी व ग्रामीण नहीं माने थे। इसके बाद अंततः क्षेत्र के विधायक भानु प्रताप शाही शाम को चार बजे टाटीदीरी गांव पहुंचे और उक्त लोगों से पूरी घटनाक्रम की जानकारी लेने के बाद अंततः पूजा कमेटी के सदस्य और ग्रामीणों ने विवादित भूमि का कारण सीआइ विभुती नरायण सिंह के करतूत को बताकर उजागर किया। इसके बाद विधायक शाही सीआइ पर बिफर पड़े और पूजा कमेटी व ग्रामीणों को सीआइ पर कार्रवाई कराने के लिए आश्वस्त किया। इसके बाद विधायक शाही ने पूजा कमेटी के सदस्य और ग्रामीणों के साथ पंडाल व मंदिर में पूजा अर्चना की। विधायक ने कहा की भूमि विवाद के लिए देवी देवताओं का पूजापाठ नहीं करना आस्था व धर्म के लिए कहीं से भी उचित नहीं है।

इस दौरान सीओ अरूण कुमार सिंह, थाना प्रभारी सदानंद कुमार, पूजा कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश पासवान, विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव, रामप्रवेश गुप्ता, मंडल महामंत्री मंगल यादव, मनोज सिंह, बीडीसी सुरेंद्र साव, पंकज गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## एसडीओ ने दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था बनाये रखने के दिये निर्देश



एसडीओ एवं एसडीपीओ ने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अफसरों के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** एसडीओ आलोक कुमार एवं एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने गुरुवार को दशहरा एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर अनुमंडल कार्यालय के सभागार में सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अफसरों के साथ बैठक की। बैठक में सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अफसरों को एलर्ट रहने एवं पूजा के दौरान अशांति, विधि व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्तियों एवं असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध निषेधात्मक कार्रवाई के लिये 30 सितंबर तक कार्यालय में प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने सभी सीओ एवं थाना प्रभारी को सभी पूजा समिति से पूजा आयोजित करने व जुलूस निकालने संबंधी आवेदन पत्र प्राप्त कर पुलिस निरीक्षक के माध्यम से एसडीपीओ को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

एसडीओ ने सभी थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत डीजे संचालकों से तेज ध्वनि में एवं अश्लील तथा उत्तेजक गाना आदि नहीं बजाने से संबंधित अंडरटेकिंग प्राप्त कर लेने, पूजा समिति के साथ बैठक कर मूर्ति विसर्जन के तिथि व समय व स्थल की जानकारी प्राप्त कर लेने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बीडीओ एवं सीओ को मूर्ति विसर्जन के स्थलों की विधिवत जांच कर वहां पर स्थानीय तैराक एवं ट्यूब आदि की व्यवस्था अपने स्तर से कराना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मूर्ति विसर्जन के दौरान जुलूस आदि निकलने के दौरान सीसीटीवी कैमरा एवं वीडियोग्राफी की व्यवस्था भी अपने स्तर से करने का निर्देश दिया। सभी थाना प्रभारी को अवैध शराब चुलाई एवं जुआ के खिलाफ छापेमारी का निर्देश दिया। पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर अविलंब बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारी को कार्रवाई करना सुनिश्चित करने एवं आवश्यकता पड़ने पर इसकी सूचना अनुमंडल नियंत्रण कक्ष में एवं जिला नियंत्रण कक्ष में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

बैठक में अनुमंडल के सभी बीडीओ, सीओ, पुलिस इंस्पेक्टर एवं थाना प्रभारी मौजूद थे।

# एक हजार छात्राओं पर दो शिक्षक देखकर आहत हुए उपनिदेशक

दशहरा के बाद शिक्षक प्रतिनियुक्त करने का छात्राओं को दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** अनुमंडल के परियोजना कन्या उच्च विद्यालय में क्षेत्र उपनिदेशक पलामू शिव नारायण साहू ने औचक निरीक्षण किया। शिक्षा उप निदेशक पलामू प्रमंडल ने परियोजना कन्या उच्च विद्यालय में आकर छात्राओं की समस्याओं को सुना। लगभग 1000 छात्राएं यहां पढ़ाई करती हैं, जिनके लिए मात्र दो शिक्षक हैं। दो शिक्षकों के भरोसे ही विद्यालय चल रहा है। जिससे छात्राओं का भविष्य अंधकारमय बना हुआ है। यहां की छात्राओं को पढ़ाना तो दूर की बात उन लोगों की उपस्थिति बना पाना भी दो शिक्षकों के बूते की बात नहीं है। अधिकांश छात्राएं भवन के तले पर इधर-उधर विचरण करती देखी जा सकती हैं। उपनिदेशक ने कहा कि विद्यालय की स्थिति काफी बदतर है। यहां पर शैक्षणिक माहौल नाम की कोई चीज नहीं है। झारखंड सरकार के शिक्षा निदेशक से बात कर शैक्षणिक माहौल बनाने के लिए प्रयास किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि छात्राओं को शिक्षा देने के लिए सरकार कटिबद्ध है। उन्होंने कहा दशहरा के बाद शैक्षणिक माहौल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जायेंगे। उन्होंने छात्राओं को आश्वासन दिया कि दशहरा के बाद आपको शिक्षक मिल जाएंगे। मैं निदेशक महोदय से इस विषय पर बात करूंगा। मौके पर मौजूद परियोजना कन्या उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार रजक, शिक्षक सत्येंद्र रजक, लिपिक सुधाकर कुमार, विनय कुमार तिवारी मौजूद थे।

## जमा दो उवि के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार हटाये गये

**कांडी (आजाद सिपाही)।** जमा दो उच्च विद्यालय कांडी के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार को विद्यालय के शैक्षणिक माहौल प्रभावित करने के आरोप में जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा के आदेशानुसार प्रसाशनिक दृष्टिकोण से अरविंद कुमार को प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद से मुक्त कर दिया गया। वहीं उनके स्थान पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक पीजीटी शिक्षक विद्यानी बाखला को बनाया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा के द्वारा जारी किए गए पत्र में जिक्र किया गया है कि शिक्षक अरविंद कुमार के खिलाफ जन प्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों के द्वारा लगातार लिखित शिकायत पत्र मिल रही थी।

## रंका में वज्रपात से वृद्ध की मौत

**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र के रमकंडा प्रखंड अंतर्गत रमकंडा गांव के निवासी संतोष साहू के घर ग्राम काला पहाड़ छतरपुर पलामू से लड़की देखने आये एक वृद्ध व्यक्ति की मौत शौच करने के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक का लड़का नंदलाल साव ने बताया कि वे लोग काला पहाड़ छतरपुर पलामू के रहने वाले हैं। रमकंडा निवासी संतोष साहू के घर लड़की देखने एवं छेका बरछेया करने आये हुए थे। आज सुबह शौच करने उनके पिताजी गए हुए थे। जहां शौच करने के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने रंका अनुमंडल मुख्यालय समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया, जिन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## मझिआंव में शहीद भगत सिंह की जयंती मनायी गयी



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह की जयंती मनायी गयी और साथ स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा जुलूस भी निकाला गया। बताते चलें कि मझिआंव बाजार स्थित मिडिल स्कूल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पिंकू सोनी के निर्देशन में छात्र-छात्राओं के द्वारा शहीद भगत सिंह की जयंती पर जुलूस निकाला गया। वहीं शिव शक्ति संघ दुर्गा पूजा कमिटी मंझिआंव के तत्वावधान में शहीद भगत सिंह को याद करते हुए पूरे विधि विधान से उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर जयंती मनायी गयी। इस अवसर शिव शक्ति संघ के सदस्यों के द्वारा एक-दूसरे को मिठाइयां भी खिलायी गयीं। वहीं इस अवसर पर अभिमन्यु सिंह, दीपक सिंह, शशिकांत सिंह, कौशल सिंह सहित दर्जनों की संख्या में भगत सिंह को चाहने वाले शिव भक्त उपस्थित थे।

झारखण्ड सरकार
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं० :– RCD/HAZARIBAG/802/2022-23

दिनांक :– 27.09.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, हजारीबाग गैरयोजना मद अंतर्गत बरकट्ठा तेतरॉन पथ के 16 कि.मी. में दुलकी नदी पर बने उच्चस्तरीय सेतु के LHS एवं RHS में 2.0 मी० ऊँचाई वाले गार्डवॉल एवं अन्य निर्माण कार्य, वित्तीय वर्ष 2022–23 |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू० 70,00,000.00 (सत्तर लाख रूपये मात्र) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 03 (तीन) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 10.10.2022 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 5. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.10.2022 12:00 बजे दिन तक |
| .6. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 9431326172 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651–2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :–
http://jharkhandtenders.gov.in, E-mail ID : eercdhazari-jhr@nic.in
Tel. No. – 06546-225818

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,हजारीबाग

PR 278964 Road(22-23).D

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,रॉंची



नाम–दिपिका दास, उम्र–17 वर्ष 05 महिना, रंग–सॉवला, ऊँचाई–4 फीट 9 ईंच पहनावा–स्कुल ड्रेस पहनी हुई है।

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि लापता लड़की दिपिका दास, पे0–स्व0 दयामय दास, सा0–छोटा मुरी, थाना–सिल्ली, जिला–राँची है जो दिनांक 30.06.2022 को घर से बिना बताए निकली जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में सिल्ली (मुरी), थाना काण्ड सं0–66/22, दिनांक–30.06.2022 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अत: सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़की कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक,सिल्ली राँची। –9431770066
थाना प्रभारी,सिल्ली राँची। –9431706153

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉंची

PR 278948 Police(22-23).D

बैठक : धुरकी में बीस सूत्री की बैठक में निर्धारित समयानुसार नहीं उपस्थित हुए एक भी कर्मी

# अध्यक्ष एक घंटे के बाद मीटिंग हॉल से नाराज होकर निकले बाहर

कहा- धुरकी प्रखंड के कर्मी बीडीओ से उपर के अधिकारी बन गये हैं

आजाद सिपाही संवाददाता



**धुरकी।** धुरकी प्रखंड कार्यालय में पूर्व निर्धारित समयानुसार गुरुवार को बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक में निर्धारित समयानुसार दोपहर 12 बजे से लेकर एक बजे तक बीस सूत्री अध्यक्ष इंजीनियर ओबैदुल्लाह हक अंसारी मीटिंग हॉल से अकेले बैठकर और एक घंटे तक इंतजार करने के बाद और किसी भी प्रखंड कर्मी के उपस्थित नहीं रहने के कारण मीटिंग हॉल से बाहर निकल गए।

बीस सूत्री अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव ने बताया कि बीडीओ द्वारा प्रखंड कार्यालय से ज्ञापांक 1088/ दिनांक 24.09.2022 को पत्र निर्गत कर आज की तारीख में बैठक निर्धारित की गई थी, लेकिन बैठक में 12 बजे से लेकर एक बजे तक एक भी प्रखंड कर्मी उपस्थित नहीं हुए थे।

इधर बीडीओ अरूण कुमार सिंह दशहरा पर्व के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण के लिए एसडीएम के द्वारा अनुमंडलीय बैठक में सभी सीओ, बीडीओ को बुला लेने के कारण उपस्थित नहीं हो पाये। वहीं इधर बीस सूत्री अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि व बीस सूत्री सदस्य विमला देवी ने कहा कि वे लोग बैठक में पत्र के अनुसार 12 बजे से लेकर एक बजे तक मीटिंग हॉल में बैठकर इंतजार करते रह गए, लेकिन बीडीओ के अलावा भी कोई कर्मी मीटिंग में उपस्थित नहीं हुए।

बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि धुरकी प्रखंड के कर्मी बीडीओ से उपर के अधिकारी बन गये हैं। वहीं इधर बीस सूत्री अध्यक्ष जब मीटिंग हॉल से बाहर निकले तब सभी सभी प्रखंड कर्मी मीटिंग हॉल में प्रवेश किये। इसके बाद बीडीओ भी अनुमंडल कार्यालय से मीटिंग समाप्त होने से पूर्व बीस सूत्री की बैठक में शामिल होने के लिए पहुंच चुके थे और बीस सूत्री अध्यक्ष को स्वयं फोन कर बैठक करने के लिए बोले भी, लेकिन बीस सूत्री अध्यक्ष नाराज होकर बाहर चले गए थे।

### अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम की बैठक में शामिल होने के कारण ससमय उपस्थित नहीं हो पाये : बीडीओ

बीडीओ ने बताया कि अनुमंडल कार्यालय में दुर्गा पूजा के लिए विधि व्यवस्था संधारण हेतु एसडीएम के द्वारा बैठक की गयी थी, जिसमे अनुमंडल के सभी सीओ-बीडीओ शामिल हुए थे। बीडीओ ने कहा उन्होंने स्वयं इस बैठक के लिए पत्र निर्गत कर सबको सूचना दी थी, लेकिन क्षेत्र में दुर्गा पूजा को लेकर शांति भंग ना हो इसके लिए जिला व अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट मोड में है। जिसके कारण बैठक में ससमय उपस्थित नहीं हो पाये। बीडीओ ने कहा कि अगली बार पुन: बीस सूत्री की बैठक के लिए तिथि निर्धारित की जाएगी।

कार्यालय, जिला परिषद, कोडरमा

Very Very Short – Request For Proposal (RFP)

पत्रांक......396... /जि0प0 दि0 27.09.22

1 विज्ञापनदाता का पदनाम – उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कायपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, कोडरमा
2 RFP जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय – 10–10–2022 अपराहन 5 बजे तक
3 RFP जमा करने का स्थान एवं समय – जिला परिषद, कार्यालय, कोडरमा
4 RFP खोलेने का स्थान, तिथि एवं समय – जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सभागार 11-10-2022 at 11.00 AM

जिला परिषद कार्यालय कोडरमा के द्वारा जिला परिषद के द्वारा निर्मित पार्क के संचालन / रखरखाव हेतु निविदा की मांग की जाती है:–

| क्रम | पार्क का नाम | सुरक्षित जमा राशि (वार्षिक) |
|---|---|---|
| 1 | जिला परिषद के द्वारा कोडरमा के लख्खीबागी में बनाये गये पार्क की बन्दोबस्ती | 200000 |

इच्छूक फर्म/ संस्थान उपरोक्त पार्क के बन्दोबस्ती हेतु अपना निविदा समर्पित कर सकती है। विस्तृत विवरणी koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, कोडरमा

PR 278901 Rural Development(22-23)#D

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 30 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


**उपलब्धि : 61वीं अंतरराष्ट्रीय सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता अंडर-17 बालिका वर्ग के फाइनल मैच में गुमला की टीम बनी चैंपियन**

# गुमला के खिलाड़ियों ने फिर लहराया परचम

**उपायुक्त गुमला ने इस जीत पर खिलाड़ियों को दी बधाई**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** 61वीं राष्ट्रीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल अंडर-17 बालिका वर्ग प्रतियोगिता 2022 में झारखंड का प्रतिनिधित्व आवासीय फुटबॉल बालिका प्रशिक्षण केन्द्र इंडोर स्टेडियम गुमला जिला की टीम चैंपियन बनी। इस फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ने मणिपुर को 3-1 से पराजित किया है।




इस जीत से चैंपियन झारखंड की टीम को ट्रॉफी के साथ तीन लाख पचास हजार रुपये राशि का नगद पुरस्कार दिया गया। दिल्ली में आयोजित इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन करने के लिए गोलकीपर ज्योत्सना बड़ा को बेस्ट गोलकीपर चुना गया और उन्हें पुरस्कार के रूप में पच्चीस हजार रुपये की नगद राशि दी गई। इसके साथ ही संत पैट्रिक स्कूल को बेस्ट स्कूल का पुरस्कार दिया गया। इसके लिए स्कूल को चालीस हजार रुपये की राशि दी गयी। गुमला की टीम के विजयी होने पर उपायुक्त सुशांत गौरव ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में भी गुमला जिला खेल के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करता हुआ आगे बढ़ता रहेगा।

**टीम में ये थे शामिल :** गत 19 सितंबर से 28 सितंबर 2022 तक चली इस फुटबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ी ज्योस्ना बारा, सूरजमुखी कुमारी, शिवानी टोप्पो, विकसित बारा, विनिता होरो, ममता कुमारी, रिया वर्मा, एलिजाबेद लकड़ा, सौलीना डांग, रश्मि मिंज , अलका इंदुवार, अनिता डुंगडुंग, अल्का कुंडुलना, नमिता कुमारी, वीना कुमारी, नीलम तिर्की, वीना केर-केट्टा, नीलम कुसुम लकड़ा जिनके साथ कोच वीना केरकेट्टा एवं मैनेजर कृष्णा उरांव शामिल थे।

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूर्व में भी लहराया है परचम

बताते चलें कि इससे पूर्व भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले की टीम ने अपना परचम फहराया था। 61वीं सुब्रतो मुखर्जी कप अंतराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में व अंडर 14 बालक वर्ग के खिलाड़ियों ने दिल्ली में आयोजित फाइनल मैच में उपविजेता का स्थान प्राप्त किया था। पुनः एक बार व अंडर 17 बालिका वर्ग की खिलाड़ियों ने 61वीं सुब्रतो मुखर्जी कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में जीत हासिल कर जिले को गर्वान्वित अनुभव करवाया। एक ही साल में दो बार जिले के खिलाड़ियों ने केवल गुमला का ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड का नाम रौशन कर इतिहास रचा है।

## एसपी ने पुलिस निरीक्षक कार्यालय बसिया का किया निरीक्षण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक, गुमला एहतेशाम वकारिब द्वारा पुलिस निरीक्षक कार्यालय बसिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभाग निरीक्षण के क्रम में पायी गयी त्रुटियों का अविलम्ब निराकरण करने का निर्देश दिया गया। लंबित पुराने कांडों का त्वरित गति से निष्पादन करने, उग्रवादियों और अपराधकर्मियों के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाने की बात कही। वहीं आम जनता के साथ मधुर संबंध स्थापित करते हुए उनसे अपराध नियंत्रण में सहयोग प्राप्त करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा गया कि पुलिस-पब्लिक संबंध में मधुरता लाने एवं आम जनता से दोस्ताना सम्पर्क स्थापित कर अपराध पर अंकुश लगाने का प्रयास करें। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बसिया,पुलिस निरीक्षक बसिया तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संत माइकल स्कूल में बच्चों को बुरी तरह पीटने वाले शिक्षक को पुलिस ने भेजा जेल

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के संत माइकल इंग्लिश मीडियम स्कूल के शिक्षक विकास उर्फ सिरिल कुजूर को आखिर कार जेल की हवा खानी पड़ी। उस के द्वारा बुधवार को 13 छात्रों को निर्ममता पूर्वक मारपीट करने का मामला तूल पकड़ लिया। गुरुवार को सभी बच्चों के अभिभावकों ने चैनपुर में जुलूस निकाला उसके बाद जुलूस स्कूल के गेट के पास धरने में बदल गया। आक्रोशित अभिभावकों ने स्कूल के गेट के पास धरना दिया साथ ही सड़क जाम कर शिक्षक और प्रिंसिपल की ग्रिफ्तारी की मांग करने लगे। बताया जा रहा है कि शिक्षक की मार से चोटिल कोई भी छात्र गुरुवार को स्कूल नहीं पहुंचे। सभी अभिभावक उक्त शिक्षक व प्रिंसिपल पर कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए सड़क जाम कर बैठ गए। मौके पर चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह दलबल के साथ पहुंचकर सभी अभिभावकों को समझाया और कहा कि आज ही उक्त शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगाष थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद अभिभावक धरना से उठे।

## बीडीओ ने छात्रों की पिटाई के मामले से संबंधित पत्र उपायुक्त को भेजा

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** संत माइकल इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षक के द्वारा बच्चों की पिटाई के मामले में चैनपुर बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह ने उपायुक्त गुमला को पत्र प्रेषित कर मामले से अवगत कराते हुए बताया है कि शिक्षक विकास कुजूर के द्वारा संत माइकल इंग्लिश मीडियम स्कूल चैनपुर के कक्षा छठी में पढ़ने वाले 14 वर्ष से कम उम्र के 13 छात्रों को क्लास का दरवाजा बंद कर अमानवीयता का परिचय देते हुए शिक्षक पद को कलंकित करते हुए मारपीट की गयी है। जांच के क्रम में पाया गया है कि सभी 13 छात्र शिक्षक की पिटाई से बुरी तरह चोटिल हैं। इधर चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि आरोपी शिक्षक की गिरफ्तार कर लिया गया है और शिक्षा अधिकार अधिनियम कानून के तहत विभिन्न धाराओं एवं क्रूरता अधिनियम की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी शिक्षक को जेल भेज दिया गया।

# मौलाना हाजी इब्राहिम मिस्बाही के जनाजे में शामिल हुए हजारों लोग

**मौलाना मिस्बाही के निधन की खबर के साथ राज्य भर में शोक की लहर है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड के सुप्रसिद्ध, गंगा जमुनी तहजीब के हाजी हजरत मौलाना अलहाज इब्राहिम मिस्बाही के निधन की खबर के साथ राज्य भर में शोक की लहर है। उन्हें नम आंखों से गुमला कब्रिस्तान में हजारों लोगों ने सुपुर्द ए खाक किया। जनाजे में भारी संख्या होने के कारण सिसई रोड स्थित भट्टी तालाब के निकट सड़क पर ही नमाजे जनाजा पढ़ाई गई। नमाजे जनाजा मरहूम इब्राहिम मिस्बाही साहब के पुत्र हाफिज सद्दाम हुसैन ने पढ़ाई। मौलाना इब्राहिम मिस्बाही साहब सुन्नी मसलक के एक जाने माने और बुजुर्ग शरीयत पर चलने वाले



एक प्रखर अलीम थे। उनके बयान सुनने के लिए लोहरदगा, सिमडेगा, लातेहार पलामू रांची खूंटी व गुमला जिला के विभिन्न गांव के लोग अपने होने वाले सीरत ए मोहम्मदी पर होने वाले जुलूस और जलसों में उन्हें श्रद्धा पूर्वक आमंत्रित करते थे। स्व. मौलाना इब्राहिम मिस्बाही उर्दू सहायक शिक्षक के तौर पर भी गुमला और सिमडेगा जिला के विभिन्न स्कूलों में एक अच्छे शिक्षक का दायित्व निभाया था। जिसके चलते उन्हें कई अवार्ड भी मिले थे। उनके चाहने वालों में सभी धर्म समुदाय के लोग शामिल हैं। उनकी मौत की खबर से उनके चाहने वालों में काफी मायूसी देखी गई।

मौलाना की जनाजे की नमाज में सैकड़ों लोग लोहरदगा, जिला के सिन्हा, नारी ,नावाडीह ,होनदगा ,हिसरी सलगी, सिमडेगा, भरनो, कोलेबिरा अरमय, शरीफ कोटाम फोरी, अटरिया, मलगो, चैनपुर , डुमरी, गोविंदपुर, रायडीह, बरगी दाड महुआटांड़, घाघरा कतरी आदि जगहों से भारी संख्या में मौलाना, हाफिज इमाम व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी जनाजे में शरीक हुए और उनके लिए अल्लाह से दुआ किया। मैयत में शामिल उलेमाओं ने कहा है कि मरहूम एक नेक दिल और शरीयत पर चलने वाले सुन्नी आलिम थे और मरते दम तक नमाज व रोजे का पाबंद रहे और हमेशा सुन्नत के लिए कार्य करते रहे।

इस मौके पर रांची के मुफ्ती एजाज साहब, मौलाना राशेदुल कादरी हाफिज निजामुद्दीन अंसारी हाफिज अनवर उल हक हाफिजा जियाउल हक मौलाना उस्मान पंसो मुफ्ती कासिद रजा, मौलाना अहमद मिस्बाही, हाफिज नौशाद खान, नगर परिषद उपाध्यक्ष मोहम्मद कलीम उर्फ कल्लन साहित हजारों लोग शामिल थे।

# भोगता समाज को एसटी का दर्जा देने पर समाज मोदी सरकार का ऋणी है : देवनारायण गंझू

**गुमला में खरवार भोगता समाज की बैठक में आभार रैली निकालने का निर्णय**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** खरवार भोगता समाज विकास संघ के केन्द्रीय प्रवक्ता देवनाराण गंझू ने कहा है कि लंबे संघर्ष के बाद भोगता समाज को केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने एसटी का दर्जा दिया है। भोगता समाज केन्द्र की मोदी सरकार का ऋणी है। हम इनका महासम्मेलन कर आभार व्यक्त करेंगे। रायडीह प्रखंड के जमगाई डुरुटोली में गुरुवार को आयोजित खरवार भोगता समाज की हुई बैठक में अक्टूबर माह में रांची के मोरहाबादी मैदान में होने वाले आभार रैली में गुमला से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का केन्द्रीय प्रवक्ता ने आह्वान किया। उन्होंने समाज के वर्तमान शैक्षणिक, आर्थिक,




राजनीतिक स्थिति परिस्थिति पर चर्चा करते हुए समाज के लोगों को संगठित होने और बच्चों को शिक्षित करने पर बल दिया। गुमला जिला प्रभारी अमृत खरवार, रांची जिला अध्यक्ष अमृत भोगता, रांची जिला सह सचिव प्रभाकर गंझू आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज के लोगों को संगठित और जागरूक होने की अपील की। गुमला जिला के संरक्षक मंगल सिंह ने विषय प्रवेश करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। कहा कि भोगता समाज को एसटी का दर्जा मिला उसका कारण हमारा मजबूत संगठन है। संगठित होकर ही हम अपने अधिकार को हासिल कर सकते हैं। नीलांबर पितांबर शाही भोगता के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीतू प्रधान, संचालन हीरालाल भोगता और धन्यवाद ज्ञापन भरत प्रधान ने किया। इस अवसर पर काफी संख्या में समाज के सदस्य शामिल हुए।

बैठक को सफल बनाने में शिवशंकर सिंह भोगता, विक्रम भोगता, बसंत प्रधान, समतराय प्रधान, भुवनेश्वर प्रधान आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## अवैध बालू उत्खनन का आरोपी गिरफ्तार

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कुलेंकेरी पतरा टोली गांव निवासी मुन्ना सोनी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया। इस बावत थानेदार आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि मुन्ना सोनी अवैध बालू उत्खनन, भंडारण व परिवहन के मामले में आरोपी था। सीओ अरुणिमा एक्का ने उसके विरुद्ध केस दर्ज करायी है।

## दिव्यांग छात्रों के बीच सामग्री का वितरण

**सिसई (आजाद सिपाही)।** बीआरसी भवन में गुरुवार को जिला समाज कल्याण विभाग से प्राप्त ट्राईसाईकिल, वाकर और मूक बधिर शिक्षण सामग्री को बीडीओ सुनीला खलखो ने दिव्यांग छात्रों के बीच वितरण किया। वितरण के दौरान प्रखंड प्रमुख मीणा देवी, सांसद प्रतिनिधि ने निरंजन सिंह, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जोहानी टोप्पो, शिक्षा विभाग के बीपीओ और बीआरसी के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

**विद्या विकास समिति का खेल महाकुंभ : प्रातः पांच बजे क्रॉस कंट्री रेस के साथ 33वां प्रांतीय व क्षेत्रीय खेल प्रारंभ**

# 11 स्वर्ण, 6 सिल्वर व 6 ब्रोंज, कुल 23 पदकों के साथ राजकमल धनबाद विद्यालय रहा सबसे आगे

**अतिथियों ने सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** विद्या विकास समिति द्वारा आयोजित 33वां प्रांतीय व क्षेत्रीय तरुण वर्ग झारखंड बिहार प्रतियोगिता प्रातः पांच बजे क्रॉस कंट्री रेस से प्रारंभ हुई। जो गुमला के सीलम से अल्बर्ट इक्का स्टेडियम तक हुई। इस प्रतियोगिता में संयोजक अमृत कुमार मेटे, पलामू विभाग के विभाग प्रमुख नीरज कुमार लाल, सह सचिव प्रभात कुमार दास, पूर्व छात्र परिषद के भैया तथा आचार्य सुदर्शन शर्मा उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में सीनिडिह की बहनें



प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहीं। बाघमारा तथा बसिया के भैया क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। तरुण वर्ग में कुम्हार टोली तथा सिंदरी के भैया जैवलिन में क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। सिंदरी तथा खलारी के भैया लॉन्ग जंप में क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। मुंगेर तथा बसिया के भैया शॉटपुट में प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। राजकमल धनबाद तथा बाघमारा के भैया 5000 लंबी चाल में प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे, 3000 लंबी चाल में कॉलेज लोहरदगा तथा सीनिडिह की बहनें प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहीं। लॉन्ग जंप में तरुण वर्ग के राजकमल तथा सिंदरी की बहनें प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहीं।

वहीं किशोर वर्ग में 800 मीटर की दौड़ में रायडीह तथा चतरा के भैया क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय वहीं कुदरा सिसई तथा कुम्हार टोली की बहनें प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहीं। 5000 मीटर लंबी चाल में गुमला तथा मधुपुर के भैया क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं आश्रम सिसई तथा गुमला की बहनें 3000 मीटर लंबी चाल में क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहीं। शॉट पुट में कुदलुम तथा बोकारो के भैया क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। जैवलिन में लाल मटिया तथा कैलाश राज विद्यालय के भैया क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं आश्रम सिसई तथा सीनिडिह की बहनें प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहीं। बाल वर्ग में 800 मीटर की दौड़ में राजकमल तथा मधुपुर के भैया क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। 80 मीटर बाधा दौड़ मे राजकमल तथा मधुपुर के भैया प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं गिरिडीह तथा भूली नगर की बहनें क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहीं। समाचार लिखे जाने तक प्रतियोगिता में 11 स्वर्ण 6 सिल्वर तथा 6 ब्रोंज कुल 23 पदकों के साथ राजकमल धनबाद विद्यालय सबसे आगे चल रहा है। सिसई आश्रम 5 स्वर्ण एक सिल्वर तथा दो ब्रोंज कुल आठ पदकों के साथ द्वितीय स्थान पर है। वहीं 4 स्वर्ण 1 सिल्वर तथा 2 ब्रोंज कुल 7 पदकों के साथ बाघमारा विद्यालय तृतीय स्थान पर है। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला दो स्वर्ण, एक सिलवर तथा 4 ब्रोंज के साथ कुल 7 पदक प्राप्त हुआ है।

सभी विजेता प्रतिभागियों को क्षेत्रीय सचिव नकुल शर्मा, विद्या विकास समिति के सचिव अजय कुमार तिवारी, क्षेत्रीय तथा प्रांतीय खेल प्रमुख सुरेश मंडल, गुमला विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, पलामू विभाग प्रमुख नीरज कुमार लाल, गुमला के प्रतिष्ठित व्यवसायी तथा सामाजिक कार्यकर्ता पदम साहू, संयोजक अमृत कुमार मेटे विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा तथा पूर्व छात्र परिषद के भैया मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## उपायुक्त ने बसिया प्रखंड के कुरडेग में विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण



**बसिया (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सुशांत गौरव मत्स्य विभाग गुमला द्वारा प्रखंड के कुरडेग में धनसिंह डैम के संबंध में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिये एवं मत्स्य पालन योजना का निरीक्षण किया। गुमला उपायुक्त के बसिया दौरे के संबंध में बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि उपायुक्त द्वारा कोनबीर में बन रहे इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया गया एवं उपायुक्त द्वारा संबंधित अभियंता तथा संवेदक को निर्देश दिया गया कि अविलंब कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। फलस्वरूप ग्रामीणों के द्वारा सौंपे गए ज्ञापन इंडोर स्टेडियम बसिया में बनना चाहिए के तहत सरना स्टेडियम का अवलोकन किया। वहां हाई मास्क लाइट लगाने, ओपन जिम बनाने एवं स्टेडियम में बैठने हेतु व्यवस्था करने का प्रस्ताव बनाकर उपलब्ध कराने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिये।। उपायुक्त द्वारा वापसी के क्रम में भागिडेरा के पास अवैध रूप से सामुदायिक भवन पर कब्जा जमाये व्यक्ति पर कार्रवाई करने एवं उसे खाली करवाने का निर्देश अंचल अधिकारी को दिया गया। उसके बाद उपायुक्त द्वारा एकलव्य आवासीय विद्यालय का भ्रमण कर कक्षा, हॉस्टल का निरीक्षण किया गया और बीडीओ को मुख्य भवन की पेंटिंग, पीसीसी सड़क निर्माण, कुछ जमीनों को समतलीकरण करने का प्रस्ताव एवं प्राक्कलन बनाने का निर्देश दिया गया। उक्त कार्यक्रम एवं निरीक्षण के क्रम में एसडीओ संजय पीएम कुजूर, जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग, जिला मत्स्य पदाधिकारी, बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता, सीओ रविन्द्र पांडेय, मुखिया जंसिता बागे समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने उपायुक्त से सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की लगायी गुहार

**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई भदौली के ग्रामीणों ने गुरुवार को डीसी को 87 लोगों का हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा गया है कि 1956-57 में प्रखंड सह अंचल कार्यालय बनाने के लिए 14.10 एकड़ जमीन अधिग्रहण किया गया है। अधिग्रहित जमीन के रैयतों को उस समय मुआवजा राशि का भी भुगतान भू-अर्जन से किया जा चुका है। जमीन अधिग्रहण व अधिग्रहित जमीन का मुआवजा संबंधित सारे कागजात अंचल कार्यालय में मौजूद हैं। सरकार के द्वारा अधिग्रहित जमीन का कुछ भाग वर्तमान में खाली है और उसे ब्लॉक मैदान के रूप में जाना जाता है। जहां खेलकूद, सरकारी-गैरसरकारी, राजनीतिक सहित अन्य कार्यक्रम के आयोजन पूर्व से होते आ रहे हैं। विगत 1996 से वहां दशहरा के अवसर पर रावण दहन होते आ रहा है। किंतु रैयतों के वंशजों के द्वारा उक्त मैदान को अपना बताते हुए दो-तीन माह पहले जुताई व घेराबंदी कर दी गयी है। जनता के द्वारा अवैध कब्जे को लेकर विरोध दर्ज कराने के बाद भी अंचल कार्यालय के द्वारा चुप्पी साधने से सिसई की जनता में रोष बढ़ता जा रहा है। आवेदन में डीसी से स्वयं पहल कर सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने और अवैध कब्जा करने वाले के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई गई है।

## जिले के विभिन्न विद्यालयों में विश्व हृदय दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले के बसिया पालकोट, डुमरी, भरनो प्रखंडों के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, प्लस टू उच्च विद्यालय सहित विभिन्न विद्यालयों में विश्व हृदय दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर सीएचओ अलका कुमारी ने बताया कि आज हमारे देश में हृदय रोग से होने वाली मृत्यु की दर बढ़ती जा रही है। पहले हृदय रोग 30 से 40 वर्ष उम्र के ही लोगों को होती थी परंतु आज हम जिस परिवेश में पल-बढ़ रहे हैं उसमें देखा जा रहा है कि बहुत ही कम उम्र के लड़के-लड़कियों में भी हृदय रोग जैसी बीमारी हो रही है और बहुत से किशोर-किशोरियों की मृत्यु भी हो जा रही है। अतः इसे रोकने हेतु इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सी3 इंडिया के समन्वयक प्रवीण मिश्रा एवं मनीषा के द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के तहत कस्तूरबा आवासीय विद्यालय एवं प्लस 2 उच्च विद्यालय सहित विभिन्न विद्यालयों में पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में वार्डन सबिता पन्ना, सीएचओ अलका कुमारी, +2 उच्च विद्यालय के विकाश कुमार, सी3 इंडिया के समन्वयक मनीषा श्रीवास्तव, मंजू, जानकी, सीमा, प्रवीण ने अहम भूमिका निभायी।

## सड़क बना रहे ठेकेदार की लापरवाही से आंगनबाड़ी एवं घर में पानी भरने से सामान हुआ बर्बाद

**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई बस्ती में सड़क बना रहे ठेकेदार की लापरवाही के कारण सिसई महली टोली आंगनबाड़ी भवन में गुरुवार को घुटने तक पानी भर जाने से भवन में रखे राशन, लकड़ी, दरी, वजन मशीन सहित कई कागजात भींगकर खराब हो गये। जिससे बच्चों को पढ़ाई और पौष्टिक भोजन से गुरुवार को वंचित रहना पड़ा। वहीं कमला देवी के मिट्टी के मकान के अंदर तक जल जमाव हो जाने से कई समान भींग गये। मिट्टी का दीवाल दो से ढाई फिट तक सीपेज कर भींग जाने से मकान गिरने का उन्हें डर सता रहा है। सेविका निखत परवीन, सहायिका सुनीता देवी और कमला देवी ने बताया कि नाली निर्माण के लिए ठेकेदार द्वारा कुछ दूर खुदाई कर एक महीना से छोड़ दिया गया है, जिससे बरसाती पानी का निकासी बंद हो गया है। आंगनबाड़ी व घरों के पास तालाब जैसा जलजमाव हो जाता है। कार्य देख रहे मुंशी को पानी निकासी का रास्ता बनाने के लिए कहने पर वह लड़ाई करने करने लगता है। इससे पूर्व भी दो बार आंगनबाड़ी भवन व कमला देवी के घर में पानी घुस चुका है।

## सरस्वती शिशु मंदिर डुमरी में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु मंदिर डुमरी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती एवं आगामी गांधी जयंती के उपलक्ष्य में बच्चों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक दुलार इंदवार के द्वारा सबसे पहले वंदना सभा में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके बाद बच्चों के बीच कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसमें अनेक प्रतियोगिताओं में बच्चों ने जम कर भाग लिया। प्रतियोगिता में बिस्किट रेस, जलेबी रेस, बोरा रेस, कुर्सी रेस, मैजिक रेस जैसे अनेकों खेल प्रतियोगिताएं हुईं। प्रतियोगिता में सफल बच्चों को प्रधानाध्यापक के द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर आचार्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में दुर्गा पूजा पर छात्रों ने निकाली झांकी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, मेदिनीनगर के प्रांगण में नवरात्रि के अवसर पर बच्चों द्वारा माँ दुर्गा के दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं के द्वारा माँ दुर्गा के नौ अवतारों को मनमोहक नृत्य के द्वारा प्रस्तुत किया । इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डां एके सिंह ने श्रीराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीराम ने रावण के साथ युद्ध पर जाने से पूर्व अपनी विजय की मनोकामना की पूर्ति हेतु माँ का आशीर्वाद लेने के लिए विशाल पूजा का आयोजन किया था। कहा जाता है कि श्रीराम देवी के आशीर्वाद का इन्तजार नहीं करना चाहते थे तभी से ही प्रतिवर्ष दो बार नवरात्रि का आयोजन होता है। उन्होने अपने विचारों को आगे बढ़ाते हुए कहा कि नवरात्रि हिन्दुओं का प्रमुख पर्व है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है। जिसका अर्थ होता है नौ रातें। इन नौ रातों और दश दिनो के दौरान देवी के नौ रुपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है। इस अवसर उन्होने नवरात्रि की शुभकामनाएँ सभी को दी। इस मौके पर विद्यालय के सभी अध्यापक वृन्द उपस्थित थे।

### उतरी कोयल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की तृतीय वार्षिक आमसभा संपन्न

# सरकार लोगों को गांव में ही रोजगार देने का काम कर रही : वीडी राम

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** टाउन हॉल में गुरुवार को उतरी कोयल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की तृतीय वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार लोगों को गांव में ही रोजगार देने का काम कर रही है।रोजगार के लिये लोगों को दूसरे राज्य जाने की आवश्यकता नहीं यहीं पर पशुधन,कृषि जैसे योजनाओं से लाभ लेकर आर्थिक रूप से महिलाएं सशक्त हो रहीं है।कृषि उपज का उचित मूल्य मिल रहा है




जिसके लिए सरकार कार्य कर रही है।पशुओं के लिए जो चारा का उपयोग किया जा रहा है उसे भी सरकार कम मूल्य पर दिलाने का काम कर रही है उनके द्वारा स्वयं सहायता से जुड़कर गरीबी को दूर करने की बात कही गयी ।

**ग्रामीण महिलाओं द्वारा संचालित उत्तरी कोयल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी**

ग्रामीण महिलाओं द्वारा संचालित यह कंपनी पिछले तीन वर्षों से किसानों की मदद करते आई है।इसने वित्तीय वर्ष 2021-22 में 1 करोड़ 60 लाख रुपए का व्यापार किया था जिसमें से कुल लाभ 4.58 लाख का हुआ।इस कंपनी की स्थापना जेएसएलपीएस द्वारा चलाई जा रही जोहार परियोजना के अंतर्गत किया गया था।यह किसानों को खेती और पशुपालन से जुड़ी सुविधाएं मुहैया कराती है।इस वार्षिक आमसभा में कंपनी द्वारा आपसी समझौते से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।इस कार्यक्रम में कृषि पदाधिकारी दिनेश मांझी, जेएसएलपीएस के राज्य कार्यालय से आए तपस रंजन बेहरा,विशाल भेंगरा, जेएसएलपीएस पलामू के जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## शुद्ध पेयजल से होगा शहरवासियों का स्वास्थ्य सुरक्षा : शशि कुमार



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहरी जलापूर्ति योजना के तहत जुडको व नगर पंचायत हुसैनाबाद के संयुक्त तत्वाधान में जल सुरक्षा एवम स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस दौरान जुडको के सामाजिक विशेषज्ञ रामाशीष रजक ने शहर के स्वयं सहायता के महिलाओं को जल स्वच्छता एवम स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर जागरूक किया।उन्होंने बताया कि शहरी जलापूर्ति योजना के तहत जुडको द्वारा पाइप लाइन से हुसैनाबाद शहर के करीब 6 हजार 5 सौ घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने की योजना पर तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। मौके पर नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल पहुचाना हमारा उद्देश्य है।उन्होंने कहा कि स्वच्छ जल हर व्यक्ति को उपलब्ध हो इसमें आप सबो की सहभागिता से ही शहरी जलापूर्ति योजना की सफलता की परिकल्पना साकार होगी।मौके पर नपं उपाध्यक्ष ग्यासुसुदीन सिद्दीकी ने कहा कि शहर वाशियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराकर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा देना और हर घर तक शुद्ध जल पहुंचाना है और यह लोगों की सहभागिता से ही संभव है।मौके पर मुख्य रूप से नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, नजीबुल्ला अंसारी,जुडको डीपीएम सुषमा कुमारी,पर्यावरण विशेषज्ञ प्रशांत टोप्पो,धीरज कुमार,वार्ड पार्षद अखिलेश यादव,पार्षद पति राजकुमार कश्यप समेत दर्जनों की संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद थी।

## आवास योजना को लेकर पथरा पंचायत सचिवालय में बैठक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पथरा पंचायत सचिवालय परिसर में आवास योजना को लेकर बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता मुखिया नरेश पासवान ने की। बैठक में प्रखंड आवास समन्वयक अजय कुमार ने पथरा पंचायत में अपूर्ण आवास की स्थिति को रखा। विभागीय प्रावधान से लाभुकों को अवगत कराया। बैठक में लाभुको को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि एक माह के अंदर आवास निर्माण कार्य को पूरा कर लें। अन्यथा राशि वसूली व सर्टिफिकेट केस की जाएगी।सभी लाभुक को 15 दिन तक आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।जो भी लाभुक आवास का कार्य प्रारम्भ नहीं किये है वैसे लाभुक को चिन्हित कर 1 माह मे पूर्ण करने का समय दिया गया।अगर नहीं आवास पूर्ण करने पर आवास से वंचित करते हुए राशि वसूली करने कुछ करवाई कर दिया जायेगा।मौके पर प्रखंड समन्वयक अजय कुमार ,पंचायत सचिव सूर्यदेव राम , उत्तम कुमार, ओमप्रकाश सिंह, दिनेश मेहता, रीना देवी आदि मौजूद थे।

### महापौर एवं उप महापौर ने निगम के कई योजनाओं का किया शिलान्यास

# छठ तक सभी योजनाओं को पूरा करें संवेदक : अरुणा शंकर

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर एवं उपमहापौर मंगल सिंह तथा वार्ड पार्षदों ने मिलकर गुरुवार को वार्ड नंबर4, 11, 16, 19, 21, 29, एवं 35 में लगभग दो करोड़ की योजना का शिलान्यास किया। जिसमें रोड, नाली एवं पार्क प्रमुख है। महापौर ने शिलान्यास के अवसर पर कहां कि सारे संवेदक गुणवत्ता के साथ समय से कार्य को पूर्ण करें और मोहल्ले वालों से कहां कि आप लोग कार्यों में गुणवत्ता की निगरानी करें। अगर संवेदक से कोई भी शिकायत हो तो मुझे या उपमहापौर या संबंधित पार्षद को



सूचित करें। उप महापौर मंगल सिंह ने संवेदक को कहां कि कार्य को छठ तक पूरा कर ले ताकि शहर और भी व्यवस्थित हो सके। महापौर ने कहा कि बालू के अभाव में कई कार्य अधूरे हैं। जिसमें प्रधानमंत्री आवास प्रमुख है। अंत में महापौर ने सभी निगम वासियों को दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा मैं कोशिश कर रही हूं की अपने हर वादे को पूरा करूं।

# सतबरवा से तीन क्विंटल गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सतबरवा थाना पुलिस ने बुधवार की रात चेकिंग के दौरान एक पिकअप वाहन से 3.20 क्विंटल गांजा बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस को अत्यन्त विश्वश्नीय सूत्रों से गुप्त सूचना मिली कि लातेहार के तरफ से एक सफेद रंग के 709 ट्रक जेएच 01 एयू -1774 पर भारी मात्रा में गांजा लोड कर आ रहा है। थाना प्रभारी की इस सूचना पर एसडीपीओ सदर के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन कर राष्ट्रीय मार्ग-75 थाना गेट के सामने चेकिंग लगाया गया। इस बीच पुलिस दल द्वारा एक सफेद ट्रक 709 ट्रक नंबर रोक कर तलाशी ली गई। पाया गया कि ट्रक के पूरे डाला में गुप्त बाक्स बनाया कर चार बड़े कंटेनर में 320 पैकेट करीब तीन क्विंटल 20 किलो गांजा रखा हुआ है। पुलिस ने ट्रक चालक व खलासी को गिरफ्तार कर इनके मोबाइल फोन जब्त किर लिया है। पूछताछ से पाया गया कि बरामद गांजा ओडिसा से बिहार की ओर ले जाया जा रहा था। एसपी ने बताया कि पूरा कार्य तस्करों के एक शातिर गिरोह के द्वारा किया जाता है। इसका सरगना चारमाल संबलपुर का



निवासी बैकुंठ साहू है। इसके द्वारा चालक व स्थानीय तस्कर को अगल-अलग काम दिया जाता है। गिरोह के सदस्य एक दूसरे के संपर्क में रहते है। खतरे की संभावना होने पर चालक व खलासी को भी रास्ते में बदल दिए जाते है। जिससे माल विक्रेता व क्रेता का पता एक साथ किसी के पास नही होता है। पुलिस ने गिरफ्तार चालक संबलपुर निवासी देवेंद्र सबर व खलासी मनोज सेठी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस दल पर सदर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, पुलिस निरीक्षक, पांकी अंचल अरूण कुमार महथा, सतबरवा थाना प्रभारी ऋषिकेश राय सहित पुलिस बल शामिल थे।

## पीपरा थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक




**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को पीपरा थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।इस दौरान दोनों समुदाय के लोगों ने आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने का संकल्प लिया।इसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी सूरज चैल और संचालन एसआई अभय आनंद ने किया। प्रशासन द्वारा शांतिपूर्वक संचालन के लिए हर सहयोग का आश्वासन दिया गया।बैठक में थाना प्रभारी सूरज चैल ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्धजनों से पूजा के अवसर पर आपसी भाईचारा और साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने में सहयोग का आग्रह किया। साथ ही कहा हम सभी मिल-जुल कर पर्व-त्योहार को मनाने का कार्य करें।इस मौके पर एसआई अभय आनंद, एएसआई उमेश कुमार सहित बड़ी संख्या में समिति के लोग शामिल थे।

## जहर खाने से 16 वर्षीय किशोरी की मौत

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही) ।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के अरसली गांव की रहने वाली अंजली कुमारी 16 वर्ष पिता विनोद प्रजापति की मौत जहर खाने से हो गई। जानकारी के अनुसार अंजलि कुमारी 9वी की छात्रा है और वह आगे की पढ़ाई करना चाहती थी, लेकिन उसके पिता गरीब हैं मजदूरी कर किसी तरह घर चलाते हैं जिसके कारण वे अपनी बेटी को आगे की पढ़ाई कराने में सक्षम नहीं है यही आर्थिक तंगी के कारण अंजलि ने बुधवार को जहर खा लिया जिसके बाद आनन-फानन में उसके घर वाले तुम्बागाडा नवजीवन हॉस्पिटल लेकर आए और इलाज के दौरान गुरुवार को उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पाकर सतबरवा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया है।

### संत मरियम स्कूल में हुआ शिष्य के जीवन में गुरु के महत्व पर संस्कार शाला का आयोजन

# लक्ष्य को केंद्रित करके मेहनत करें विद्यार्थी : एसपी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** बुधवार को संत मरियम स्कूल के आवासीय प्रांगण में संध्या कालीन बेला में श्शिष्य के जीवन में गुरु का महत्व विषय पर संस्कारशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि के रूप में रजवाडीह मध्य विद्यालय के प्राचार्य परशुराम तिवारी और पलामू सीएस डां जॉनएफ कैनेडी उपस्थित रहे। इस दौरान सभी अतिथियों को पुष्प वर्षा के साथ आवासीय परिसर में स्वागत किया गया। तत्पश्चात स्कूल के चेयरमैन द्वारा सभी का बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन पलामू एसपी, सीएस,परशुराम तिवारी और संत मरियम स्कूल के चैयरमैन अविनाश देव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर और भगत सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि पलामू




एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि आप सभी विद्यार्थियों को याद करने की जगह किसी तथ्य को समझने पर फोकस करना चाहिए क्योंकि तथ्य के साथ समझी हुईं बातें सदैव याद रहती है। उन्होंने कहा कि पूरे साल के सिलेबस में अंतिम माह रिवीजन को देना चाहिए शेष बचे हुए 9 महीना के टास्क को सप्ताह के हिसाब से फिर सप्ताह के टास्क को प्रत्येक दिन से बांट कर उस पर फोकस करना प्रारंभ कर देना चाहिए। अर्थात विद्यार्थी जीवन में समय प्रबंधन का बहुमूल्य योगदान है। साथ ही उन्होंने सफलता के कई टिप्स भी दिए। स्वागत भाषण में स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि अथक परिश्रम और कड़ी मेहनत की बदौलत संत मरियम बेहतर स्कूल के रूप में स्थापित हो चुका है। प्रारंभिक समय से अनेक मुश्किलों का सामना करते हुए गांव गांव जाकर हम लोग छात्रों का नामांकन कराते थे। पर मन में विश्वास जरूर था कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाएगी, हम बेहतर करने में जरूर सफल होंगे। इसी संकल्प,मन में विश्वास,बेहतर उम्मीद के साथ सभी शिक्षकों के सामूहिक प्रयास से हमने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बरकरार रखा और परिणाम आज संत मरियम स्कूल शहर के सर्वोच्च शिखर पर विद्यमान है। रजवाडीह मध्य विद्यालय के प्राचार्य परशुराम तिवारी ने कहा कि जिस विद्यालय को अविनाश का निर्देशन प्राप्त हो जहां आदर्श स्थापित हो उस स्कूल का उत्कर्ष होने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने शिक्षकों और छात्रों को अध्ययन सम्बन्धित अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिया। डां जॉन एफ कैनेडी ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों में भी अपना सर्वोच्च प्रदर्शन करने पर विशेष बल देना चाहिए क्योंकि बदलते हुए समय के साथ आज विभिन्न विधाएं में कैरियर के ढेर सारे ऑप्शन है। इस मौके पर प्राचार्य कुमार आदर्श, श्याम सर, आंनद सर, सुधांशु सर, राहुल सर समेत सभी लोग उपस्थित थे ।


## मुखिया और मुखिया पति पर अभद्र व्यवहार करने का लगाया आरोप

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा प्रखंड क्षेत्र के तेंदुई पंचायत मुखिया उषा देवी और उनके पति अरविंद कुमार सिंह पर ग्रामीण के साथ अभद्र व्यवहार कर गाली गलौज व मारपीट करने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में भुक्तभोगी अम्बाझरना गांव निवासी विश्वकर्मा युवा समाज के पीपरा प्रखण्ड अध्यक्ष बीरेंद्र विश्वकर्मा ने गुरुवार को बताया कि सुक्ष्म सिंचाई प्रणाली के फार्म पर हस्ताक्षर कराने 27 सितंबर को गए थे।इस दौरान मुखिया ने यह कहते हुए फार्म पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया कि तुम हमें वोट नहीं दिया था। तुम्हें जहां जाना है वहां जाओ लोहार समाज का नेता बन गया है, किंतु फार्म पर साइन नहीं करेंगे। वही भुक्तभोगी ने जब कहा कि आप पूरे पंचायत की जनता के मुखिया हैं, हस्ताक्षर क्यों नहीं कीजिएगा। यह सुनकर वे गाली गलौज करते हुए मुखिया पति अरविन्द सिंह मार पिट करने पर उतारू हो गए। इस संबन्ध में भुक्तभोगी ने 27 सितंबर को इसकी लिखित शिकायत पीपरा बीडीओ अनीता केरकेट्टा व डीडीसी पलामू से करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। पूछे जाने पर बीडीओ अनीता केरकेट्टा ने कहा कि इस सम्बन्ध में ग्रामीण ने शिकायती अभ्यावेदन दिया है। मामले की जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी। उधर बीडीओ द्वारा स्पष्टीकरण पूछे जाने पर मुखिया उषा देवी ने उक्त आरोप को निराधार बताया है। उनका कहना था कि बीरेंद्र विश्वकर्मा जिस कार्य के लिए फॉर्म पर हस्ताक्षर कराना चाहते थे। उसमें उनका वंशावली गलत अंकित था। जबकि जमीन का ब्यौरा भी नियमानुकूल नहीं था। जिस वजह से वगैर जांच के फार्म पर हस्ताक्षर करना अनुचित था। साथ ही मुखिया ने बीडीओ द्वारा बिना जांच किए स्पष्टीकरण मांगे जाने पर न्यालय से गुहार लगाने की बात कही है।

## यूथ मोबलाइजेशन कैंप का हुआ आयोजन लड़कियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही) ।** हैदरनगर प्रखंड परिसर में गुरुवार को मोबिलाइजेशन कैंप सह कौशल मेला का आयोजन किया गया।विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ दिप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में राज्य से आए पीआरआई के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।जिसमें सिलाई मशीन, ऑपरेटर, आईटी कंप्यूटर, सॉफ्ट स्किल इंग्लिश के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई।बताया गया कि प्रशिक्षण के बाद शत प्रतिशत नौकरी की गारंटी, सरकार द्वारा स्वीकृति प्रमाण पत्र,मुफ्त प्रशिक्षण, मुफ्त आवास एवं भोजन,मुफ्त किताबें, मुफ्त यूनिफॉर्म का लाभ दिया जाएगा।तीन महीने का प्रशिक्षण कराया जाएगा।कार्यक्रम में मुख्य भूमिका जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक भूपेश कुमार की रही।कैंप में युवक-युवतियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया एवं ट्रेनिंग सेंटर जाने की सहमति जताई। इस कैंप के प्रखंड क्षेत्र की खासकर युवतियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि ग्रामीणों को स्वरोजगार प्राप्त करने के लिए बढ़-चढ़कर इस योजना से जुड़ने की आवश्यकता है।कहा कि हैदरनगर की महिलाएं काफी जागरूक हैं। स्वरोजगार से जुड़ने की इनमें ललक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस योजना का लाभ उठाने के लिए सभी बढ़चढ़ आगे आएंगे। कहा कि इस तरह के कैंप के आयोजन से बेरोजगार युवाओं को काफी लाभ मिलता है। कैंप के माध्यम से रोजगार से जुड़कर अच्छी आमदनी कर सकते हैं।इस कार्यक्रम में बीडीओ धीरज कुमार ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि अजित सिंह, मुखिया संघ के अध्यक्ष संतोष सिंह, थाना प्रभारी अजित कुमार मुंडा, वीरेंद्र सिंह, विमलेश सिंह, संजय सिंह, श्यामबिहारी मेहता,अनूप सिंह, सज्जू खान आदि विशेष रूप से मौजूद थे।




# टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हुए जसप्रीत बुमराह:पीठ की चोट के कारण नहीं खेलेंगे, मोहम्मद शमी को मिल सकता है मौका

**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप से पहले बड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण वर्ल्ड कप नहीं खेलेंगे। वो पूरे टूनार्मेंट से बाहर हो गए हैं। उन्हें ठीक होने में 4 से 6 महीने लगेंगे। बुधवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए पहले टी-20 में भी वो टीम का हिस्सा नहीं थे। उन्होंने अभ्यास सत्र के दौरान पीठ दर्द की शिकायत की थी। जिसके बाद मेडिकल टीम के




कहने पर उन्हें पहले टी-20 मैच से बाहर किया गया था। इसी चोट के कारण उन्होंने एशिया कप भी नहीं खेला था।

## वर्ल्ड कप में कितना बड़ा घाटा

टी-20 वर्ल्डकप के लिए टीम के ऐलान के बाद से ही टीम इंडिया की टेंशन लगातार बढ़ रही है। पहले रवींद्र जडेजा चोट की वजह से वर्ल्डकप से बाहर हुए और उन्हें स्क्वॉड में शामिल नहीं किया गया, फिर दीपक हुड्डा को भी हाल ही में चोट लग गई, जिसकी वजह से वह साउथ अफ्रीका के खिलाफ ही टी-20 सीरीज से बाहर हो गए। अब जसप्रीत बुमराह के न होने से वर्ल्ड कप में भारत की परेशानी और बढ़ने वाली है। टीम एशिया कप से ही डेथ ओवर में बहुत खराब बॉलिंग कर रही है। टीम के अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार 18वें और 19वें ओवर में बहुत महंगे साबित हो रहे हैं। ऐसे में उम्मीद थी कि बुमराह के आने से टीम की ये समस्या खत्म होगी, लेकिन चोट के कारण यह स्टार खिलाड़ी टूनार्मेंट से ही बाहर हो गया।

## शमी को मिल सकता है मौका

बुमराह की जगह अब टीम इंडिया में मोहम्मद शमी को मौका मिल सकता है। वो टी-20 वर्ल्ड कप के रिजर्व खिलाड़ियों में हैं। इस साल क्द्धछ में इस खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को फाइनल तक पहुंचाया था और जीत भी दिलाई थी। ऑस्ट्रेलिया की पिच सीम और बाउंस होती है। ऐसे में शमी वहां अच्छी गेंदबाजी कर सकते हैं।

## रेहला थाना में हुई शांति समिति की बैठक



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** दशहरा पर्व को लेकर रेहला थाना में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी नेमधारी रजक व संचालन प्रो.नंदलाल शुक्ला ने किया। बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ प्रसांत कुमार हेमब्रम मौजूद थे। बैठक में दोनो समुदाय के लोगो ने दशहरा पर्व को आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने कहा कि मिलजुलकर त्यौहार मनाने से उसका महत्व और भी बढ़ जाता है। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने कहा कि पर्व के दौरान पुलिस गस्त बढाई जायेगी। असमाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। उन्होंने कोई भी सूचना पुलिस के साथ साझा करने का अपील किया। बैठक में कांग्रेसी नेता विजय कुमार चौबे,जिला पार्षद विजय रविदास,सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,मुखिया राधा कृष्ण साव,ज्वाला गुप्ता,एनामुल हक गुड्डू,बीरेंद्र चौबे उर्फ बिल्लू बाबा,चंचल शुक्ला,नाजमुदीन नूरी,सुमित कुमार,नरेंद्र राम गुड्डू,मखीरन तिवारी,संजय मेहता,दिनेश शुक्ला,आलोक शुक्ला,विकास शुक्ला,ब्रजराज चौबे,मुंशी प्रसाद गुप्ता,कृष्ण मुरारी सिंह,विवेक शुक्ला,संतोष गुप्ता,अमरेस तिवारी सहित दोनो समुदाय के लोग काफी संख्या में मोजूद थे।

## सड़क हादसे में घायल दो युवकों की इलाज के दौरान मौत

चास (आजाद सिपाही)। चास थाना क्षेत्र के प्रतापपुर साइड क्षेत्र में स्कूटी-बाइक की टक्कर में घायल दो युवकों की इलाज के दौरान मौत हो गई। उनकी पहचान मोहम्मद शीश काजी और महादेव महतो के रूप में हुई है। मोहम्मद शीश चंदनकियारी नवडीहा का रहने वाला था, जबकि महादेव सियालजोरी का निवासी था। घटना बुधवार को योधाडीह से चंदनकियारी जाने वाली सड़क में प्रतापपुर साइड के पास घटी। मामले में चास पुलिस ने गुरुवार को अलग-अलग फर्द बयान के आधार पर दो प्राथमिकी दर्ज की है। पहला प्राथमिकी मोहम्मद शेखाउल्लाह काजी के फर्द बयान पर दर्ज किया गया है. जिसमें बाइक चालक (मृतक) को आरोपी बनाया गया है। दूसरी ओर, सियालजोरी निवासी रोहन महतो के फर्द बयान पर चास पुलिस ने दूसरा प्राथमिकी दर्ज किया है। जिसमें स्कूटी चालक मृतक को आरोपी बनाया गया है। सूचक का आरोप है कि उनका पुत्र महादेव बाइक से घर लौट रहा था। तभी तेजी रफ्तार में जा रहे स्कूटी चालक ने धक्का मार दिया। गंभीर रूप से घायल महादेव को अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

**नाराजगी : स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण सिंह ने लिया धनबाद के स्वास्थ्य विभाग का जायजा**

# स्वास्थ्य व्यवस्था देख बिफरे अपर मुख्य सचिव, सिविल सर्जन को लगायी फटकार

## डीपीएम को गुटखा खाते देख हुए आग बबूला, दिया बर्खास्त करने का निर्देश

**कहा : तुम्हें नींद कैसे आती है? केवल नसीहत देने के लिए हो?**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने गुरुवार को धनबाद की स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जिले के सिविल सर्जन को जमकर फटकार लगाई। सदर अस्पताल की व्यवस्था देख अपर मुख्य सचिव बेहद नाराज हो गए।

व्यवस्था में लापरवाही देख उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम गौतम कुमार सिंह और भवन प्रमंडल विभाग के इंजीनियर को मौके पर ही शोकॉज किया है। डीपीएम को उन्होंने बर्खास्त करने का आदेश भी दे दिया है। निरीक्षण के दौरान सचिव के साथ जिले के डीसी संदीप सिंह भी थे।



अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव अरूण सिंह व अन्य।

### विभिन्न वार्ड का लिया जायजा

सचिव ने सदर अस्पताल के विभिन्न वार्ड का जायजा लिया। उन्होंने पूछा कि सदर अस्पताल में जब 25 डॉक्टर सेवा दे रहे हैं। 100 से ज्यादा कर्मचारी कार्यरत हैं। अस्पताल में संसाधन परिपूर्ण हैं, इसके बावजूद इंडोर में मरीज भर्ती क्यों नहीं हो रहे। अधिकारियों के पास कोई जवाब नहीं था। सदर अस्पताल के बाद अपर मुख्य सचिव निरीक्षण के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचे। खबर लिखे जाने तक विभिन्न वार्ड का जायजा ले रहे हैं।

### बेकार हो रहे बेड व अन्य उपकरण, अपर मुख्य सचिव ने अपनी मोबाइल से खींची तस्वीरें

सदर अस्पताल में कोरोना संक्रमण काल के दौरान खरीदे गए सामान और उपकरण की मौजूदा व्यवस्था देख कर सचिव काफी नाराज हुए। उन्होंने वार्ड में जाकर अपने मोबाइल से तस्वीरें खींची। सिविल सर्जन डॉक्टर आलोक विश्वकर्मा पर बिफरते हुए कहा कि इतनी अव्यवस्था के बावजूद तुम खाना कैसे खाते हो। तुम्हें नींद कैसे आती है? यहां केवल नसीहत देने के लिए हो? सिविल सर्जन समेत सदर अस्पताल के नोडल प्रभारी डॉक्टर राजकुमार सिंह को भी उन्होंने फटकार लगाई। इस दौरान अस्पताल की कार्ययोजना को लेकर मुख्य सचिव जानकारी मांगते रहे। लगभग 20 मिनट की देरी से डीपीएम गौतम कुमार सिंह अपर मुख्य सचिव के सामने पहुंचे। उन्हें हवाई चप्पल और गुटखा चबाते देख अपर मुख्य सचिव ने मौके पर ही शोकॉज किया और बर्खास्त करने का निर्देश दे दिया। इसके बाद अपन मुख्य सचिव ने भवन प्रमंडल विभाग के जूनियर इंजीनियर, अस्पताल में पीएसी प्लांट लगाने वाले एजेंसी के प्रतिनिधि को भी शोकॉज किया। मोबाइल से तस्वीरें भी लीं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### गोमिया विधायक ने शिक्षा मंत्री से आकलन परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाने का किया आग्रह



कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)। गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो से बोकारो जिला अंतर्गत सहायक अध्यापकों के आकलन परीक्षा में ऑनलाइन इंट्री नहीं होने की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। उनसे आग्रह किया कि तकनीकी कठिनाइयों को अविलंब दूर किया जाय। ऐसा नहीं होता है तो आकलन परीक्षा की अंतिम तिथि बढ़ाया जाना श्रेयस्कर रहेगा। उन्होंने शिक्षा मंत्री को इस बात से अवगत कराया कि झारखंड राज्य परियोजना निदेशक के (17 जून 22) अनुसार झारखंड के सभी सहायक अध्यापको संप्रति पारा शिक्षकों के शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक योग्यता के सत्यापन के उपरांत आकलन परीक्षा होना है, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन कर आकलन परीक्षा में भाग लेना अनिवार्य है। पर विभाग के वेबसाइट में कुछ तकनीकी गड़बड़ी के होने के कारण जब भी शिक्षक अपना टीचर आईडी डालते हैं तो वह एरर दिखाता है। जिससे शिक्षकों को आकलन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने में कठिनाइ हो रही है।

### धनघरी के विस्थापितों ने सीएम से लगायी न्याय की गुहार, कहा हम अतिक्रमणकारी नहीं विस्थापित हैं

रांची (आजाद सिपाही)। बोकारो जिला के धनघरी के विस्थापितों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से न्याय की गुहार लगाई है। मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय सचिव सगीर अंसारी के नेतृत्व में विस्थापित सीएम से मिलने पहुंचे थे। लेकिन व्यस्त रहने के कारण सीएम से उन्हें समय नहीं मिला। जिसके बाद विस्थापितों ने मुख्यमंत्री सचिवालय में एक आवेदन देकर मिलने का समय मांगा है। विस्थापितों ने बताया कि बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक हमारे घरों को उजाड़ दिया गया। मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, तो जल्दबाजी में पुलिस प्रशासन और रेल प्रशासन ने ऐसी कार्रवाई क्यों की। हमें विश्वास था कि न्यायालय से न्याय मिलता, लेकिन मामले को रफादफा करने के लिए पुलिस प्रशासन ने बलपूर्वक करवाई की। न हमें मुवाजा मिला और न ही पुनर्वास। हद तो है की हमें अपने घरों से सामानों को भी हटाने का मौका नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि हम अतिक्रमणकारी नहीं विस्थापित हैं। उन्होंने बताया कि हम विस्थापित मुख्यमंत्री से मुलाकात कर दोषी पुलिस और रेल प्रशासन के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करेंगें। गौरतलब हो कि बोकारो जिला के धनघरी रेलवे लाईन के किनारे बसे 16 परिवारों के आशियाने पर लाईन दोहरीकरण के नाम पर रेलवे और पुलिस प्रशासन ने बुलडोजर चलाने की कार्रवाई रविवार को की है। बतातें चलें कि गुरुवार को मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मो सगीर अंसारी के नेतृत्व में एक टीम ने धनघरी का दौरा किया और लोगों से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली। सगीर अंसारी ने बताया कि उजाड़े गए लोग रैय्यत हैं और यहां बरसों से रह रहे हैं। वह अतिक्रमणकरी नहीं विस्थापित हैं।

## लोदना क्षेत्रीय कार्यालय में राजभाषा पखवाड़ा पुरस्कार समारोह का आयोजन



झरिया (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल लोदना क्षेत्रीय कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में गुरुवार को राजभाषा पखवाड़ा का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें 32 प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिलीप कुमार भगत, संचालन नागेन्द्र कुमार व धन्यवाद ज्ञापन विश्वनाथ धीबर ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ लोदना के महाप्रबंधक अपूर्व कुमार दत्ता ने कवि रामधारी सिंह दिनकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक प्रशासन रामानुज प्रसाद, डॉ संजय मिश्रा, डॉ स्वेता मिश्रा, पायल कुमारी, तरकेस्वर रजक, निर्मल कुमार राणा आदि मौजूद थे। हिंदी शिक्षक विनोद शर्मा व नागेंद्र कुमार राजभाषआ प्रभारी को शॉल ओढ़ाकर पुस्तक भेंट करते हुए सम्मनित किया गया। साथ ही क्षेत्रीय प्रबंधक प्रशासन, परियोजना पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। बतातें चलें कि 14 सितंबर से आयोजित पखवाड़े में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 अधिकारी/कर्मचारी को पुरस्कार दिया। इसमें प्रथम पुरस्कार दो प्रतिभागी को 2500-2500 रुपये , द्वितीय पुरस्कार दो प्रतिभागी को 2000-2000 रुपये , तृतीय पुरस्कार प्रतिभागी को 1500-1500 और प्रोत्साहन पुरस्कार दो प्रतिभागी 400-400 रुपये दिये गए। वहीं, वर्षभर हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 अधिकारी/कर्मचारी को 1000 रुपये दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने में किशोर कुमार, राकेश कुमार, देवेंद्र कुमार, कुणाल ने अहम भूमिका निभाई।

## मारपीट व गोलीकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

धनबाद (आजाद सिपाही)। वर्ष 2020 में बीसीसीएल के सुदामडीह न्यू माइंस में हुई मारपीट व गोलीकांड के मुख्य आरोपी सुद्दु सिंह उर्फ भूटन सिंह को सुदामडीह व पाथरडीह पुलिस ने संयुक्त रूप से छापामारी कर गुरुवार को चासनाला केके गेट के समीप से गिरफ्तार कर लिया। भूटन सिंह लंबे समय से फरार चल रहा था। उस पर कोर्ट से वारंट निर्गत था। पूर्व में भी पुलिस ने कई बार छापामारी की थी। लेकिन वह बच निकला था। इसकी गिरफ्तारी से पुलिस ने राहत की सांस ली है। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

# दिव्यांग बच्चे हमारे समाज के ही अभिन्न अंग हैं, इन्हें प्यार व सहयोग दें : पूर्णिमा

**झरिया रिसोर्स सेंटर में दिव्यांग बच्चों के बीच सहायक समाग्री वितरण शिविर का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** दिव्यांग बच्चे भी हमारी समाज का ही अभिन्न अंग है। इन्हें प्रेम और सहयोग की आवश्यकता है। झरिया में दिव्यांग बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। झरिया रिसोर्स सेंटर को विकसित किया जाएगा। रिसोर्स सेंटर से जुड़कर बच्चों के पुनर्वास में सहयोग करें। योजनाओं का लाभ उठाने के लिए समाज के लोगों में जागरूकता जरूरी है। सरकार की ओर से अब डीएमएफटी फंड से दिव्यांग जनों के लिए कृत्रिम अंग प्रदान किये जायेंगे। उक्त बातें झरिया विधायक सह सचेतक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कही। वे गुरुवार को समावेशी शिक्षा के तहत बीआरसी प्रांगण स्थित झरिया रिसोर्स सेंटर में आयोजित दिव्यांग बच्चों के बीच सहायक समाग्री वितरण शिविर को संबोधित कर रही थीं।

### 69 दिव्यांग बच्चों के बीच सामग्री वितरित

समावेशी शिक्षा के झरिया रिसोर्स सेंटर के तत्वावधान में बीआरसी के प्रांगण में झरिया प्रखंड के तीन से 18 वर्ष के दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक सामग्री वितरण शिविर का आयोजन किया गया था। डिसमें अतिथियों को रुद्राक्ष का पौधा देकर सम्मानित किया गया।



### दिव्यांग बच्चों को शिक्षा से जुड़ने के लिए प्रेरित करने की जरूरत है : सीओ

वहीं, विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के हाथों 21 दिव्यांग बच्चों को व्हीलचेयर, आठ को ट्राईसायकिल, 22 बच्चों को हियरिंग ऐड, 18 बच्चों को मिश्क किट सहित अन्य सहायक सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन फिजियोथेरेपिस्ट डॉ मंनोज सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन रिसोर्स टीचर अखलाक अहमद ने किया। वहीं, विशिष्ट अतिथि सीओ प्रमेश कुशवाहा ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षा से जुड़ने के लिए प्रेरित करने की जरूरत है। जिन्हें पेंशन नहीं मिल रहा उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। वितरण शिविर में बीइइओ लक्ष्मी वर्मा, बीपीओ सुनील सिंह, श्यामा कांत झा, डॉ मंनोज सिंह, अखलाक अहमद, विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, वार्ड संख्या 44 के पार्षद प्रतिनिधि विक्रमा सिंह यादव, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप आडवाणी, पूर्व पार्षद अनूप साव, अरुण साव, राकेश पासवान, राजन श्रीवास्तव, अरविंद यादव, रत्नेश यादव मीर अफरोज आदि उपस्थित थे ।

### महिला समिति ने आयोजित किया नवरात्रि उत्सव

बोकारो (आजाद सिपाही)। महिला समिति की ओर से बोकारो क्लब परिसर में नवरात्रि उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारी, उपाध्यक्षगण एवं अन्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थी। सदस्यों ने नवरात्री उत्सव में मां दुर्गा की अराधना श्रद्धा और उत्साह के साथ की। साथ ही नृत्य एवं डांडिया का भी आयोजित हुआ।

**हथियार के बल पर देते हैं अवैध तस्करी को अंजाम**

# 50 टन अवैध कोयला जब्त

**झरिया-केंदुआ मार्ग बना अपराधियों की शरणस्थली**

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** जिला पुलिस प्रशासन के लाख प्रयासों के बावजूद कोयला तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला झरिया के सिंहनगर भूली क्वार्टर 2 नंबर के समीप का है। जहां से पुलिस ने छापामारी कर झाड़ियों के बीच बोरे में छिपाकर रखे गए लगभग 50 टन अवैध कोयला जब्त किया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। धंधेबाजों को चिन्हित कर कार्रवाई करने की बात कही है।

सूचना के अनुसार झरिया पुलिस को गुरुवार की सुबह गुप्त सूचना मिली कि झरिया-केंदुआ मुख्य मार्ग स्थित सिंह नगर के निजी कंपनी के रिकवरी यार्ड के समीप झाड़ियों में भारी मात्रा में बोरे में बंद अवैध कोयले की तस्करी की तैयारी है। वाहन यार्ड के पीछे झाड़ियों में जगह-जगह कोयले को छिपा कर रखा गया था। करीब 250 बोरा में कोयला भरकर जमीन में गड्ढा बनाकर कोयले को छिपाकर रखा गया है। स्थानीय लोगों की मानें तो कुछ दिनों से अवैध धंधेबाज क्षेत्र में सक्रिय थे। कोलियरी क्षेत्रों से बीएनआर रेलवे साइडिंग चलने वाले कोयला ट्रांसपोर्टिंग वाहन से रात में अवैध धंधेबाज के गुर्गे हाईवा वाहन को हथियार के बल पर रोककर जबरन कोयला उतार लेते थे। जिसे यार्ड के पीछे जमा कर ट्रक के माध्यम से अवैध भट्ठा में भेजते थे। पुलिस ने जब्त कोयले को बीसीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया है। वहीं, छापामारी में झरिया थाना एसआई आर यादव दल बल के साथ उपस्थित थे। हालांकि कोयला का अवैध धंधा करने वाले लोगों के नाम का खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है। पुलिस जांच में जुटी है।



पुलिस की छापामारी में जब्त अवैध कोयला।

### तस्करों को चिह्नित करने की कोशिश जारी : इंस्पेक्टर

इस बाबत पूछेजाने पर झरिया इंस्पेक्टर पंकज कुमार झा ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई की गई है। अवैध धंधे में संलिप्त तस्करों को चिन्हित करने की कोशिश की जा रही है। क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार बर्दास्त नहीं करेंगें।

# अवैध खनन पर रोक लगाने को विभिन्न जगहों पर होगा चेक पोस्ट निर्माण: अनंत



**अवैध खनन में पकड़े गए व्यक्ति का नाम के आधार पर होगा एफआइआर : सतिशचंद्र**

आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली/बेरमो।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र अंतर्गत करगली गेस्ट हाउस में गुरुवार को खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। जिसमें बेरमो एसडीएम अनंत कुमार सिंह, डीएसपी सतिशचंद्र झा, सीसीएल ढोरी, बीएंडके व कथारा के जीएम-अधिकारी और सीआइएसएफ के कमांडेंट समेत अन्य अधिकारी व थाना के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सीसीएल के तीनों क्षेत्र के जीएम अपनी-अपनी बातें रखी। इस दौरान सभी थाना प्रभारियों को खनन संबंधी रोक लगाने का निर्देश दिया गया। सीसीएल ढोरी के जीएम मनोज कुमार अग्रवाल द्वारा रैयतों के जमीन के बदले मुआवजा और नौकरी के लिए वंशावली के सत्यापन से संबंधित बातें रखी। इस पर बेरमो सीओ मनोज कुमार द्वारा रैयतों का वंशावली शपथ पत्र के माध्यम से ग्राम सभा की अध्यक्षता में कार्रवाई कर सत्यापन करने की बात कही गई। वहीं, डीएसपी ने अवैध खनन में पकड़े गए व्यक्ति का नाम के आधार पर एफआइआर करने का निर्देश दिया गया। जबकि एसडीएम ने विभिन्न स्थानों पर अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए चेक पोस्ट निर्माण करने का निर्णय लिया। एसडीएम ने कहा कि आज की बैठक में जो अवैध रूप से माइनिंग चलाया जा रहा है। कोयले, खनिज, बालू इत्यादि का अवैध तरीके से ट्रांसपोर्टिंग हो रही है। इसके रोकथाम के लिए बैठक में विस्तृत रूप से चर्चा की गई।


झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, हजारीबाग
पी०टी०सी० ग्राउण्ड के दक्षिण, हजारीबाग – 825301 फैक्स/फोन – 06546-222474
E-mail :- nhdivisionhazaribagh@gmail.com / eenhhazari-jhr@nic.in

शुद्धि पत्र

Old PR No. – 267099 Road (21-22).D

इस कार्यालय की निविदा Tender Reference Number – NH/HAZARIBAGH/2022-23/02 (Construction of bypass around Chatra town on NH-22 Old NH-99 in the state of Jharkhand under EPC Mode), Tender ID – 2022_MoRTH_699473_1 से website https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर प्रकाशित निविदा के Online availability एवं Date of opening को बढ़ाया जाता है एवं उसके लिए NIT एवं RFP को निम्न रूप से संशोधित किया जाता है:–

| Name of Column | Previous | Corrected |
|---|---|---|
| Application/Bid Due date | 08.10.2022 upto 17.00 Hours Through website: https://eprocure.gov.in/eprocure/ app only | 03.01.2023 upto 17.00 Hours Through website: https://eprocure.gov.in/eprocure/ app only |
| Last date of Submission of Online Challan and others documents in original | 13.10.2022 upto Time 12.30 Hours Office of the Chief Engineer, National Highway Wing, Jharkhand, Ranchi Engineer's Hostel-II, Golchakkar, Dhurwa, Ranchi-834004 | 06.01.2023 upto Time 12.30 Hours Office of the Chief Engineer, National Highway Wing, Jharkhand, Ranchi Engineer's Hostel-II, Golchakkar, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| Time & date of opening | 13.10.2022 at Time 15:00 Hours | 06.01.2023 at Time 15:00 Hours |

अन्य सभी सूचनाएँ एवं शर्त्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
रा०उ० पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 278952 (Road) 22-23 (D)



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01 वर्ष 2022–23

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा। |
| 2 | परिमाण विपत्र विक्री की तिथि | दिनांक 17.10.2022 को कार्यालय अवधि में। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 18.10.2022 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 18.10.2022 को 03.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | परिमाण विपत्र की विक्री की स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०2 ,धुर्वा, झारखण्ड, राँची । 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०2 ,धुर्वा, झारखण्ड, राँची 2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता ,पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |

7. कार्य की विवरणी :–

| क्र० सं० | अंचल का नाम | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपय में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | | | पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत DVC चौक से कोरियाडीह पथ में 500 मी0 में RCC नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2022–23। | 3000000.00 | 60000.00 | 5000.00 | 03(तीन) माह। |
| 2 | हजारीबाग | कोडरमा | पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत डोरंडा–शंख–भेड्रो पटना पथ में साधारण मरम्मति कार्य वित्तीय वर्ष 2022–23। | 5000000.00 | 100000.00 | 5000.00 | 03(तीन) माह। |
| 3 | | | पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत डोरंडा–शंख–भेड्रो पटना पथ में कि0मी0 12.700 में 500 मीटर में गार्डवाल निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2022–23। | 5000000.00 | 100000.00 | 5000.00 | 02(दो) माह। |
| 4 | | | पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत पातालडीह–देवरी –गॉवा–सतगॉवा पथ कि0मी0 5.00 में 250 मी0 RCC नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2022–23। | 1800000.00 | 36000.00 | 5000.00 | 02(दो) माह। |
| 5 | | | पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत खोरी–महुआ–सरिया पथ में फुल गैन्ट्री निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2022–23। | 1700000.00 | 34000.00 | 5000.00 | 01(एक) माह। |
| 6 | | | पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत कोडरमा–जमुआ पथ में पटना मोड़ के पास फुल गैन्ट्री निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2022–23। | 1700000.00 | 34000.00 | 5000.00 | 01(एक) माह। |

➢ निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।
1. प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है।
2. कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग का निबन्धन प्रमाण पत्र, GSTiN, UCAN से संबंधित प्रमाण–पत्र की सुस्पष्ट प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
3. PWD कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि०पथ प्रमण्डल कोडरमा

PR 278912 Road (22-23)_D

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 30 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com
12

**अधिकार : अबॉर्शन पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला**

# जबरन संबंध बनाने से पत्नी प्रेग्नेंट हो गयी, तो उसे गर्भपात का हक

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गर्भपात पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया। अदालत ने सभी महिलाओं को गर्भपात का अधिकार दे दिया, फिर चाहें वो विवाहित हों या अविवाहित। कोर्ट ने कहा कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट के तहत 22 से 24 हफ्ते तक गर्भपात का हक सभी को है। बेंच की अगुआई कर रहे जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि ये दकियानूसी धारणा है कि सिर्फ शादीशुदा महिलाएं ही सेक्शुअली एक्टिव रहती हैं। अबॉर्शन के अधिकार में महिला के विवाहित या अविवाहित होने से फर्क नहीं पड़ता।

कोर्ट ने कहा कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट में मैरिटल रेप को शामिल किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि अगर जबरन सेक्स की वजह से पत्नी गर्भवती होती है तो उसे सेफ और लीगल अबॉर्शन का हक है।




विवाहित महिला भी सेक्शुअल असॉल्ट और रेप सर्वाइवर्स के दायरे में आती है। रेप की सामान्य परिभाषा यह है कि किसी महिला के साथ उसकी सहमति के बिना या इच्छा के खिलाफ संबंध बनाया जाए। भले ही ऐसा मामला वैवाहिक बंधन के दौरान हुआ हो। एक महिला पति के द्वारा बनाए गए बिना सहमति के यौन संबंधों के चलते गर्भवती हो सकती है। अंतरंग साथी की हिंसा एक वास्तविकता है और यह रेप में भी तब्दील हो सकती है... अगर हम इसे नहीं पहचानते हैं तो ये लापरवाही होगी। अजनबी ही विशेष तौर पर या खास मौकों पर यौन और लिंग आधारित हिंसा के लिए जिम्मेदार होते हैं, यह गलत और अफसोसनाक धारणा है। परिवार के लिहाज से देखा जाये तो महिलाएं सभी तरह की यौन हिंसा के अनुभवों से गुजरती हैं। ये लंबे समय से हो रहा है।

रेप की परिभाषा में मेरिटल रेप को शामिल किए जाने की एकमात्र वजह टळढ एक्ट यानी मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी है। इसके कोई और मायने निकाले जाने पर एक महिला बच्चे को जन्म देने और ऐसे पार्टनर के साथ उसे पालने को मजबूर होगी, जिसने महिला को मानसिक और शारीरिक यातना दी है। हम यहां यह साफ करना चाहते हैं कि टळढ के तहत अबॉर्शन कराने के लिए महिला को यह साबित करने की जरूरत नहीं है कि उसका रेप हुआ है या सेक्शुअल असॉल्ट हुआ है।

**23 अगस्त को फैसला सुरक्षित रखा था :** अदालत ने कहा- मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट की धारा 3 (2) (बी) किसी महिला को 20-24 सप्ताह के बाद गर्भपात कराने की अनुमति देती है। इसलिए केवल विवाहित महिलाओं को अनुमति और अविवाहित महिला को न देना संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन होगा। जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस ए.एस. बोपन्ना और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने 23 अगस्त को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# केआइआइटी डीयू के चांसलर के रूप में अशोक परिजा ने पदभार ग्रहण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के वरिष्ठ अधिवक्ता और महाधिवक्ता अशोक कुमार पारिजा गुरुवार को केआइआइटी डीम्ड विश्वविद्यालय के नये कुलाधिपति के रूप में शामिल हुए हैं। श्री पारिजा ने अपना कार्यकाल पूरा होने के बाद प्रोफेसर वेद प्रकाश से कार्यालय का कार्यभार संभाला। डॉ अच्युता सामंत, संस्थापक, केआइआइटी और केआइएसएस ने प्रो एसके आचार्य, प्रो-चांसलर, केआइआइटी -डीयू की उपस्थिति में उनका स्वागत किया। मौके पर प्रो सस्मिता सामंत, कुलपति; प्रो दीपक बेहरा, वीसी, किस डीयू, प्रो सरनजीत सिंह, प्रो-वीसी, डॉ सीबीके मोहंती, प्रो-वीसी, प्रो ज्ञान रंजन मोहंती, रजिस्ट्रार मौजूद थे। 10 अगस्त को कुलाधिपति प्रो वेद प्रकाश का कार्यकाल पूरा होने के बाद केआइआइटी प्राधिकरण ने श्री पारिजा को कुलाधिपति पद के लिए चुना। अशोक कुमार पारिजा देश के सबसे सम्मानित



अधिवक्ताओं में से हैं, जिनकी 38 वर्षों में लंबी विशिष्ट सेवा है। उन्हें 2003 में उड़ीसा के उच्च न्यायालय द्वारा एक वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया था और 2019 में ओडिशा सरकार द्वारा महाधिवक्ता के रूप में नियुक्त किया गया था।


पूर्व मध्य रेल

**ई. निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्र.सं. 1, ई. निविदा सं० पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–56–22–23 एकल पैकेट सिस्टम, कार्य का नाम :** उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/1 और उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/2, हजारीबाग के अधिन हजारीबाग कार्यलय, अधिकारी विश्रामगृह हजारीबाग, अधिकारी विश्रामगृह टोरी तथा निरीक्षक विश्रामगृह का रख रखाव का कार्य। **अंकलित मूल्य (रू०) :** 83,76,515.07, **बोली प्रतिभूति (रू०) :** 1,67,500.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 18 महीने।

**क्र.सं. 2, ई. निविदा सं० पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–57–22–23 एकल पैकेट सिस्टम, कार्य का नाम :** जरंगडीह से दनीया दोहरीकरण रेल परियोजना के अन्तर्गत बोकारों थर्मल (यार्ड छोड़कर) से गोमिया (यार्ड को छोड़कर) के बीच ट्रैक का रख रखाव सहित विविध कार्य तथा अन्य सहायक कार्य। **अंकलित मूल्य (रू०) :** 52,41,119.62, **बोली प्रतिभूति (रू०) :** 1,04,800.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 18.10.2022 15:00 बजे। ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**द्रष्टव्य :** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले मे अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याषित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण, महेन्द्रूघाट, पटना**
**पीआर/1148/सीओएनएस/ईएनजीजी/टी/22–23/56**







# वाल्टेयर डिवीजन का हिस्सा विजयवाड़ा डिवीजनों के साथ मिलाया जायेगा

## दक्षिण तट रेलवे की स्थापना पर विश्लेषण

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** दक्षिण तट रेलवे (एससीओआर) जोन में मौजूदा गुंटकल, गुंटूर और विजयवाड़ा डिवीजन शामिल होंगे और वाल्टेयर डिवीजन का हिस्सा विजयवाड़ा डिवीजनों के साथ मिलाया जायेगा। वाल्टेयर के शेष हिस्से को पूर्व तट रेलवे (इसीओआर) के तहत रायगडा में मुख्यालय के साथ एक नया मंडल बनाया जायेगा। दक्षिण मध्य रेलवे में मौजूदा हैदराबाद, सिकंदराबाद और नांदेड़ मंडल शामिल होंगे। विशाखापत्तनम में अपने मुख्यालय के साथ नये रेलवे जोन के गठन के मुद्दे पर, यह आपके ध्यान में लाया जाता है कि नये रेलवे जोन की स्थापना के लिए सरकार की निर्देश मिलने के बाद इसकी स्थापना की मंजूरी मिलेगी। दक्षिण तट रेलवे एससीओआर, विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) को विशाखापत्तनम में तैनात किया गया था और न्यू जोन के गठन के लिए योजना और प्रारंभिक कार्य करने का निर्देश दिया गया था। नये क्षेत्र की स्थापना के लिए ओएसडी/एससीओआर द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रस्तुत की गयी है, जो वर्तमान में समीक्षाधीन है। एससीओआर अंचल मुख्यालय कार्यालय परिसर के निर्माण के लिए भूमि की पहचान की गयी है। प्रक्रिया को फास्ट-ट्रैक करने के लिए, रेलवे को भूमि सर्वेक्षण, एससीओआर / मुख्यालय कार्यालय परिसर, आवासीय कॉलोनियों और अन्य निर्माण पूर्वापेक्षाओं की पूर्ण लेआउट योजना तैयार करने जैसी प्रारंभिक गतिविधियों के लिए उपयुक्त कार्य करने का भी निर्देश दिया गया है। हाल ही में, आर्किटेक्ट द्वारा रेलवे की जांच के लिए एससीओआर जोनल मुख्यालय के लिए पर्यवेक्षण योजना प्रस्तुत की गयी है।

## कार में 6 एयरबैग जरूरी करने का फैसला टला, अब 1 अक्टूबर 2023 से लागू होगा नियम

**नयी दिल्ली।** सरकार ने 8 सीट तक वाली एम1 कैटेगरी की कारों में 6 एयरबैग जरूरी करने के फैसले को एक साल के लिए टाल दिया है। यह फैसला 1 अक्टूबर 2022 से लागू होना था, लेकिन अब 1 अक्टूबर 2023 से लागू होगा। ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि ऑटो इंडस्ट्री फिलहाल ग्लोबल सप्लाई चेन से जुड़ी दिक्कतों का सामना कर रही है, इसी को ध्यान में रखते हुए इसे टाला गया है। गडकरी ने कार में 6 एयरबैग्स देने की योजना पर पिछले साल से ही काम करना शुरू कर दिया था। इससे पहले मंत्रालय ने 1 जुलाई 2019 से ड्राइवर एयरबैग और 1 जनवरी 2022 से फ्रंट पैसेंजर एयरबैग को मैंडेटरी किया था। ऑटो एक्सपर्ट्स के मुताबिक एंट्री लेवल मॉडल में 6 एयरबैग से कार की कीमत करीब 30,000 रुपये बढ़ सकती है। पिछली सीट के पैसेंजर्स के लिए 4 एयरबैग्स जोड़ने में 8,000 से 9,000 रुपये का खर्च आ सकता है।

# मनसाडीह में लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने किया सांसद खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन मनसाडीह में पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि वह पूरी निष्ठा सेवा भाव से राजधनवार की जनता की सेवा कर रहे हैं।




इस दौरान मंडल अध्यक्ष सह हेमरोडीह मुखिया राजेंद्र यादव, संजय साव, उदय सिंह ज़िला परिषद प्रतिनिधि, युवा प्रदेश सदस्य भाजपा उपेंद्र सिंह, इंजीनियर राहुल सिंह, नकुल राय, सांसद प्रतिनिधि अनुमंडल अशोक राय, बीरेंद्र राम, इंद्रदेव राय आदि उपस्थित रहे। मैच मंडल घोड़थंबा करगाली पंचायत बनाम श्रीरामडीह और फाइनल में घोड़थंबा करगाली को विजयी घोषित किया गया।



























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**